सूर्योदय 5:18 सूर्यास्त 7:22

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 15.8 न्यू | 26.0 अधि |
| धर्मशाला | 17.6 न्यू | 32.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 74,346 |
| निफ्टी | 23,405 |
| सोना | 1,55,000 |
| चांदी | 2,61,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | वीरवार, 4 जून 2026 | 21 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 156, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

MODGIL DIAGNOSTIC LAB 24 घंटे सेवा
Sample Collection Service From Home
KANGRA (TANDA) CHAMBA PAPROLA
MODGIL DIAGNOSTIC LAB
CHAMBA, (Near Pt. JLN Govt. Medical College)
Contact No.: 01899-350129
62305-18484, 70189-50289
Email: modgildiagnosticlabchamba@gmail.com

## न्यूज शॉर्ट्स

### मणिपुर में हथियारों का बड़ा जखीरा बरामद

**एजेंसी, इम्फाल।** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने अलग-अलग अभियानों में बड़ी सफलता हासिल करते हुए भारी मात्रा में हथियार व विस्फोटक बरामद किए हैं, जबकि प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों के दो कैडरों को गिरफ्तार किया गया है। मणिपुर पुलिस द्वारा बुधवार को जारी सूचना के अनुसार सुरक्षा बलों ने मंगलवार को थौबल जिले के यारिपोक थाना क्षेत्र स्थित पेची चिंगलाक इलाके की पहाड़ी तलहटी में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान एक एके राइफल, एक डबल बैरल बंदूक, दो सिंगल बैरल बंदूकें, तीन 36 एचई हैंड ग्रेनेड, एक चीनी हैंड ग्रेनेड, चार डेटोनेटर, विभिन्न मैगजीन, 25 जिंदा एके कारतूस, सात 12 बोर कारतूस तथा एक बाओफेंग रेडियो हैंडसेट और चार्जर सहित बड़ी मात्रा में हथियार एवं गोला-बारूद बरामद किया गया। (अनंत ज्ञान)

### बलोचिस्तान में पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने 17 विद्रोही मारे

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** बलोचिस्तान की राजधानी क्वेटा में 24 मई को लिंक ट्रेन पर हुए आत्मघाती हमले के बाद पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने विद्रोहियों के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा सैन्य अभियान शुरू किया है। इस कार्रवाई में 17 विद्रोही मारे गए हैं। पिछले 24 घंटों से शक के आधार पर लोगों को घरों से बलपूर्वक उठाया जा रहा है। यह दावा द बलोचिस्तान पोस्ट की रिपोर्ट में किया गया है। मगर पाकिस्तान की सेना की जनसंपर्क शाखा इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने मारे गए विद्रोहियों को आतंकवादी करार दिया है। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार आईएसपीआर ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि बलोचिस्तान के मस्तुंग, नुश्की, ज़हरी, खुज़दार और केच में खुफिया आधारित सैन्य अभियान में 17 आतंकी मारे गए। (अनंत ज्ञान)

### खान सर के कोचिंग सेंटर पर हमला मामले में तीन गिरफ्तार

**एजेंसी, पटना।** बिहार की राजधानी पटना में चर्चित शिक्षक खान सर की कोचिंग पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में ज्ञान बिंदु कोचिंग के संचालक रोशन आनंद तथा उनके दो सहयोगी अभिषेक और गौरव शामिल हैं। पुलिस तीनों से लगातार पूछताछ कर रही है और मामले की गहन जांच जारी है। पुलिस के अनुसार, जांच के दौरान मिले महत्वपूर्ण सुरागों व उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर ज्ञान बिंदु कोचिंग के डायरेक्टर रोशन आनंद तथा उनके दोनों सहयोगियों को हिरासत में लिया गया था। बाद में पूछताछ और साक्ष्यों की पुष्टि होने के बाद तीनों को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया। (अनंत ज्ञान)

### मधुबनी : जेसीबी से खोदे गए गड्ढे में डूबने से पांच बच्चे मरे

**एजेंसी, मधुबनी।** बिहार के मधुबनी जिले के केरवार गांव में बुधवार को दर्दनाक हादसे में पांच बच्चों की डूबने से मौत हो गई। सात बच्चे गांव के पास जेसीबी से खोदे गए पानी भरे गहरे गड्ढे में नहाने गए थे, जहां वे गहराई का अंदाजा न लगा सके और डूब गए। ग्रामीणों ने सभी बच्चों को बाहर निकाला, लेकिन पांच की जान नहीं बच सकी। मृतकों में तीन लड़कियां और दो लड़के शामिल हैं। दो अन्य बच्चों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। प्रशासन ने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। (अनंत ज्ञान)

# दिल्ली में छह मंजिला होटल में लगी आग, 21 लोगों की मौत

## बांग्लादेश-अफ्रीकी देशों के 17 नागरिक शामिल, बिल्डिंग की नहीं थी फायर एनओसी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



दिल्ली के मालवीय नगर के फ्लरिश स्टे होटल में बुधवार को आग लगने से 21 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 17 विदेशी नागरिक हैं, जो बांग्लादेश और अफ्रीकी देशों के हैं। दिल्ली फायर सर्विस और स्थानीय लोगों के मुताबिक, मालवीय नगर में मौजूद इस होटल के रेस्टोरेंट में सुबह 8.50 बजे आग लगी। आग ऊपरी मंजिलों पर बने कमरों और बेसमेंट तक पहुंच गई। चीफ फायर ऑफिसर अभिलाष मलिक ने कहा कि फायर टीम ने यहां से 37 लोगों को बाहर निकाला। बिल्डिंग की फायर एनओसी नहीं थी और होटल में 25 कमरे हैं।

वहीं, हादसे के वीडियो में कुछ लोग जान बचाने के लिए जलती हुई इमारत की तीसरी-चौथी मंजिल से कूदते नजर आ रहे हैं। इन्हें बचाने के लिए स्थानीय लोगों ने जमीन पर गद्दे भी बिछाए थे।

बेसमेंट से भी 6 से ज्यादा लोगों को निकाला गया। 40 लोगों का रेस्क्यू किया गया है। कई लोगों की हालत गंभीर है। आग लगने की वजह का अब तक पता नहीं चल पाया है। पिछले 6 महीनों में दिल्ली में आग की अलग-अलग घटनाओं में 66 लोगों की मौत हो चुकी है।

आग 6 मंजिला इमारत के ग्राउंड फ्लोर पर बने बीएनबी रेस्टोरेंट में लगी। कुछ देर बाद होटल में ऊपर की तरफ फैल गई। यह होटल दिल्ली के प्रेस एन्क्लेव रोड पर है। यहीं पर मैक्स हॉस्पिटल और एम्स भी है। बताया जा रहा है कि इन अस्पतालों में इलाज कराने आने वालों के परिजन भी इस होटल में रुका करते थे। दिल्ली पुलिस ने कहा कि होटल का मालिक लोकेश बजाज है और होटल को तीन पार्टनर चलाते थे। इनके बारे में कहा जा रहा है कि ये लोग दिल्ली में कई होटल और गेस्ट हाउस के मालिक हैं। पुलिस और दूसरी जांच एजेंसियां मालिकाना हक, ऑपरेशन और फायर सेफ्टी स्टैंडर्ड के पालन की जांच कर रही हैं। (अनंत ज्ञान)

# चार नगर निगमों में महापौर का पद पांच साल के लिए रहेगा अनारक्षित

अनंत ज्ञान

- सरकार ने जारी की अधिसूचना
- सोलन, पालमपुर, मंडी और धर्मशाला में सभी पार्षदों के लिए खुली महापौर की राह



**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने नगर निगम चुनावों के बाद महापौर पदों के आरक्षण को लेकर लंबे समय से चल रही अटकलों पर विराम लगा दिया है। शहरी विकास विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार प्रदेश के चारों नगर निगमों सोलन, पालमपुर, मंडी और धर्मशाला में महापौर का पद आगामी पांच वर्षों के लिए अनारक्षित रहेगा। इस फैसले के साथ ही महापौर पद की दौड़ में शामिल सभी निर्वाचित पार्षदों के लिए रास्ता खुल गया है और राजनीतिक गतिविधियां भी तेज हो गई हैं।

जानकारी के अनुसार नगर निगम चुनावों के परिणाम घोषित होने के बाद से ही राजनीतिक दलों और निर्वाचित पार्षदों की निगाहें महापौर पद के आरक्षण रोस्टर पर टिकी हुई थीं। प्रदेश के 63 वार्डों में नए पार्षद चुने जाने के बाद विभिन्न दल अपने-अपने संभावित उम्मीदवारों को लेकर रणनीति बनाने में जुटे थे, लेकिन आरक्षण रोस्टर जारी न होने के कारण स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रही थी। अब सरकार की अधिसूचना के बाद महापौर चुनाव को लेकर तस्वीर पूरी तरह साफ हो गई है।

बताया जा रहा है कि शहरी विकास विभाग ने आरक्षण संबंधी प्रस्ताव तैयार कर विधि विभाग को भेजा था। विधिक प्रक्रिया पूरी होने और आवश्यक औपचारिकताओं के बाद फाइल को अंतिम मंजूरी प्रदान की गई। इसके उपरांत बुधवार को विभाग की ओर से आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी गई। इससे नगर निगमों में नई कार्यकारिणी के गठन और नेतृत्व चयन की प्रक्रिया को गति मिलेगी।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि महापौर पद अनारक्षित रहने से नगर निगमों में राजनीतिक समीकरण और अधिक रोचक हो सकते हैं। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दल अब अपने समर्थित उम्मीदवारों को महापौर पद तक पहुंचाने के लिए सक्रिय हो गए हैं। कई नगर निगमों में किसी एक दल को स्पष्ट बहुमत न मिलने की स्थिति में निर्दलीय पार्षदों की भूमिका भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

**महापौर वह उपमहापौर को लेकर बढ़ी राजनीतिक सरगर्मियां**

**अधिसूचना** जारी होने के बाद अब चारों नगर निगमों में महापौर व उपमहापौर पदों के लिए जोड़-तोड़, बैठकों और रणनीतिक चर्चाओं का दौर तेज होने की संभावना है। राजनीतिक दल अपने-अपने खेमों को एकजुट रखने के प्रयासों में जुट गए हैं। ऐसे में आने वाले दिनों में नगर निगमों के भीतर नेतृत्व को लेकर होने वाली गतिविधियां प्रदेश की राजनीति का नया केंद्र बन सकती हैं।

# हिमाचल एंट्री टैक्स के विरोध में निहंगों ने वसूला 'खालसा राज टैक्स'

अनंत ज्ञान



वाहनों से एंटी टैक्स वसूल करते पंजाब के लोग।

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा बाहरी राज्यों के व्यावसायिक वाहनों पर लगाए गए एंट्री टैक्स का विवाद अब अंतरराज्यीय तनाव का रूप लेने लगा है। पंजाब के ट्रांसपोर्टरों और संगठनों के विरोध के बीच अब मामला सीमा पर प्रतीकात्मक प्रदर्शन तक पहुंच गया है।

बुधवार को पंजाब-हिमाचल सीमा के गरामोड़ा क्षेत्र में निहंग संगठनों ने 'खालसा एंट्री टैक्स नाका' स्थापित कर हिमाचल नंबर की गाड़ियों से प्रतीकात्मक वसूली शुरू की। हालांकि, वसूली स्वैच्छिक रही और कई वाहन बिना भुगतान के भी आगे बढ़े। यह विवाद तब शुरू हुआ जब हिमाचल सरकार ने एंट्री टैक्स में बढ़ोतरी की, जिसे बाद में घटाकर 100 रुपए किया गया, लेकिन पंजाब के संगठन इसे पूरी तरह खत्म करने की मांग पर अड़े रहे।

इससे पहले 2 जून को पंजाब में प्रदर्शनकारियों ने ऊना के मेहतपुर और कीरतपुर-मनाली फोरलेन पर जाम लगाकर विरोध दर्ज कराया था और चेतावनी दी थी कि यदि टैक्स वापस नहीं लिया गया तो जवाबी कार्रवाई होगी। निहंग संगठनों का कहना है कि वसूली से प्राप्त राशि सामाजिक कार्यों में खर्च की जाएगी और यह कदम विरोध स्वरूप उठाया गया है। उधर, बिलासपुर के पुलिस अधीक्षक संदीप धवल ने बताया कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा और किसी प्रकार की कानून-व्यवस्था की समस्या नहीं हुई। पुलिस पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है और क्षेत्र में शांति बनी हुई है।

# डीके शिवकुमार बने कर्नाटक के सीएम

**एजेंसी, बेंगलुरु।** डीके शिवकुमार ने बुधवार को बेंगलुरु के लोक भवन में कर्नाटक के 24वें मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इस दौरान वे हाथ में संविधान रखे हुए थे। उन्हें 30 मई को कांग्रेस विधायक दल का नेता चुना गया था। जी परमेश्वर ने नए डिप्टी चीफ मिनिस्टर पद की शपथ ली। इनके अलावा 12 अन्य विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। इनमें पूर्व सीएम सिद्धारमैया के एमएलसी बेटे यतींद्र सिद्धारमैया भी शामिल हैं। शिवकुमार, सिद्धारमैया की जगह राज्य की कमान संभालेंगे। सिद्धारमैया ने 28 मई को सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। शपथ ग्रहण समारोह में राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे के अलावा केरल, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना के कांग्रेस मुख्यमंत्री और अन्य कांग्रेस नेता शामिल हुए।



- जी परमेश्वर उपमुख्यमंत्री बने सिद्धारमैया के बेटे समेत 12 विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ

# हिमाचल हाईकोर्ट को मिले 3 नए जज

अनंत ज्ञान



न्यायाधीश पद के लिए अनुशंसित न्यायिक अधिकारी चिराग भानु सिंह, भूपेश शर्मा और योगेश जसवाल।


- सुप्रीमकोर्ट कॉलेजियम ने की चिराग भानु सिंह, भूपेश शर्मा व योगेश जसवाल की नियुक्ति

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय को जल्द ही तीन नए न्यायाधीश मिलने जा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने वरिष्ठ न्यायिक अधिकारियों चिराग भानु सिंह, भूपेश शर्मा और योगेश जसवाल को उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिशों को मंजूरी दे दी है। कॉलेजियम की बैठक में लिए गए इस निर्णय से प्रदेश की न्यायिक व्यवस्था को मजबूती मिलेगी और लंबे समय से रिक्त पड़े पदों को भरने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। अब इन नामों को केंद्र सरकार के माध्यम से राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा, जहां से नियुक्ति वारंट जारी होने के बाद तीनों अधिकारी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे।

जानकारी के अनुसार इन नियुक्तियों में चिराग भानु सिंह का नाम विशेष रूप से चर्चा में रहा है। दरअसल, हिमाचल प्रदेश में न्यायिक नियुक्तियों को लेकर चली कानूनी प्रक्रिया और विवाद के बाद यह निर्णय सामने आया है। वर्ष 2024 में सर्वोच्च न्यायालय ने हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय कॉलेजियम के एक फैसले को निरस्त करते हुए संबंधित मामलों पर पुनर्विचार के निर्देश दिए थे। इसके बाद हुई प्रक्रिया के तहत कॉलेजियम ने अब तीनों अधिकारियों के नामों को मंजूरी प्रदान की है। वर्तमान में भूपेश शर्मा हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय में रजिस्ट्रार जनरल के पद पर कार्यरत हैं, जबकि योगेश जसवाल सिरमौर जिले के जिला एवं सत्र न्यायाधीश हैं। तीनों अधिकारियों की नियुक्ति से उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की उपलब्धता बढ़ेगी।

# हिम केयर योजना के लंबित भुगतानों के लिए 100 करोड़ रुपए जारी : सीएम सुक्खू

अनंत ज्ञान



- कहा-लाभार्थियों को मिलेगी निर्बाध स्वास्थ्य सुविधा

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश सरकार ने हिम केयर योजना के तहत अस्पतालों के लंबित भुगतानों के निपटारे के लिए 100 करोड़ रुपए जारी कर दिए हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस बाबत कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य प्रदेश के प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना और यह सुनिश्चित करना है कि उपचार के दौरान किसी भी नागरिक को आर्थिक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

उन्होंने कहा कि यह राशि जारी होने से योजना के तहत लाभार्थियों को समय पर और निर्बाध चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वस्थ नागरिक किसी भी समृद्ध प्रदेश की सबसे बड़ी ताकत होते हैं। इसी सोच के साथ राज्य सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत बनाने और जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हिम केयर योजना ने हजारों परिवारों को महंगे उपचार का खर्च उठाने से राहत दी है और सरकार इस योजना को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का प्रयास है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक हिम केयर योजना का लाभ पहुंचे और किसी भी जरूरतमंद को उपचार से वंचित न रहना पड़े। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक सुलभ एवं प्रभावी बनाकर प्रदेश के नागरिकों को स्वस्थ, सशक्त और समृद्ध बनाने के लक्ष्य को तेजी से हासिल किया जाएगा।

# कुवैत एयरपोर्ट पर ड्रोन हमले में भारतीय की मौत

**एजेंसी, तेल अवीव/तेहरान।** कुवैत इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ईरानी ड्रोन हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई, जबकि 63 लोग घायल हैं। इनमें कई लोगों की हालत गंभीर है। कुवैत स्थित भारतीय दूतावास ने इस घटना पर शोक जताया है। कुवैत के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, कई लोगों को सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद 25 एंबुलेंस मौके पर भेजी गईं और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। हमले से एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 को भारी नुकसान पहुंचा। इसके बाद सुरक्षा के मद्देनजर कुछ समय के लिए एयरपोर्ट ट्रैफिक रोक दिया गया। इससे पहले अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड ने बताया था कि ईरान ने कुवैत में मौजूद अमेरिकी सैनिकों पर फिर ड्रोन हमले किए। हालांकि, सारे हमले नाकाम हो गए। (अनंत ज्ञान)

# तिब्बती धर्मगुरु दलाईलामा को मिला ग्रैमी अवार्ड

अनंत ज्ञान



दलाईलामा को ग्रैमी अवार्ड भेंट करते शास्त्रीय संगीतकार अमजद अली खान अपने परिवार के साथ। अनंत ज्ञान

- उस्ताद अमजद अली खान ने मुलाकात कर किया भेंट

**ब्यूरो, धर्मशाला।** तिब्बती धर्मगुरु दलाईलामा को ग्रैमी अवार्ड से सम्मानित किया गया है। उस्ताद अमजद अली खान ने बुधवार को परिवार सहित धर्मगुरु दलाईलामा से भेंट कर उन्हें अवार्ड भेंट किया। उस्ताद अमजद अली खान भारत के सबसे प्रतिष्ठित और महान सरोद वादकों में से एक हैं। हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने में उनकी बहुत बड़ी भूमिका रही है। उस्ताद अमजद अली खान देश के प्रतिष्ठित शास्त्रीय संगीतकारों में शामिल हैं और उन्हें वर्ष 1991 में भारत सरकार द्वारा पद्मभूषण सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है।

उस्ताद अमजद ने कहा कि दलाईलामा को ग्रैमी अवॉर्ड मिलना विश्व स्तर पर एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि अवॉर्ड प्राप्त करने के बाद धर्मगुरु काफी प्रसन्न दिखाई दिखे। इस अवसर पर उन्होंने दलाईलामा का आशीर्वाद भी लिया। उन्होंने कहा कि उनका और दलाईलामा रिश्ता चार दशक पुराना है। उन्होंने बताया कि धर्मगुरु के 80वें जन्मदिवस पर उन्होंने दिल्ली में विशेष प्रस्तुति भी दी थी। उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि सहनशीलता और धैर्य जीवन की सबसे बड़ी कुंजी हैं। इस अवसर पर अमजद अली खान के पुत्र अयान अली बंगश और अमान अली बंगश भी मौजूद रहे। दोनों ने कहा कि दलाई लामा से मिलना उनके लिए यादगार अनुभव रहा।

उन्होंने बताया कि धर्मगुरु का आशीर्वाद प्राप्त कर उन्हें अत्यंत खुशी हुई और अवॉर्ड ग्रहण करते समय दलाई लामा के चेहरे पर विशेष प्रसन्नता देखने को मिली।

# हिमाचल में 7 जून तक खराब रहेगा मौसम

## चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला में येलो अलर्ट जारी

अनंत ज्ञान



फाइल फोटो

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में अगले पांच दिनों तक मौसम खराब रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने 7 जून तक राज्य में बारिश, गरज-चमक और तेज हवाओं का पूर्वानुमान जारी किया है। तीन जून को चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। इन क्षेत्रों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना है।

चार जून को मौसम और अधिक खराब रहने का अनुमान है, जब लाहौल-स्पीति और किन्नौर को छोड़कर अधिकांश जिलों में गरज-चमक, अंधड़ और भारी बारिश हो सकती है। 5 जून को चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, शिमला और सिरमौर में खराब मौसम जारी रह सकता है।

मौसम विभाग के अनुसार 6 जून को चंबा, कांगड़ा और कुल्लू में गरज-चमक और तेज हवाओं का असर बना रहेगा, जबकि किन्नौर और लाहौल-स्पीति में 3 से 7 जून तक तेज हवाएं चलने की संभावना है। बारिश के चलते अगले कुछ दिनों में तापमान में गिरावट आने की भी आशंका जताई गई है। विभाग ने लोगों को खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने और खुले स्थानों से दूर रहने की सलाह दी है।

**संकट**

## अल नीनो का असर, केंद्र सरकार ने राज्यों को तैयार रहने के दिए निर्देश

# भारत समेत दुनियाभर में 3 महीने तक सूखे की आशंका

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के बाद अब विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्लयूएमओ) ने भी वैश्विक जलवायु को लेकर चेतावनी जारी की है। संयुक्त राष्ट्र की इस मौसम एजेंसी के अनुसार, प्रशांत महासागर में समुद्री जल के तेजी से गर्म होने के कारण जून से अगस्त के बीच अल नीनो बनने की 80 प्रतिशत संभावना है।

रिपोर्ट के मुताबिक, नवंबर तक इसके 90 प्रतिशत या उससे अधिक बने रहने की आशंका है और यह आगे और भी मजबूत हो सकता है। इसके प्रभाव से भारत समेत दुनिया के कई हिस्सों में सूखा, बाढ़, समुद्री और स्थलीय हीटवेव जैसी चरम मौसमी घटनाएं देखने को मिल सकती हैं। केंद्र सरकार के कृषि मंत्रालय ने राज्यों और संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिए हैं कि संभावित कम मानसून और अल नीनो की स्थिति को देखते हुए जिलास्तर पर आपदा प्रबंधन योजना लागू की जाए। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि किसानों तक समय पर जानकारी पहुंचाने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म और कॉल सेंटर सेवाओं को और मजबूत किया जाए। (अनंत ज्ञान)

### अल नीनो?

**प्रशांत** महासागर के भू-मध्यरेखीय क्षेत्र में जब व्यापारिक हवाएं कमजोर पड़ जाती हैं, तो दक्षिण अमेरिकी तट के पास समुद्री जल असामान्य रूप से गर्म होने लगता है। इसी स्थिति को अल नीनो कहा जाता है। यह वैश्विक वायुमंडलीय पैटर्न को प्रभावित कर मौसम में बड़े बदलाव लाता है, जिससे कई क्षेत्रों में सूखा और बाढ़ जैसी स्थितियां उत्पन्न हो जाती हैं।

### अल नीनो के असर को कम कर सकते हैं दो मौसमीय सिस्टम

**डब्ल्यूएमओ** के अनुसार, अल नीनो की मौजूदगी के बावजूद भारत में सामान्य या बेहतर मानसून संभव है। इंडियन ओशन डायपोल (आईओडी) और मैडेन-जूलियन ऑस्सिलेशन (एमजेओ) सक्रिय रहने पर बारिश को मजबूती मिल सकती है। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि इन दोनों प्रणालियों की सक्रियता मानसून की मजबूती तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

# किसानी-बागवानी पर खाद का संकट

## डीएपी-एनपीके की किल्लत ने बढ़ाई मुश्किलें, शिमला सहित कई जिलों में गोदाम खाली

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में खरीफ सीजन की दस्तक के साथ ही रासायनिक खाद का गंभीर संकट किसानों व बागवानों के लिए नई परेशानी बनकर उभरा है। राज्य के अधिकांश सहकारी भंडारों और खाद वितरण केंद्रों में डीएपी, एनपीके तथा 12-32-16 जैसी प्रमुख उर्वरक खादों का स्टॉक या तो पूरी तरह समाप्त हो चुका है या फिर मांग के मुकाबले बेहद कम मात्रा में उपलब्ध है।

ऐसे में मक्की, सब्जियों और बागवानी फसलों की तैयारियों में जुटे किसानों को खाद के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। कई स्थानों पर किसान लगातार गोदामों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, प्रदेश की अर्थव्यवस्था में बागवानी की अहम भी भूमिका है, लिहाजा, जिला शिमला इसका सबसे बड़ा केंद्र माना जाता है। सेब, नाशपाती, चेरी व अन्य फलदार फसलों की अच्छी पैदावार के लिए इस समय उर्वरकों की आवश्यकता सबसे अधिक रहती है।



◆ **मक्की, सेब और सब्जी उत्पादकों पर दोहरी मार**

◆ **महंगी खाद के बाद अब उपलब्धता का भी संकट**

ऐसे में खाद की कमी ने बागवानों की चिंता बढ़ा दी है। पहले ही मौसम की अनिश्चितता, बढ़ती उत्पादन लागत और श्रमिकों की कमी जैसी चुनौतियों का सामना कर रहे बागवान अब खाद संकट के कारण अपनी बागवानी योजनाओं को लेकर असमंजस में हैं। खाद की बढ़ती कीमतों ने भी किसानों और बागवानों की कमर तोड़ दी है।

हाल ही में डीएपी और एनपीके उर्वरकों के दाम बढ़ने से उत्पादन लागत में इजाफा हुआ था और अब उपलब्धता की समस्या ने हालात को और गंभीर बना दिया है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय पर खाद उपलब्ध नहीं हुई तो इसका सीधा असर खरीफ फसलों की बिजाई और आगामी बागवानी सीजन की उत्पादकता पर पड़ सकता है। इससे किसानों की आय प्रभावित होने के साथ-साथ प्रदेश की कृषि और बागवानी अर्थव्यवस्था पर भी असर पड़ने की आशंका है।

### अंतरराष्ट्रीय संकट बना बड़ी वजह

**विशेषज्ञों** के अनुसार वर्तमान खाद संकट के पीछे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियां प्रमुख कारण हैं। भारत डीएपी और जटिल उर्वरकों के निर्माण के लिए आवश्यक फॉस्फोरिक एसिड, रॉक फॉस्फेट और पोटाश का बड़ा हिस्सा विदेशों से आयात करता है। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, समुद्री परिवहन लागत में वृद्धि और कई देशों द्वारा लगाए गए निर्यात प्रतिबंधों के कारण कच्चे माल की आपूर्ति प्रभावित हुई है। इसका सीधा असर देश में उर्वरकों के उत्पादन और वितरण पर पड़ा है। इफको प्रबंधन का कहना है कि नई खेप की मांग भेजी गई है और उपलब्धता के अनुसार ही खाद का वितरण किया जाएगा।

# समर फेस्ट में 250 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता डालेंगी महानाटी

## मदर्स अगेंस्ट एब्यूज एंड एडिक्शन थीम पर 9 जून को होगा कार्यक्रम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** अंतरराष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव-2026 के दौरान नशे के खिलाफ जन-जागरूकता का एक अनूठा अभियान देखने को मिलेगा। जिला प्रशासन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 9 जून को पुलिस सहायता कक्ष के समीप 'एमएए (मदर्स अगेंस्ट एब्यूज एंड एडिक्शन)' विषय पर विशेष थीम आधारित महानाटी का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 3 बजे से सायं 5 बजे तक चलने वाले इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न आईसीडीएस खंडों से लगभग 250 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं भाग लेंगी।

उपायुक्त एवं अंतरराष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव समिति के अध्यक्ष अनुपम कश्यप ने बताया कि कार्यक्रम का मूल संदेश 'मां की ममता, समाज की शक्ति' है। महानाटी के माध्यम से माताओं की उस अहम भूमिका को रेखांकित किया जाएगा, जो नशामुक्त समाज के निर्माण, पारिवारिक मूल्यों की मजबूती और बच्चों के सुरक्षित भविष्य की नींव रखने में महत्वपूर्ण है। आयोजन के दौरान नशे के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण का संदेश भी दिया जाएगा।





### नशे और हिंसा के विरुद्ध उठाई जाएगी आवाज

**इस** विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुति में माताओं का यह संकल्प प्रदर्शित होगा कि वे नशे और हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाते हुए अपने परिवार और समाज को स्वस्थ, सुरक्षित और सकारात्मक दिशा प्रदान करेंगी। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूहों, विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों तथा बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी रहेगी। साथ ही आमजन को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और महिला हेल्पलाइन 181 की सेवाओं की जानकारी भी दी जाएगी, ताकि जरूरतमंदों तक सहायता समय पर पहुंच सके। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से इस जन-जागरूकता कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाकर नशामुक्त एवं सुरक्षित समाज के निर्माण में सहयोग देने का आह्वान किया है।

# कटोलू पुल के पास सतलुज में तैरता मिला अज्ञात शव

अनंत ज्ञान

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** पुलिस उपमंडल रामपुर के अंतर्गत थाना झाकड़ी में बुधवार को प्रातः ज्यूरी में कटोलू पुल के पास सतलुज नदी में एक अज्ञात व्यक्ति का शव तैरता हुआ मिलने की सूचना मिली। सूचना पर प्रभारी व अन्य मुलाज़िम मौके पर पहुंच गए। नदी के बीच स्थित होने के कारण शव को तट पर निकालना संभव न होने पर तुरंत एनडीआरएफ को बुलाया गया। एनडीआर एफ और स्थानीय दल की संयुक्त कार्रवाई से शव को सुरक्षित रूप से नदी से बाहर निकाला गया। प्रारम्भिक निरीक्षण में मृतक लगभग 45-50 वर्ष आयु का, नेपाली मूल प्रतीत होता है तथा शव की स्थिति के आधार पर मृत्यु को लगभग 20-25 दिन बीत चुके हैं। मौके पर मौजूद नागरिकों से पूछताछ की गई, पर किसी ने मृतक की पहचान करने से इनकार कर दिया। सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर शव को सुरक्षित रखवाने के लिए शवगृह खनेरी अस्पताल भेज दिया गया है। अब तक की प्रारम्भिक जांच में कोई संदेहजनक तथ्य सामने नहीं आए हैं। मामला धारा 194 बीएनएसएस के अंतर्गत दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू करती है।



◆ **खनेरी अस्पताल के शवगृह में रखा**

# कांग्रेस सत्ता का सेमीफाइनल हार चुकी : रणधीर

## भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी बोले- मुख्यमंत्री सुक्खू नैतिक आधार पर दें इस्तीफा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी रणधीर शर्मा ने पंचायती राज संस्थाओं और शहरी निकाय चुनावों के परिणामों को कांग्रेस सरकार के खिलाफ जनता का स्पष्ट जनादेश बताते हुए मुख्यमंत्री से नैतिक आधार पर इस्तीफा देने और विधानसभा चुनावों का मार्ग प्रशस्त करने की मांग की है। बुधवार को शिमला में रणधीर शर्मा ने कहा कि इन चुनाव परिणामों ने प्रदेश की राजनीतिक दिशा स्पष्ट कर दी है। जनता ने कांग्रेस सरकार की नीतियों, वादाखिलाफी और कथित विफलताओं को नकारते हुए भाजपा समर्थित उम्मीदवारों के पक्ष में अभूतपूर्व समर्थन दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार विभिन्न प्रशासनिक कारणों का हवाला देकर चुनाव टालने का प्रयास करती रही, लेकिन न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद चुनाव करवाने पड़े और जनता ने अपना फैसला सुना दिया।



शिमला में पत्रकार वार्ता करते प्रदेश भाजपा प्रवक्ता रणधीर शर्मा। अनंत ज्ञान

उन्होंने दावा किया कि चार नगर निगमों में हुए चुनावों में मंडी, धर्मशाला और सोलन नगर निगमों में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों को स्पष्ट बहुमत मिला। इसके अलावा नगर परिषदों और नगर पंचायतों में भी भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।

रणधीर शर्मा के अनुसार जिला परिषद चुनावों में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने 250 में से 144 वार्डों में जीत दर्ज की, जबकि कांग्रेस 60 सीटों तक सीमित रही। उन्होंने कहा कि बिलासपुर में कांग्रेस खाता तक नहीं खोल सकी और कई जिलों में उसका प्रदर्शन बेहद कमजोर रहा। पंचायत समिति (बीडीसी) चुनावों में भी भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने 1769 में से 1109 वार्डों में जीत हासिल की।

उन्होंने कहा कि यह केवल चुनावी जीत नहीं, बल्कि कांग्रेस सरकार के खिलाफ जनता द्वारा व्यक्त किया गया अविश्वास है। कांग्रेस ने विधानसभा चुनावों के दौरान महिलाओं, युवाओं, किसानों और आम जनता से कई बड़े वादे किए थे, लेकिन तीन वर्षों बाद भी अधिकांश घोषणाएं धरातल पर नहीं उतर सकीं। इसी कारण जनता ने कांग्रेस के दावों और वादों को नकार दिया। रणधीर शर्मा ने कांग्रेस के भीतर चल रही गुटबाजी को भी उसकी हार का कारण बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के अपने नेता आंतरिक कलह को हार की वजह मान रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनावों के दौरान भाजपा समर्थित उम्मीदवारों पर कई स्थानों पर प्रशासनिक दबाव बनाया गया, लेकिन जनता ने इन प्रयासों को विफल कर दिया।

रणधीर शर्मा ने कहा कि यह चुनाव सत्ता का 'सेमीफाइनल' था, जिसमें कांग्रेस बुरी तरह पराजित हुई है। अब जनता आने वाले विधानसभा चुनावों में भी कांग्रेस को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाने का मन बना चुकी है।

# सेवादार ने महिला का गहनों से भरा गुम हुआ पर्स लौटाया

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के पवित्र चूड़धार धाम में ईमानदारी व मानवता की ऐसी मिसाल देखने को मिली है, जिसने न केवल श्रद्धालुओं का दिल जीत लिया, बल्कि देवभूमि हिमाचल की गौरवशाली परंपराओं को भी नई पहचान दी है। उत्तराखंड की एक महिला तीर्थयात्री का सोने के आभूषणों और नकदी से भरा पर्स चूड़धार मंदिर परिसर के समीप खो गया था। पर्स में सोने की अंगूठियां, मंगलसूत्र, पेंडेंट, लॉकेट सहित करीब पांच लाख रुपए मूल्य के आभूषण और नकदी मौजूद थी। पर्स मिलने के बाद मंदिर से जुड़े सेवादार एवं श्रद्धालुओं के बीच 'सियासरी पुजारी जी' के नाम से प्रसिद्ध पंडित दीप राम शर्मा ने उसे सुरक्षित अपने पास रख लिया और बिना उचित पहचान के किसी को भी सौंपने से साफ इनकार कर दिया। कई लोगों ने पर्स पर दावा किया, लेकिन उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि सामान केवल उसी व्यक्ति को मिलेगा जो उसमें रखी प्रत्येक वस्तु और नकदी का सही विवरण दे सके।

◆ **मंदिर प्रबंधन संग पेश की ईमानदारी की मिसाल**

जानकारी के अनुसार मालिक की तलाश के लिए चूड़ेश्वर सेवा समिति और मंदिर प्रबंधन ने भी सक्रिय प्रयास शुरू किए। सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी साझा की गई, जिसके बाद उत्तराखंड के विकासनगर निवासी परिवार तक सूचना पहुंची। महिला तीर्थयात्री रीना शर्मा ने पर्स में रखे सामान का सटीक विवरण देकर अपनी पहचान साबित की। समिति के सदस्यों की उपस्थिति में पर्स व उसमें रखी सभी वस्तुएं उनके परिजन रीना शर्मा को विधिवत सौंप दी गईं। अपने बहुमूल्य आभूषण और नकदी सुरक्षित वापस मिलने पर परिवार भावुक हो उठा और मंदिर प्रबंधन तथा सेवादार का आभार व्यक्त किया।

# आखिरकार पकड़ा गया एचपीयू में आतंक का पर्याय बना लंगूर

## कई दिनों से छात्रों-कर्मचारियों में बना हुआ था भय का माहौल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** पिछले कई दिनों से विश्वविद्यालय परिसर में एक आक्रामक लंगूर छात्रों, शिक्षकों तथा कर्मचारियों पर लगातार हमला कर रहा था, जिससे परिसर में भय और असुरक्षा का वातावरण बना हुआ था। लंगूर के अचानक हमले में कई लोगों को चोटें भी पहुंचीं, जिसके चलते विद्यार्थियों और कर्मचारियों को दैनिक गतिविधियों के दौरान भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। स्थिति को गंभीरता से लेते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने वन्यजीव विभाग को इसकी सूचना देकर तत्काल कार्रवाई की मांग की थी।

सूचना मिलने के बाद बुधवार को वन्यजीव विभाग की विशेष टीम विश्वविद्यालय परिसर पहुंची और लंबे प्रयासों के बाद उक्त लंगूर को सफलतापूर्वक काबू कर लिया। टीम ने आवश्यक सुरक्षा उपायों के बीच उसे पकड़कर सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित कर दिया। लंगूर के पकड़े जाने से छात्रों, कर्मचारियों और विश्वविद्यालय प्रशासन ने राहत की सांस ली है। लोगों ने वन्यजीव विभाग की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में भी ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे।



एचपीयू परिसर से लंगूर को पकड़कर पिंजरे में बंद कर सुरक्षित स्थान पर ले जाते हुए कर्मचारी। अनंत ज्ञान

# नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को मिलेगा बेहतर मानदेय

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की पंचायतीराज संस्थाओं में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को अब बेहतर मानदेय मिलेगा। राज्य सरकार की व्यवस्था के अनुसार प्रतिनिधियों को मानदेय चुनाव परिणाम घोषित होने की तिथि से नहीं, बल्कि शपथ ग्रहण और पहली आधिकारिक बैठक के बाद मिलना शुरू होगा। जानकारी के अनुसार 10 जून के बाद विभिन्न जिलों में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किए जाने की संभावना है, जिसके बाद पंचायतों, पंचायत समितियों व जिला परिषदों का विधिवत गठन होगा तथा मानदेय की प्रक्रिया आरंभ हो जाएगी। जानकारी के अनुसार जिला परिषद स्तर पर अध्यक्ष को 25 हजार, उपाध्यक्ष को 19 हजार रुपए तथा जिला परिषद सदस्य को 8,500 रुपए प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। वहीं पंचायत समिति अध्यक्ष को 12 हजार रुपये, उपाध्यक्ष को 9 हजार रुपए और सदस्यों को 7,500 रुपए प्रतिमाह दिए जाएंगे। स्थानीय विकास योजनाओं के संचालन और जनहित से जुड़े कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने के लिए यह आर्थिक व्यवस्था निर्धारित की गई है, जिससे जनप्रतिनिधि अपने दायित्वों का निर्वहन और बेहतर तरीके से कर सकें।

वहीं, ग्राम पंचायत स्तर पर प्रधान को 7,500 रुपए तथा उपप्रधान को 5,100 रुपए प्रतिमाह मानदेय प्रदान किया जाएगा। पंचायत सदस्यों के लिए मासिक मानदेय के स्थान पर प्रति बैठक 1,050 रुपए बैठक भत्ता निर्धारित किया गया है। शपथ ग्रहण के बाद आयोजित पहली आधिकारिक बैठक को ही मानदेय भुगतान का आधार माना जाएगा। यही कारण है कि निर्वाचित प्रतिनिधियों को अब गठन प्रक्रिया पूरी होने और पहली बैठक की प्रतीक्षा है।

# सरकार जल्द करे कृषि विपणन बोर्ड का गठन: शक्तिराम कश्यप

## बोले- बिना बोर्ड के किसानों और बागवानों के हित हो रहे प्रभावित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** कांग्रेस सेवा दल कसुम्पटी के मुख्य संगठक शक्तिराम कश्यप ने प्रदेश सरकार से हिमाचल प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड का तत्काल गठन करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बोर्ड का गठन न होने से किसानों और बागवानों को मिलने वाली अनेक सुविधाएं प्रभावित हो रही हैं।



कश्यप ने कहा कि कृषि विपणन बोर्ड हमेशा किसानों और बागवानों के हितों की रक्षा तथा उनकी सुविधाओं के विस्तार के लिए कार्य करता रहा है और यह संस्था सदैव लाभ की स्थिति में रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कृषि उपज के विपणन को व्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाने के लिए कृषि उपज मंडी अधिनियम लागू किया गया था, जिसका उद्देश्य किसानों, बागवानों, व्यापारियों तथा कृषि विशेषज्ञों को मंडी प्रबंधन में उचित प्रतिनिधित्व प्रदान करना है।

उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था के माध्यम से किसानों और बागवानों को उनकी उपज का उचित मूल्य खुली बोली प्रक्रिया के जरिए मिलता है तथा अनधिकृत कटौतियों और बिचौलियों की भूमिका को कम करने में मदद मिलती है। साथ ही किसानों को दैनिक बाजार भाव की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाती है।

◆ **सरकार से किसानों-बागवानों का ध्यान रखने का आग्रह**

कश्यप ने प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि किसानों, बागवानों और व्यापारियों के व्यापक हितों को ध्यान में रखते हुए राज्य कृषि विपणन बोर्ड का गठन बिना किसी देरी के किया जाए, ताकि कृषि एवं बागवानी क्षेत्र से जुड़े लोगों को अधिनियम के तहत मिलने वाली सभी सुविधाओं का पूरा लाभ मिल सके।

# एक उम्मीदवार की जीत के जश्न में ऐसे खोए साहब, कैमरे भी भूल गए

## सोशल मीडिया पर ठुमके लगाते अधिकारी का वीडियो बना सुर्खियां

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश में पंचायती राज चुनावों के नतीजों के बाद जीत के जश्न की तस्वीरें व वीडियो सामने आना कोई नई बात नहीं है, मगर इन दिनों सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो ने सियासी गलियारों से लेकर गांव की चौपालों तक नई बहस छेड़ दी है। वीडियो में एक सरकारी अधिकारी बताए जा रहे व्यक्ति जीत के जश्न में इस कदर मस्त दिखाई दे रहे हैं कि मानो उन्हें न तो आसपास मौजूद भीड़ का एहसास रहा और न ही इस बात का कि मोबाइल कैमरे उनकी हर अदा को कैद कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया पर वायरल इस वीडियो को लेकर तरह-तरह के दावे किए जा रहे हैं। कुछ लोग इसे कोटखाई उपमंडल के नायाब तहसीलदार का वीडियो बता रहे हैं। चर्चा का सबसे दिलचस्प पहलू यह है कि वीडियो केवल व्हाट्सऐप समूहों व निजी सोशल मीडिया खातों तक सीमित नहीं रहा। स्थानीय स्तर पर भाजपा मंडल कोटखाई और उससे जुड़े विभिन्न डिजिटल मंचों पर भी इसे व्यापक रूप से साझा किए जाने की चर्चा है। राजनीतिक कार्यकर्ताओं द्वारा वीडियो को लगातार प्रसारित किए जाने के कारण यह मामला और अधिक सुर्खियां बटोर रहा है। इससे वीडियो को लेकर सियासी रंग भी गहराता नजर आ रहा है और बहस अब केवल एक नृत्य तक सीमित नहीं रह गई है।

जैसे ही वीडियो सार्वजनिक हुआ, लोगों ने सवाल उठाने शुरू कर दिए कि क्या किसी सरकारी अधिकारी को किसी राजनीतिक जीत के जश्न में इस तरह खुलकर शरीक होना चाहिए, जिससे उसकी निष्पक्षता को लेकर चर्चाएं जन्म लेने लगीं।

### चुनाव आचार संहिता का माना जा रहा उल्लंघन

**वायरल** वीडियो के साथ यह दावा भी किया जा रहा है कि यह दृश्य पंचायती राज चुनावों के दौरान लागू आदर्श आचार संहिता के समय का है। हालांकि इस दावे की भी कोई आधिकारिक पुष्टि उपलब्ध नहीं है। बावजूद इसके, सोशल मीडिया पर लोग इस पहलू को लेकर भी बहस कर रहे हैं कि यदि वीडियो चुनावी अवधि का है तो इसकी गंभीरता और बढ़ सकती है। सवाल यह है कि जब कोई व्यक्ति सरकारी जिम्मेदारी के पद पर हो तो उसके सार्वजनिक व्यवहार की सीमाएं क्या होनी चाहिए। यही वजह है कि यह वीडियो अब ठुमकों से ज्यादा उस संदेश की वजह से चर्चा में है जो समाज और प्रशासन के रिश्तों को लेकर लोगों के मन में सवाल खड़े कर रहा है।

**सेलिब्रिटी** टेथिस स्की रिजॉर्ट में बिताए सुकून भरे पल, स्थानीय स्वाद का लिया आनंद

# नारकंडा की वादियों के मुरीद हुए आशीष विद्यार्थी

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमालय की गोद में बसे विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल नारकंडा की दिलकश वादियां एक बार फिर एक नामचीन शख्सियत को अपनी ओर आकर्षित करने में कामयाब रहीं। हिंदी सिनेमा के जाने-माने अभिनेता आशीष विद्यार्थी हाल ही में नारकंडा स्थित टेथिस स्की रिजॉर्ट पहुंचे, जहां उन्होंने प्राकृतिक सौंदर्य, शांत वातावरण व पहाड़ी मेहमाननवाज़ी का भरपूर लुत्फ उठाया। बर्फीली चोटियों, देवदार के घने जंगलों और मनमोहक नजारों के बीच अभिनेता ने अपने प्रवास को यादगार बताया।

जानकारी के अनुसार आशीष विद्यार्थी देशभर की यात्राओं व स्थानीय व्यंजनों को नई पहचान देने वाले लोकप्रिय यात्रा-वृत्तांतकार के रूप में भी जाने जाते हैं। वे जहां भी जाते हैं, वहां की संस्कृति, खान-पान, लोक परंपराओं और लोगों के जीवन से जुड़कर उसे अपने अनूठे अंदाज में दुनिया के सामने पेश करते हैं। उनकी यही खासियत उन्हें आम यात्रियों और दर्शकों के बीच बेहद लोकप्रिय बनाती है।



नारकंडा में अपने प्रवास के दौरान अभिनेता आशीष विद्यार्थी अपने प्रशंसकों के साथ। अनंत ज्ञान

◆ **स्थानीय व्यंजनों व विरासत को दुनिया तक पहुंचाने के लिए मशहूर हैं अभिनेता आशीष**

नारकंडा प्रवास के दौरान भी अभिनेता स्थानीय स्वाद व हिमाचली व्यंजनों से रूबरू हुए। उन्होंने यहां के खान-पान, प्राकृतिक वातावरण और स्थानीय आतिथ्य की सराहना की। अपने वीडियो और सामाजिक माध्यमों के जरिए वे लगातार विभिन्न क्षेत्रों की सांस्कृतिक विरासत, स्थानीय पकवानों और पर्यटन स्थलों को लोगों तक पहुंचाते रहे हैं।

उनके यात्रा वृत्तांतों में केवल सैर-सपाटा ही नहीं, बल्कि उस क्षेत्र की आत्मा और पहचान को भी महसूस किया जा सकता है।

### मशहूर हस्तियों के आने से पर्यटन को लगते हैं पंख

**पर्यटन** जानकारों का मानना है कि जब आशीष विद्यार्थी जैसी चर्चित हस्तियां किसी पर्यटन स्थल का दौरा करती हैं, तो उस क्षेत्र को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलती है। नारकंडा की बेमिसाल खूबसूरती, सुकून भरा माहौल व प्रकृति का अनूठा संगम हर आने वाले सैलानी को अपना दीवाना बना देता है। ऐसे में अभिनेता का यह दौरा भी निश्चित रूप से नारकंडा व आसपास के पर्यटन स्थलों को नई चर्चा और आकर्षण प्रदान करेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### एक्सरे व इसीजी केबिन के बाहर टपक रही छत



**अनंत ज्ञान, आशीष दमीर, कांगड़ा।** डा. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कालेज अस्पताल टांडा में एक्सरे और इसीजी केबिन के बाहर छत टपक रही है। छत से टपक रहे पानी से मरीजों व उनके तीमारदारों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि यह समस्या काफी समय से है, लेकिन अभी तक इसका समाधान नहीं हो पाया है। टांडा अस्पताल में अन्य उपचार के लिए भी मरीजों को व्हील च्येर में बैठ कर इसी रास्ते से निकलना पड़ता। अस्पताल में आए लोगों अशोक कुमार, नंदनी, गौरव कुमार, कृष, कृति, मुस्कान, सुनीता देवी, इत्यादि ने अस्पताल प्रशासन के प्रति रोष जताते हुए कहा कि अस्पताल पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए हैं, लेकिन पानी टपकने की समस्या का कोई समाधान नहीं किया गया है। उधर इस संदर्भ में अस्पताल के एमएस से बात नहीं हो पाई।

### विधायक विपिन परमार से की शिष्टाचार भेंट



**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** बुधवार को सांबा पंचायत के प्रतिनिधि प्रधान संजय गुलेरिया, वार्ड नंबर एक गांव सांबा की वार्ड सदस्य मीनू, वार्ड नंबर दो गांव कौना की वार्ड सदस्य सरोज कुमारी, वार्ड नंबर तीन हल्दरा-1 की वार्ड सदस्य वंदना, वार्ड नंबर चार गांव हल्दरा-2 की वार्ड सदस्य अनीता, वार्ड नंबर पांच गांव दधोना की वार्ड सदस्य सिमसा ने पंचायत निवासियों के साथ सुलह विधानसभा क्षेत्र के विधायक व हिमाचल प्रदेश पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन सिंह परमार से उसके निवास स्थान ननाओं में शिष्टाचार भेंट की। आपको बता दें कि विगत दिवस सांबा पंचायत उपप्रधान कश्मीर सिंह, समिति सदस्य रोड़ा निक्का राम व जिला परिषद सदस्य (बारी वार्ड) अनुपमा कुमारी भी विपिन सिंह परमार से शिष्टाचार भेंट कर चुके हैं। इस दौरान सुलह विधायक विपिन सिंह परमार ने उनका हार पहनाकर स्वागत किया व शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि कभी भी किसी भी समय आपको मेरी जरुरत पड़े तो मैं आपके लिए मौजूद रहूंगा। उन्होंने कहा कि अपनी पंचायत का खूब विकास करें और जितना ज्यादा हो सके जरूरतमंदों की सहायता करें। इस मौके पर सांबा पंचायत के पूर्व प्रधान वयोवृद्ध संसार चंद गुलेरिया, कैप्टन मान चंद गुलेरिया, सरवण गुलेरिया, जनम सिंह व बहुत से अन्य पंचायत निवासी मौजूद रहे।

### सुक्खू सरकार कर रही तानाशाही: चक्षु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार ने अपनी तानाशाही का नया नमूना पेश किया है। अपनी जायज मांगों को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे वकीलों पर मुक़दमा दर्ज कर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने साफ कर दिया है कि उन्हें जनता की आवाज़ सुननी नहीं, दबानी आती है। प्रदेश भाजपा मीडिया सह प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने इस कृत्य को लोकतंत्र की हत्या बताते हुए कहा कि वकीलों की बात सुनने के बजाय उन पर मुक़दमा दर्ज करना सुक्खू सरकार की बौखलाहट और तानाशाही मानसिकता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री को डर है कि कहीं उनके खिलाफ उठ रही आवाज़ कहीं तेज न हो जाए, इसलिए उन्होंने एफआईआर का सहारा लिया है। उन्होंने कहा कि वकील समाज का आईना होते हैं। जब आईना ही सरकार की कमियां दिखाएगा तो सरकार आईना तोड़ने की कोशिश करेगी। लेकिन भाजपा वकीलों के साथ खड़ी है। हम सुक्खू सरकार की इस तानाशाही का पुरजोर विरोध करते हैं और तुरंत सभी मुकदमे वापस लेने की मांग करते हैं।



### विधायक बिक्रम ने नवाजे पंचायत प्रतिनिधि

**अनंत ज्ञान, प्रवेश शर्मा, परागपुर।** जसवां प्रागपुर विस क्षेत्र के तहत विधायक बिक्रम ठाकुर ने ग्राम पंचायत चौली में नवनिर्वाचित प्रधान, उपप्रधान एवं पंचों को सम्मानित कर शुभकामनाएं दीं।व जनता के विश्वास से मिली इस जिम्मेदारी के लिए सभी जनप्रतिनिधियों को हार्दिक बधाई। उन्होंने आशा जताई है कि आप सभी ग्राम पंचायत के विकास, जनकल्याण और क्षेत्र की उन्नति के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे।इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मुझे बताते हुए हर्ष हो रहा कि इस पंचायत में जो भी प्रतिनिधि चुनाव लड़े जीते चाहे हारे आज एक मंच पर इस कार्यक्रम का हिस्सा बने, जो स्वस्थ लोकतंत्र का उदाहरण है।मैं इनसभी को साधुवाद देता हूं और अपेक्षा करता हूं कि वे सदैव इसी तरह मिलजुल कर कार्य कर अपनी पंचायत का नाम रोशन करेंगे।वहीं उन्होंने भरौली जदीद पंचायत के नवनिर्वाचित प्रधान एवं वार्ड पंचों को सम्मानित कर शुभकामनाएं दीं।और जनता के विश्वास और समर्थन से मिली इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए सभी जनप्रतिनिधियों को हार्दिक बधाई।आशा जताई है कि आप सभी पंचायत के विकास, जनसेवा और क्षेत्र की प्रगति के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे।

### धर्मशाला में गोष्ठी एवं जागरूकता रैली कल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रोफेसर अंजन कुमार कालिया ने जानकारी देते हुए बताया कि धर्मशाला एवं आसपास के क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से वर्ष 2019 से प्रत्येक वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गांधी स्मृति वाटिका, कोतवाली बाजार धर्मशाला में गोष्ठी एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया जाता रहा है। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में इस वर्ष भी 5 जून को प्रातः 9 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में धर्मशाला तथा आसपास के क्षेत्रों की अनेक सामाजिक एवं पर्यावरणीय संस्थाएं भाग लेंगी। इनमें जन चेतना, एजुकेयर इंडिया, वेस्ट वॉरियर्स, नगर निगम धर्मशाला, जागोरी, धर्मशाला एनवायरमेंट ग्रुप, धौलाधार क्लीनर्स, निष्ठा, केंद्रीय तिब्बती प्रशासन, भारतीय स्टेट बैंक धर्मशाला तथा व्यापार मंडल धर्मशाला सहित अन्य संस्थाओं की सहभागिता रहेगी।

# 'ऑपरेशन नया सवेरा' के तहत पुलिस ने 167 ग्राम चिट्टा पकड़ा, 16 गिरफ्तार

## 3 चरणों में चला ऑपरेशन, गिरफ्तार आरोपियों में 5 पंजाब के और 11 कांगड़ा के

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला के युवाओं चिट्टे के अंधेरे से उजाले की ओर ले जाने के लिए जिला पुलिस ने 'ऑपरेशन नया सवेरा' शुरू किया है। ऑपरेशन के प्रथम चरण में पुलिस ने जालंधर से संचालित चिट्टा नेटवर्क पर सख्त कार्रवाई की है। जिला कांगड़ा में चिट्टे के बड़े नेटवर्क को पुलिस ने ब्रेक करके 16 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को इस आपरेशन में 167 ग्राम चिट्टा भी बरामद हुआ है।

एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि आरोपियों के खातों की जांच में करीब 80 लाख रुपये की संदिग्ध ट्रांजेक्शन मिली हैं, जिसमें से 40 लाख की ट्रांजेक्शन इसी वर्ष की हैं। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ 21 मामले एनडीपीएस के दर्ज हैं। इस पूरे नेटवर्क को जालंधर का सरगना अभिषेक सहोता संचालित कर रहा था, जिसके चलते पुलिस ने नया सवेरा आपरेशन के तहत सहोता नेटवर्क पर सख्त कार्रवाई करने के लिए यह अभियान चलाया।

### 5 दिन में मिली बड़ी कामयाबी: एसपी



**एसपी** ने बताया कि आपरेशन नया सवेरा की शुरूआत 24 मई को हुई थी, उस दिन पहली एफआईआर पालमपुर पुलिस थाना में दर्ज हुई थी। जिसमें विभिन्न स्थानों में छापेमारी करके 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें मुख्य सरगना अभिषेक सहोता व एक अन्य मोहित सहोता उर्फ हरमन को जालंधर, जबकि तीन अन्यों को पालमपुर से गिरफ्तार किया गया, जिनमें एक महिला भी शामिल है, जिस पर भी एनडीपीएस के दो मामले दर्ज हैं। इसके उपरांत 27 मई को छापेमारी करके पालमपुर से कंवलजीत कौशिक को गिरफ्तार किया, जिसके खिलाफ एनडीपीएस के 3 मामले दर्ज हैं, जो कि एक मामले में 11 साल के लिए दोषी पाया गया था और सर्वोच्च न्यायालय से यह जमानत पर था। इसके खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया। इसके बाद 30 मई से लेकर 2 जून तक कई जगहों पर छापेमारी की गई तथा इस दौरान 135 ग्राम के करीब चिट्टा बरामद कर दस आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिनके खिलाफ 8 मामले एनडीपीएस के मामले दर्ज हैं।

### सहोता नेटवर्क के थे 8 काउंटर

**एसपी** ने बताया कि सहोता नेटवर्क की जांच पड़ताल में सामने आया कि उसने जिला कांगड़ा में 7 से 8 काउंटर बनाए थे, जहां सहोहा के कोरियर, चिट्टे की सप्लाई पहुंचाते थे। इन्हीं काउंटर्स से चिट्टा ऑन डिमांड अन्य क्षेत्रों के लिए डिस्ट्रीब्यूट होता था।

### सप्लाई लाने वाले व लेने वालों में नहीं होता था कोई कनेक्शन

**बकौल** एसपी सहोता नेटवर्क की बड़ी बात यह है कि सप्लाई लाने वाले और लेने वालों में कोई कनेक्शन नहीं होता था। क्योंकि चिट्टे की सप्लाई को किसी स्थान पर रख दिया जाता था और वीडियोग्राफी करके लोकेशन सहित मुख्य सरगना को भेजी जाती थी। जिसके चलते पैसा मिलने के बाद सप्लाई लेने वाले को जहां चिट्टा रखा जाता था, वो लोकेशन भेजी जाती थी।

# पंजाब के स्कूलों में छुट्टियों से बढ़ी पर्यटकों की तदाद

अनंत ज्ञान

◆ मैक्लोडगंज-धर्मशाला में 70 से 80 फीसदी आक्यूपेंसी

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** पंजाब के स्कूलों में छुट्टियां पड़ने के साथ ही पहाड़ों में पर्यटकों की आमद बढ़ गई है। पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज और धर्मशाला की बात करें तो इस समय होटलों में आक्यूपेंसी 70 से 80 फीसदी के करीब है। होटलियर्स का कहना है कि आमद का यही क्रम जारी रहा तो आने वाले वीकंड पर आक्यूपेंसी सौ फीसदी हो जाएगी।

इसके साथ ही होटलियर्स का कहना है कि बारिशें न हुई तो तीस जून तक पर्यटन कारोबार खूब रफ्तार पकड़ेगा। गौरतलब है कि पूर्व के वर्षों में मैक्लोडगंज में 10 जून से 30 जून तक पर्यटन कारोबार उफान पर रहता था, लेकिन अब धीरे-धीरे इसमें बदलाव हो रहा है। पहले भी पंजाब में छुटियों के साथ ही पर्यटन उछाल लेता था, ऐसे में इस बार भी होटलियर्स को इस माह में पर्यटकों की आमद में अच्छी बढ़ोतरी की आस है।

तिब्बती धर्मगुरु दलाईलामा भी इन दिनों मैक्लोडगंज है, जिनसे मिलने व आशीर्वाद लेने के लिए देश-विदेश के डेलीगेटस का आगमन लगा रहता है। वहीं हाल ही में तिब्बत निर्वासित सरकार के राष्ट्रपति का शपथ ग्रहण समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें भी विभिन्न देशों के प्रतिनिधि यहां आए थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि धर्मशाला से मैक्लोडगंज जाने वाले मार्गों की हालत ठीक नहीं है, इसके बावजूद पर्यटक मैक्लोडगंज का रुख कर रहे हैं।

उधर, होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन स्मार्ट सिटी धर्मशाला के अध्यक्ष राहुल धीमान का कहना है कि पंजाब के स्कूलों में छुटियों का असर पर्यटकों की आमद पर नजर आ रहा है। पूर्व में 10 से 30 जून तक पर्यटन उछाल पर रहता था, इस बार भी पंजाब में छुटियां पडने के साथ ही पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होना शुरू हो गई है, जिसके चलते होटलों में आक्यूपेंसी 70 से 80 फीसदी तक पहुंच गई है।

## आईएमएस और एसडब्ल्यूएफ कर्मियों ने मांगा नियमितिकरण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश के आईटीआई व बहुतकनीकी संस्थानों में इंस्टीटयूट मैनेजमेंट कमेटी (आईएमएस)/ स्टूडेंटस वेल्फेयर फंड (एसडब्ल्यूएफ) के तहत कार्यरत कर्मियों ने नियमितिकरण की मांग बुलंद की है। बुधवार को धर्मशाला में विभिन्न संस्थाना में कार्यरत एक दर्जन से अधिक कर्मियों ने कहा कि वे दस से बारह वर्षों से नियमितिकरण का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन उन्हें अभी तक आश्वासन ही मिले हैं। ऐसे में उनका स्पष्ट कहना है कि अब आश्वासनों के झुनझुने नहीं चलेंगे, जबकि इस बार कर्मी अगली रणनीति बनाने को मजबूर होंगे। आईएमएस/ एसडब्ल्यूएफ के तहत कार्यरत कर्मी मनोज कुमार व अन्यों ने कहा कि इस वर्ग को सरकार जल्द नियमित करे। ऐसे 260 कर्मचारी हैं, जो कि नियमितिकरण का इंतजार कर रहे हैं। पूर्व में नियुक्त कर्मियों को बताया गया था कि यह अनुबंध आधारित नौकरी है, जिसे फिक्स वेतन के साथ चलाया जाएगा, जबकि 941 लोगों को नियमित कर दिया गया है, जबकि शेष लोगों को नियमितिकरण के लाभ से वंचित रखा गया है। मुख्यमंत्री से लेकर मंत्रियों व विधायकों तक हम अपनी मांग उठा चुके हैं, लेकिन अभी तक आश्वासन ही मिले। उन्होंने कहा कि दिसंबर या जनवरी माह तक सरकार ने मांग पर ध्यान नहीं दिया तो अगली रणनीति बनाते हुए यह वर्ग कड़ा रुख अख्तियार करने से पीछे नहीं हटेगा।

## गोलवां पंचायत चुनाव में एक साथ जीते पति-पत्नी

अनंत ज्ञान



**ज्वाली।** फतेहपुर विकास खंड की ग्राम पंचायत गोलवां में पति-पत्नी ने पंचायत चुनावों में जीत दर्ज की है। इस दंपति ने लगातार आठवीं बार जीत दर्ज कर पंचायत चुनावों में नया इतिहास बना दिया है। कांग्रेस कार्यकर्ता अनिल कुमार ने उपप्रधान पद, जबकि उनकी पत्नी अनीता कुमारी ने बीडीसी चुनाव में जीत हासिल की है। यह दंपती लगभग 45 वर्षों से पंचायत की राजनीति में सक्रिय है।

इस बार गोलवां पंचायत के प्रधान का पद अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित होने के कारण अनिल कुमार पप्पू ने उपप्रधान पद पर चुनाव लड़ने का फैसला किया, और वह उपप्रधान पद पर विजयी हुए जबकि पत्नी अनीता ने बीडीसी सदस्य के रूप में चुनावी समर में उतरकर अपनी निकटतम प्रतिद्वंदी को 1233 मतों के बड़े अंतर से शिकस्त दी।

बता दें कि इससे पहले अनिल कुमार पप्पू तीन बार पंचायत प्रधान, दो बार उपप्रधान और एक बार जिला परिषद सदस्य रह चुके हैं। वहीं, उनकी पत्नी अनीता कुमारी भी इससे पहले दो बार प्रधान और एक बार जिला परिषद सदस्य रह चुकी हैं। जोकि इस दंपति की जनता में मजबूत पकड़ को दर्शाता है।

## वन माफिया फिर सक्रिय, सुकरेत के जंगल से खैर के पेड़ों की चोरी

अनंत ज्ञान



**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** हिमाचल पंजाब सीमा पर वन रेंज धार कलां के अंतर्गत पड़ते गांव सुकरेत के पास राष्ट्रीय राज मार्ग से कुछ ही दुरी पर एक कच्चे रास्ते के किनारे जंगल से खैर प्रजाति के बहुमूल्य पेड़ों को काट कर चोरी करने का समाचार प्राप्त हुआ है।

काबिले गौर है कि धार क्षेत्र के वनों में करोड़ों रुपए की बहुमूल्य खैर के पेड़ एवं अन्य प्रजातियों की वन संपदा है एवं पिछले लम्बे समय से इस वन संपदा को चोरी कर लुटने के समाचार सामने आते रहे हैं । वन विभाग के अधीन दुनेरा एवं धार वन रेंज की मुस्तैदी के चलते कई बार चोरों को पकड़ा भी जा चुका है परंतु वन संपदा को लेकर चोर विभाग से भी एक कदम आगे बढ़ कर वनों से खैर के पेड़ों की चोरी कर ही लेते हैं। खै़र के पेड़ों की चोरी का नया मामला गांव सुकरेत का है , सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुकरेत गांव के पास जंगल में आठ से दस खैर के पेड़ो को काटने के बाद चोरी होने का समाचार है और पेड़ो के बचे अवशेष उक्त चोरी वाले स्थान पर पड़े हुऐ है। इस संबंध में जब रेंज अधिकारी धार कलां बख्शीश सिंह से संपर्क किया तो उन्होंने सुकरेत गांव के पास जंगल में खैर के पेड़ों की चोरी संबंधी पुष्टि करते हुए कहा कि विभाग की ओर से उक्त पेड़ों की चोरी करने बालों का सुराग मिल गया है एवं बहुत जल्द चोरों को पकड़ कर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## राज्यपाल ने तृप्ता स्कूल चलवाड़ा की छात्रा मनप्रीत कौर को नवाजा



मनप्रीत कौर को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ज्वाली।** तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा की छात्रा मनप्रीत कौर ने भारतीय संस्कृत ज्ञान परीक्षा में पूरे हिमाचल प्रदेश राज्य में तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

राज्यपाल हिमाचल प्रदेश 8 जून को शिमला में सम्मानित करेंगे मनप्रीत ने यह परीक्षा सत्र 2025 में दी थी जिसका परीक्षा परिणाम अभी प्राप्त हुआ है। मनप्रीत कौर ने यह परीक्षा पूरी मेहनत लगन और कठिन परिश्रम के साथ उतीर्ण कर विद्यालय एवं अपने माता पिता का नाम रोशन किया है।

इस उपलक्ष्य पर विद्यालय चेयरमैन वरिंद्र नरियाल और विद्यालय प्रधानाचार्य राकेश राणा ने मिठाई खिला कर और पूरे तृप्ता पब्लिक स्कूल परिवार ने इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं और मनप्रीत कौर के उज्जवल भविष्य की कामना की है।




# महंगाई भत्ता देने में विलंब न करे सरकार

## कर्मचारियों की जायज मांगें पूरी करे सरकार: टीजीटी कला संघ

अनंत ज्ञान

◆ डीए और एरियर भुगतान टालना संभव नहीं

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश सरकार लंबित महंगाई भत्ते की अदायगी तुरंत शुरू करे। प्रदेश के साढ़े तीन लाख कर्मचारी और पेंशनर्स इसका लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। इस बारे में एक ज्ञापन राजकीय टीजीटी कला संघ ने नवनियुक्त मुख्य सचिव केके पंत को भेजा है। संघ ने मुख्य सचिव से आग्रह किया है कि हिमाचल। प्रदेश में न्यू पेंशन स्कीम के अधीन कार्यरत कर्मचारियों को 60 प्रतिशत मंहगाई भत्ता मिल रहा है और ओल्ड पेंशन स्कीम में कार्यरत कर्मचारियों को मात्र 45 प्रतिशत डीए मिलने से उनके मौलिक अधिकार प्रभावित हो रहे हैं।

संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर ने कहा कि हाईकोर्ट में लंबित डीए और एरियर अदायगी मामले में 1 जून 2026 को हुई सुनवाई में भी राज्य सरकार कोई जवाब दायर नहीं कर पाई है और 4 सप्ताह का अतिरिक्त समय इसके लिए दिया गया है मगर विलंब से यह समस्या हल नहीं होगी। कर्मचारियों की लंबित वेतन आयोग एरियर और लंबित मंहगाई भत्ते का एरियर भी ऐसा भुगतान है जो प्रदेश सरकार टाल नहीं सकती और मौजूदा वेतन में दिया जाने वाला 15 प्रतिशत लंबित डी ए भी देना एक विधिक कर्तव्य है। जब भी कर्मचारी नियुक्त होता है तो उसके वेतन स्केल तय होते हैं जिसमें मंहगाई भत्ता एक वेतन का तय भाग होता है जिसके भुगतान को टालना मुमकिन नहीं है क्योंकि यह कर्मचारियों का अधिकार है। पश्चिम बंगाल और पंजाब सरकार के मामलों में यह साफ हो चुका है कि मंहगाई भत्ता देना ही होगा और इसके लिए कोई स्पष्ट योजना और अधिसूचना आज तक जारी नहीं हुई है। एनपीएस और ओ पी एस कर्मचारियों के डीए अलग अलग देने की बजाय एक ही आदेश में सबको 60 प्रतिशत डीए देने का प्रावधान ही समानता के अधिकार के तहत आपेक्षित है क्योंकि मंहगाई का प्रभाव सब पर बराबर पड़ता है।

पंजाब में कर्मचारियों के बढ़ते विरोध के बीच राज्य सरकार को अब जेसीसी बैठक आयोजित करते हुए इस मामले का हल निकालना चाहिए। केंद्र की तर्ज पर डीए देने में अत्यधिक विलंब से कर्मचारियों को मासिक वेतन में हजारों का नुकसान हो रहा है और अगर आरडीजी नहीं मिलने से ये स्थिति उत्पन्न हुई है तो सरकार आर डी जी ग्रांट बहाली हेतु सुप्रीम कोर्ट जाए और मुफ्त लाभ की योजनाओं को समाप्त करे क्योंकि कर्मचारियों को देय लाभ उनके कार्य के एवज में मिलने हैं।

## अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुनाव के लिए अधिकारी अधिकृत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** उपायुक्त कांगड़ा एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायती राज) हेमराज बैरवा ने हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (निर्वाचन) नियम, 1994 के तहत जिला कांगड़ा की विभिन्न पंचायत समितियों में नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण तथा अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न करवाने के लिए संबंधित उपमंडल अधिकारियों (नागरिक) को अधिकृत किया है। उपायुक्त ने बताया कि संबंधित एसडीएम अपने-अपने क्षेत्राधिकार की पंचायत समितियों के नवनिर्वाचित सदस्यों की बैठक बुलाएंगे, जिसमें सदस्यों को हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 127 के अंतर्गत शपथ दिलाई जाएगी। यह प्रक्रिया पंचायत समिति चुनाव परिणाम घोषित होने के एक सप्ताह के भीतर पूरी की जाएगी। इसके अतिरिक्त, संबंधित एसडीएम पंचायत समितियों की विशेष बैठक आयोजित कर अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया भी संपन्न करवाएंगे। इस दौरान निर्वाचित सदस्य अपने मध्य से एक सदस्य को अध्यक्ष तथा एक सदस्य को उपाध्यक्ष के रूप में चुनेंगे। उन्होंने बताया कि एसडीएम जवाली को नगरोटा सूरियां, एसडीएम नूरपुर को नूरपुर, एसडीएम देहरा को देहरा एवं प्रागपुर, एसडीएम ज्वालामुखी को सुरानी, एसडीएम कांगड़ा को कांगड़ा, एसडीएम पालमपुर को पालमपुर, भवारना एवं पंचरुखी, एसडीएम जयसिंहपुर को लंबागांव, एसडीएम बैजनाथ को बैजनाथ, एसडीएम धर्मशाला को धर्मशाला, एसडीएम धीरा को सुलह, एसडीएम नगरोटा बगवां को नगरोटा बगवां एवं बड़ोह, एसडीएम फतेहपुर को फतेहपुर, एसडीएम शाहपुर को रैत तथा एसडीएम इंदौरा को इंदौरा पंचायत समिति के लिए अधिकृत किया गया है।

# चार एचपी बटालियन एनसीसी के 101 कैडेट्स बने अग्निवीर

## जून माह में एनसीसी के 3 कैंप किए जाएंगे आयोजित : कर्नल जीपी

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** 4 एचपी बटालियन एनसीसी के लिए यह गर्व का विषय है कि 4 एचपी बटालियन एनसीसी के 101 कैडेट्स सेना में अग्निवीर भर्ती हुए हैं। कमांडिंग ऑफिसर कर्नल जीपी सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि इस वर्ष पहली बार एनसीसी कैडेटस ने सेना भर्ती में 101 का आंकड़ा पार किया है। पिछले वर्ष 27 एनसीसी कैडेटस सेना में अग्निवीर बने थे वहीं 13 कैडेटस ऑफिसर बने थे।



उन्होने कहा कि हमारा यही प्रयास रहता है कि जो स्कूल या कॉलेज के छात्र हैं उन्हें बेसिक प्रशिक्षण के साथ ड्रिल, फायरिंग और रोजगार के नजरिए से तैयार करें। उन्होंने कहा कि हमारा यही प्रयास रहा है कि हिमाचल से अधिक से बच्चे आर्मी, एयर फोर्स और नेवी में जाएं। उन्होंने कहा कि कुछ एनसीसी कैडेट्स ने एनडीए का पहला पेपर पास कर लिया है अब सितंबर माह में होने वाले पेपर के बाद और अधिक युवा ऑफिसर के लिए भर्ती होंगे।

उन्होंने कहा कि जून माह एनसीसी कैडेट्स के तीन कैंप लगाए जाएंगे इसमें 1800 कैडेट्स को प्रशिक्षण देंगे। उन्होंने कहा कि यह कैंप 10 दिन का होगा जो 4 से 13 जून तक जवाहर नवोदय विद्यालय डुंगरी में आयोजित किया जाएगा। इसमें 100 कैडेट्स शिमला से थल सेना कैंप के लिए भी आ रहे हैं। इसलिए इस कैंप में 700 एनसीसी कैडेट भाग लेंगे।

इसी प्रकार दूसरा कैंप 14 से 23 जून तक डुंगरी में आयोजित किया जाएगा इसमें 600 एनसीसी कैडेट्स भाग लेंगे। इस कैंप एनसीसी कैडेट्स को मांउटेन हाईकिंग के लिए भी ले जाया जाएगा जिसमें मैक्लोडगंज, करेरी और त्रियुंड तक ले जाया जाएगा।

◆ **4 एसपी बटालियन के तहत 1800 छात्रों को देंगे प्रशिक्षण**

इसके अलावा तीसरे कैंप भी डुंगरी में आयोजित किया जाएगा। यह कैंप 24 जून से 3 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। इसमें साइकिलिंग भी करवाई जाएगी। इसमें बेस्ट कैडेट जो साइकिलिंग में भाग लेंगे डुंगरी से हमीरपुर, सुजानपुर से पालमपुर से जोगिंद्रनगर से होते हुए बिलासपुर, मंडी और डुंगरी वापस आएगी। उन्होंने बताया कि यह साइकिलिंग प्रतियोगिता 8 दिन की होगी जिसमें 20 कैडेट्स भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि एनसीसी कैंप आयोजित करने का यही उद्देश्य है कि हरेक बच्चा कुछ न कुछ यहां से सीख कर अपने संस्थान में जाए।

# शारीरिक शिक्षक भर्ती साक्षात्कार में पहले दिन पहुंचे 400 से ज्यादा अभ्यर्थी



शारीरिक शिक्षक भर्ती साक्षात्कार में पहुंचे अभ्यर्थी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग में शारीरिक शिक्षकों के 355 पदों की बैचवाइज भर्ती के अंतर्गत जिला हमीरपुर में 18 पद भरने के लिए बुधवार को साक्षात्कार आयोजित किए गए। पहले दिन भोरंज और नादौन के उम्मीदवारों को बुलाया गया था। जिनमें 400 से अधिक उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए आए थे। जबकि वीरवार को हमीरपुर, सुजानपुर और बड़सर के उम्मीदवारों के साक्षात्कार लिया जाएगा। शिक्षा उपनिदेशक कमल किशोर भारती ने बताया कि इन 18 पदों में 5 पद सामान्य अनारक्षित वर्ग के लिए हैं। ईडब्ल्यूएस और ओबीसी के 3-3, ओबीसी बीपीएल का एक, एससी के चार, एससी बीपीएल और एसटी का एक-एक पद भरा जाएगा।

उन्होंने बताया कि 3 जून को सुबह 10 बजे भोरंज और नादौन के उपरोजगार कार्यालयों में पंजीकृत अभ्यर्थियों के साक्षात्कार लिए गए। 4 जून को सुबह 10 बजे हमीरपुर, बड़सर और सुजानपुर के रोजगार एवं उपरोजगार कार्यालयों में पंजीकृत अभ्यर्थियों के साक्षात्कार लिए जाएंगे।

# नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत वाहन किए चेक

अनंत ज्ञान



**नादौन।** पुलिस थाना नादौन द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बुधवार को थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर विशेष नाकाबंदी एवं चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस टीमों द्वारा मसेहखड्ड, ब्यास पुल, किटपाल तथा अन्य प्रमुख मार्गों पर नाके स्थापित कर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की गहन जांच की गई।

अभियान के दौरान आने-जाने वाले वाहनों, मोटरसाइकिलों तथा व्यक्तियों की तलाशी ली गई तथा नशीले पदार्थों की तस्करी एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों पर निगरानी रखी गई। पुलिस द्वारा क्षेत्र में चिट्टा तथा अन्य मादक पदार्थों की अवैध तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से यह विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस थाना नादौन द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि नशा तस्करी अथवा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। नशे के विरुद्ध इस प्रकार के अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे तथा नशा तस्करों के विरुद्ध कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## रिटायर्ड इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक कल

**अनंत ज्ञान, नादौन।** रिटायर्ड इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन नादौन की मासिक बैठक 5 जून को प्रातः 11 बजे आर्य समाज मंदिर नादौन में होगी। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष धर्म सिंह मिन्हास करेंगे। यह जानकारी देते हुए एसोसिएशन के महासचिव ठाकुर प्रकाश चंद ने यहां जारी प्रेस ब्यान में बताया कि बैठक में पेंशनर्स की समस्याओं व मांगों बारे चर्चा की जाएगी। उन्होंने एसोसिएशन के सभी सदस्यों व पदाधिकारियों से आग्रह किया है कि वे निर्धारित समय व स्थान पर पहुंचकर बैठक में हिस्सा लें।

# न्यूज ब्रीफ

## दो कारों में टक्कर, सभी कार सवार सुरक्षित

**अनंत ज्ञान, संजीव, भोटा।** हमीरपुर जिले के केहड़रु क्षेत्र के पास एक दो कारों के बीच भीषण सड़क हादसा हुआ है। हादसा इतना जबरदस्त था कि कारों के सभी एयरबैग खुल गए प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर के बाद वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन सुरक्षा फीचर्स समय पर सक्रिय होने से वाहन में सवार लोगों की जान बच गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि हादसे की आवाज दूर तक सुनाई दी और मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया। हालांकि हादसे में घायल लोगों की संख्या और उनकी स्थिति को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। यह घटना एक बार फिर सड़क सुरक्षा और सतर्क ड्राइविंग की अहमियत को दर्शाती है। आधुनिक वाहनों में मौजूद एयरबैग और अन्य सुरक्षा तकनीकें कई बार गंभीर हादसों में भी यात्रियों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। फिलहाल दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। यातायात प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि केहडरू में एक्सीडेंट तो हुआ है, लेकिन इसकी कोई शिकायत नहीं आई है।



## पूर्व सैनिकों के लिए जागरुकता शिविर आज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भूतपूर्व सैनिकों और वीर नारियों को साईबर ठगी के प्रति सचेत एवं जागरुक करने तथा उनके पेंशन से संबंधित लंबित मामलों के बारे में कानूनी जानकारियां प्रदान करने के लिए 4 जून को हमीरपुर के सैनिक विश्राम गृह में एक जागरुकता शिविर आयोजित किया जा रहा है। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के उपनिदेशक स्क्वॉड्रन लीडर (सेवानिवृत्त) मनोज राणा ने बताया कि इस शिविर में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय की विधिक सेवाएं समिति के इम्पैनल्ड अधिवक्ता दीपक भट्ट पेंशन से संबंधित मामलों के बारे में कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान करेंगे। उनके अलावा साईबर सुरक्षा एवं डिजिटल बैंकिंग के विशेषज्ञ भूतपूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों को डिजिटल बैंकिंग और साईबर सुरक्षा के बारे में जागरुक करेंगे। उपनिदेशक ने जिला के भूतपूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों से इस शिविर का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

## 15 तक बिजली बिल जमा करवाएं उपभोक्ता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर के अंतर्गत आने वाले उपभोक्ताओं को बिजली के बिल जमा करवाने के लिए 15 जून तक का समय दिया गया है। सहायक अभियंता सौरभ राय ने कहा कि उपमंडल के जिन विद्युत उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बिलों का भुगतान नहीं किया है, वे इनका भुगतान 15 जून तक हमीरपुर शहर के भोटा चैक पर स्थित उपमंडल कार्यालय के काउंटर पर या ऑनलाइन माध्यम से कर दें। उन्होंने बताया कि इस तिथि तक बिल जमा न करवाने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन पूर्व सूचना के बगैर ही काट दिए जाएंगे। सहायक अभियंता ने उपमंडल के सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

## नौकरी लेने के लिए 12 को आएं नादौन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बद्दी की डॉ. रेड्डीज लैबोरेट्रीज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी सेल्फ मैनेज्ड टीम (एसएमटी) ट्रेनी के 70 पदों को भरने के लिए 12 जून को सुबह 10 बजे उपरोजगार कार्यालय नादौन में साक्षात्कार लेगी। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए मेडिकल या नॉन मेडिकल संकाय में 60 प्रतिशत अंकों के साथ बारहवीं पास फ्रेशर युवक और युवतियां पात्र होंगी। इनकी आयु 18 से 20 वर्ष होनी चाहिए तथा ये अविवाहित हों। चयनित उम्मीदवारों को 17,416 रुपये मासिक मानदेय, रियायती दरों पर भोजन, आवास, परिवहन और अन्य सुविधाएं मिलेंगीं। कंपनी में कार्य के साथ-साथ इन उम्मीदवारों को चित्कारा विश्वविद्यालय से फार्मास्यूटिकल कैमिस्ट्री में बीएससी का डिग्री कोर्स भी करवाया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अगर कोई युवा इन पदों के लिए योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है तो वह अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है।

# नवनिर्वाचित बीडीसी सदस्य बबीता कुमारी ने समर्थकों सहित धूमल से लिया आशीर्वाद

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** पंचायती राज संस्थाओं के हाल ही में संपन्न चुनावों में विजयी हुई पंजोत से नवनिर्वाचित बीडीसी सदस्य बबीता कुमारी ने अपने समर्थकों के साथ समीरपुर स्थित आवास पर पहुंचकर प्रो. धूमल से भेंट की तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।



पूर्व सीएम प्रेम कुमार धूमल से मुलाकात करते हुए। अनंत ज्ञान

इस अवसर पर बबीता कुमारी ने चुनाव में मिली सफलता के लिए क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मतदाताओं द्वारा उन पर जताए गए विश्वास पर खरा उतरने के लिए वे पूरी निष्ठा एवं समर्पण भाव से कार्य करेंगी। उन्होंने क्षेत्र के समग्र विकास, जनसमस्याओं के समाधान तथा ग्रामीण हितों को प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की। प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने बबीता कुमारी को जीत की शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि नव-निर्वाचित जनप्रतिनिधि क्षेत्र के विकास और लोगों के कल्याण के लिए सकारात्मक भूमिका निभाएंगे। इस दौरान बबीता कुमारी के साथ आए समर्थकों ने भी प्रो. धूमल से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तथा क्षेत्र के विकास संबंधी विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

## नादौन कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान, नादौन।** सिद्धार्थ राजकीय महाविद्यालय, नादौन में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया 1 जून 2026 से प्रारम्भ हो चुकी है। महाविद्यालय में बी.ए., बी.एससी., बी.कॉम., बी.बी.ए. तथा बी.सी.ए. व बी वोक पाठ्यक्रमों में प्रवेश ऑनलाइन माध्यम से किए जाएंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार बस्सी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रवेश प्रक्रिया को पूर्णतः ऑनलाइन रखा गया है ताकि विद्यार्थियों को सुविधाजनक एवं पारदर्शी व्यवस्था उपलब्ध हो सके। इच्छुक विद्यार्थी 1 जून से महाविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट gcnadaun.ac.in पर उपलब्ध प्रवेश लिंक के माध्यम से अपना पंजीकरण एवं आवेदन कर सकेंगे।

# भोरंज में 9 को वाहन पासिंग, 10 को ड्राइविंग टेस्ट

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** एसडीएम भोरंज शशि पाल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य परिवहन प्राधिकरण द्वारा जारी जून 2026 के कार्यक्रम के अनुसार भोरंज में 9 जून 2026 को वाहनों की पासिंग तथा 10 जून 2026 को ड्राइविंग टेस्ट आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वाहन पासिंग के लिए आने वाले वाहन मालिक 9 जून को निर्धारित समय पर अपने वाहन एवं आवश्यक दस्तावेजों सहित उपस्थित हों। वहीं ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थी 10 जून को आयोजित होने वाले ड्राइविंग टेस्ट में भाग लें। एसडीएम शशि पाल शर्मा ने सभी आवेदकों से समय पर पहुंचने और निर्धारित दस्तावेज साथ लाने की अपील की है, ताकि प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके। उन्होंने कहा कि परिवहन संबंधी सेवाओं का लाभ लेने के लिए अभ्यर्थी विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम से संबंधित किसी भी अतिरिक्त जानकारी के लिए संबंधित परिवहन कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

# राजीव राणा को मिला सचिव स्तर का दर्जा, क्षेत्र में खुशी की लहर

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग (ओबीसी आयोग) के सदस्य राजीव राणा को सचिव स्तर का दर्जा प्रदान किया है। सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार उन्हें सचिव स्तर के समकक्ष सुविधाएं, प्रोटोकॉल और अन्य सेवा संबंधी लाभ प्राप्त होंगे। भोरंज विधानसभा क्षेत्र के दलालड़ गांव से संबंध रखने वाले राजीव राणा को सचिव स्तर का दर्जा मिलने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों ने इसे क्षेत्र तथा पिछड़ा वर्ग समाज के लिए गौरव का विषय बताया है।



राजीव राणा ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह और प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि प्रदेश के लाखों पिछड़ा वर्ग परिवारों की आकांक्षाओं और अधिकारों का सम्मान है। उन्होंने कहा कि वे सामाजिक न्याय, समान अवसर और पिछड़ा वर्ग समाज के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और राजनीतिक भागीदारी को मजबूत बनाने के लिए राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग निरंतर प्रयासरत है और भविष्य में भी समाज के हितों को सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा। राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों में इस निर्णय का स्वागत किया जा रहा है। जानकारों का मानना है कि इससे पिछड़ा वर्ग समाज की आवाज शासन-प्रशासन के उच्च स्तर तक और अधिक प्रभावी ढंग से पहुंचेगी तथा आयोग की भूमिका को नई मजबूती मिलेगी।

# 30 जून तक बनवाएं अपने परिवार के हिमकेयर कार्ड

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा प्रायोजित स्वास्थ्य योजना हिमकेयर के अंतर्गत पंजीकृत सरकारी अस्पताल में दाखिल होने पर परिवार को पांच लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलती है। हिमकेयर के अंतर्गत स्मार्ट कार्ड बनाने की सुविधा लोकमित्र केंद्रों, साइबर कैफे या आवेदक स्वयं वेबसाइट पर, आधार कार्ड, राशन कार्ड, मोबाइल नंबर और श्रेणी प्रमाण पत्र अपलोड करवा कर और निर्धारित प्रीमियम का भुगतान कर बनवा सकते है। हिमकेयर योजना के अंतर्गत श्रेणियों को ध्यान में रखते हुए प्रीमियम की दरें तय की गई हैं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अजय कुमार अत्री ने बताया की अब नया कार्ड पंजीकरण साल में सिर्फ मार्च, जून, सितंबर वदिसंबर महीने में ही होगा और अब 1 जून से लेकर 30 जून तक ही नया कार्ड पंजीकरण प्रक्रिया जारी रहेगी स इसके अलावा कार्ड का नवीनीकरण भी 30 जून 2026 तक करवा सकते हैं। इन कार्डों की वैद्यता 1 साल के लिए होगी स योजना के अंतर्गत लोकमित्र केंद्र या कॉमन सर्विस सेंटर में नामांकन करने और दस्तावेजों को अपलोड करने के लिए लाभार्थी से प्रीमियम ( पहली श्रेणी बी.पी.एल, मनेरेगा, रजिस्टर्ड रेहड़ी- फेरी वाले 0 प्रीमियम दे कर अपना हिम केयर कार्ड बनवा सकते हैं। दूसरी श्रेणी रू एकल नारी, 40 प्रतिशत से अधिक विकलांग, दैनिक भोगी, संविदा कर्मचारी, अंशकालिक कर्मचारी, आउट्ससोर्स कर्मचारी , 365 रुपये दे कर अपना हिम केयर कार्ड बनवा सकते हैं। तीसरी श्रेणी जो लाभार्थी पहली व दूसरी श्रेणी में नहीं आते हैं व न ही वह सरकारी कर्मचारी और पेंशनर या उनके आश्रित परिवार के सदस्य नहीं हैं 1000 रुपए देकर अपना हिम केयर कार्ड बनवा सकते हैं। इसके अतिरिक्त 50 रुपए का शुल्क लिया जाएगा। योजना में विभिन्न प्रकार की आम व गंभीर बीमारियों को शामिल किया गया है। लाभार्थी हिम केयर कार्ड के अंतर्गत पंजीकृत सरकारी अस्पतालों के अलावा पंजीकृत निजी अस्पतालों में जाकर मुफ्त इलाज करवा सकते हैं।

# जेबीटी भर्ती परीक्षा व टेट एक ही दिन है तो सूचित करें अभ्यर्थी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि जेबीटी पोस्ट कोड-26015 की भर्ती के लिए आयोग 13, 14 और 16 जून को विभिन्न शिफ्टों में कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) आयोजित करने जा रहा है। इसी बीच, राज्य शिक्षा बोर्ड भी विभिन्न संकायों की टैट परीक्षाएं आयोजित कर रहा है। डॉ. विक्रम महाजन ने कहा कि जेबीटी पोस्ट कोड-26015 की भर्ती के शेड्यूल के अनुसार अगर किसी अभ्यर्थी की सीबीटी परीक्षा और टैट की परीक्षा एक ही दिन आ रही है तो वह 5 जून तक आयोग की ईमेल आईडी पर सूचित कर दे। इस ईमेल में टैट की परीक्षा के प्रमाण के रूप में उक्त परीक्षा का एडमिट कार्ड या कोई अन्य दस्तावेज अवश्य संलग्न होना चाहिए। उन्होंने बताया कि निर्धारित अवधि के भीतर सूचना प्राप्त होने पर आयोग ऐसे अभ्यर्थियों की जेबीटी भर्ती परीक्षा के शेड्यूल में आंशिक बदलाव करने पर विचार कर सकता है।

# जेईई एडवांस्ड में हिम अकादमी का जलवा

## मेधावियों ने संस्थान का नाम किया रोशन, राष्ट्रीय स्तर पर बनाई खास जगह

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हिम अकादमी संस्थान के विद्यार्थियों ने देश की सबसे कठिन इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में से एक जेईई एडवांस्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान तथा जिले का नाम गौरवान्वित किया है। संस्थान के मेधावी छात्र कल्पित ठाकुर अखिल भारतीय रैंक, (एआईआर) 278, छात्रा आनंदिता चौधरी ने अखिल भारतीय रैंक (एआईआर) 645 प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। इसके अतिरिक्त विहान बंसल एआईआर (14156)तथा शाश्वत शर्मा एआईआर (19462) ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है।



विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से पूरे संस्थान में हर्ष और उत्साह का वातावरण है। शिक्षकों, अभिभावकों और सहपाठियों ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। सफल विद्यार्थियों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया। उनका कहना है कि कठिन परिश्रम, नियमित अभ्यास और शिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन ने उन्हें यह सफलता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विद्यार्थियों ने बताया कि परीक्षा की तैयारी के दौरान शिक्षकों ने न केवल विषयों को गहराई से समझाया, बल्कि हर चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में उनका उत्साहवर्धन भी किया। कल्पित ठाकुर ने कहा कि लक्ष्य के प्रति समर्पण, अनुशासन और निरंतर प्रयास सफलता की कुंजी हैं। उन्होंने बताया कि माता-पिता के विश्वास और शिक्षकों के मार्गदर्शन ने उन्हें सदैव बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। वहीं आनंदिता चौधरी,विहान बंसल और शाश्वत शर्मा ने भी अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार और शिक्षकों को देते हुए कहा कि उनके सहयोग और प्रोत्साहन के बिना यह उपलब्धि संभव नहीं थी। इस अवसर पर हिम अकादमी संस्थान के अध्यक्ष रतन चंद लखनपाल, उपाध्यक्ष चंद्र प्रभा लखनपाल, निर्देशक पंकज लखनपाल, प्रधानाचार्य नैना लखनपाल, अकादमिक प्रधानाचार्य हिमांशु शर्मा, उप प्रधानाचार्य अश्विनी कुमार, संजीव कुमार, क्षितिज धवन, विकास कुमार एवं प्रबंधन ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की अथक मेहनत, शिक्षकों की समर्पित कार्यशैली और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। जेईई एडवांस्ड में प्राप्त यह सफलता न केवल हिम अकादमी संस्थान के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह आने वाले विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी। संस्थान परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनकी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

# अंतरराष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट में डीएवी हमीरपुर के छात्र की शानदार उपलब्धि



अतिक्ष ठाकुर का स्कूल पहुंचने पर स्वागत करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल हमीरपुर के कक्षा दसवीं के छात्र अतिक्ष ठाकुर ने ओडिशा स्थित केआईआईटी कैंपस में आयोजित अंतरराष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ब्लिट्ज श्रेणी में आठवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। इस प्रतियोगिता में विश्वभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया।

अतिक्ष ने अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए एक इंटरनेशनल मास्टर (आईएम) को पराजित किया तथा कई ग्रैंडमास्टर्स (जीएम) के विरुद्ध मुकाबले ड्रॉ किए। उनकी इस उपलब्धि के लिए उन्हें ₹7,500 की नकद पुरस्कार राशि भी प्रदान की गई। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण अतिक्ष की ब्लिट्ज रेटिंग में 162 अंकों तथा क्लासिकल रेटिंग में 60 अंकों की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

इस उपलब्धि के साथ वे हिमाचल के सर्वाधिक रेटिंग प्राप्त शतरंज खिलाड़ियों में अपना स्थान बनाने में सफल हुए हैं। स्कूल पहुंचने पर प्रधानाचार्य महेन्द्र सिंह ठाकुर ने अतिक्ष को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि अतिक्ष की यह सफलता विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है। विद्यालय परिवार ने अतिक्ष को इस शानदार उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

**जानकारी** चुने हुए पार्षदों को दिलाई जाएगी शपथ, उसके बाद होगी प्रक्रिया शुरू

# नप सुजानपुर को आज मिलेंगे अध्यक्ष व उपाध्यक्ष

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** नगर परिषद सुजानपुर के नवनिर्वाचित पार्षदों को आज शपथ दिलाई जाएगी। नगर परिषद द्वारा इस बाबत नवनिर्वाचित पार्षदों को सूचित कर दिया गया है। नगर परिषद ईओ हर्षित शर्मा के अनुसार अगर पार्षदों में सहमति हुई तो इसी दिन अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव भी हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले नवनिर्वाचित पार्षदों को शपथ दिलाई जाएगी। उसके बाद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुने की प्रक्रिया करवाई जाने का कार्य किया जाएगा।

वीरवार को अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुनने के लिए बैठक आयोजित होगी। वीरवार को रखी गई नगर परिषद की बैठक में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुने जाने के लिए शपथ ग्रहण के बाद बैठक भी आयोजित की जाएगी। नगर परिषद में भाजपा के समर्थन से तीन प्रत्याशी चुनाव जीते हैं। जबकि कांग्रेस के दो समर्थक प्रत्याशी चुनाव जीते हैं। इसके अलावा चार निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव जीतकर नगर परिषद में पहुंचे हैं।

पहले दिन रखी गई बैठक में 9 में से 7 पार्षदों का पहुंचना अनिवार्य रखा गया है। अगर इस दिन 7 पार्षद नहीं पहुंचे तो 3 दिन के भीतर चुनाव के लिए एक बैठक फिर रखी जाएगी। जिसमें फिर से चुनाव की प्रक्रिया दोहराई जाएगी, लेकिन उस बैठक में 7 पार्षदों की उपस्थित होने की अनिवार्यता नहीं रखी गई है।तथा उपस्थित होने वाले पार्षदों के बीच में चुनाव की प्रक्रिया को दोहराया जाएगा।

### पार्षदों के साथ विधायक भी कर सकते हैं वोट

**अध्यक्ष** और उपाध्यक्ष को चुनने में पार्षदों के साथ-साथ विधायक का वोट भी अहम रहेगा। क्षेत्र का विधायक संबंधित नगर परिषद का परमानेंट मेंबर होता है। क्योंकि विधायक सुजानपुर कांग्रेस के हैं। तो कांग्रेस को इस बात का एज रहेगा। तथा अगर वोटिंग की बारी आई तो उनका वोट भी गिना जाएगा।

### भाजपा को बहुमत के लिए दो पार्षदों की जरूरत

**भाजपा** को बहुमत के लिए दो और पार्षदों की जरूरत है। जबकि कांग्रेस को चार पार्षद बहुमत के लिए चाहिए। अब दोनों दल अपने-अपने समर्थकों को नगर परिषद के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पद पर बैठना चाहते हैं। तथा इसके लिए तिकड़म लगाने भी शुरू कर दिए हैं।

> **शपथ** ग्रहण के बाद नगर परिषद की बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को चुनने की प्रक्रिया की जाएगी। पहले दिन बैठक में 9 में से साथ पार्षदों की उपस्थिति आवश्यक रहेगी।
>
> -विकास शुक्ला, एसडीएम, सुजानपुर।



### कौन-कौन है दौड़ में

**नगर** परिषद अध्यक्ष महिला के लिए आरक्षित है। नगर परिषद सुजानपुर में कुल 6 महिला पार्षद जीती हैं। अंदर खाते सभी अध्यक्ष बनने की दौड़ में हैं। तथा खुद के लिए समर्थन जुटाने में लगे हुए हैं। वार्ड नंबर आठ से जीती वीना धीमान पहले भी नगर परिषद की अध्यक्ष रह चुकी हैं। तथा वह इस पद की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। इसके इलावा भाजपा की मीनाक्षी गुप्ता भी पहले पार्षद रह चुकी हैं तथा उन्हें नगर परिषद में कार्य का अनुभव है। पहली बार जीती चार अन्य महिला पार्षद भी अपने लिए समर्थन छुटने में लगी हुई हैं।

# आपसी सहमति से करवाएं केसों का निपटारा, समय व धन की होगी बचत

अनंत ज्ञान

◆ **लंबित मामलों के निपटारे के लिए 12 सितंबर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत**

**हमीरपुर।** अदालतों में लंबित मामलों को मध्यस्थता, सुलह एवं आपसी सहमति से निपटाने के लिए आरंभ किए गए 'मध्यस्थता राष्ट्र के लिए 2.0' अभियान का लाभ उठाने के लिए संबंधित अदालतों में आवेदन किया जा सकता है। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव कुलदीप शर्मा ने बताया कि अदालतों में लंबित मामलों का निपटारा मध्यस्थता, सुलह एवं आपसी सहमति से भी किया जा सकता है। इससे दोनों पक्षों के समय और धन की बचत होती है तथा उनमें सौहार्दपूर्ण संबंध भी बने रहते हैं। कुलदीप शर्मा ने बताया कि अदालतों में कई मामले लंबे समय तक लंबित रहते हैं। इससे दोनों पक्षों का बहुमूल्य समय और धन खर्च होता है। इससे बचने के लिए मध्यस्थता, सुलह एवं आपसी सहमति एक बहुत ही अच्छा माध्यम हो सकता है। इसी के मद्देनजर राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण (नालसा) ने 'मध्यस्थता राष्ट्र के लिए 2.0' अभियान शुरू किया है। अगर कोई पक्ष इस अभियान के तहत अपने केस का निपटारा करवाना चाहता है तो वह संबंधित अदालत में आवेदन कर सकता है। मध्यस्थता के लिए कोई भी शुल्क नहीं लिया जाएगा। कुलदीप शर्मा ने बताया कि वैवाहिक विवाद, चेक बाउंस के मामले, दुर्घटनाओं से संबंधित केस, क्रिमिनल कपाउंडेबल अपराध, बीमा और एलए इत्यादि से संबंधित मामलों को मध्यस्थता से निपटाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि लंबित मामलों को निपटाने के लिए राष्ट्रीय लोक अदालतें भी लगाई जाती हैं। अगली राष्ट्रीय लोक अदालत की तिथि 12 सितंबर निर्धारित की गई है। इस दिन जिला हमीरपुर के सभी न्यायिक परिसरों में भी ये अदालतें लगाई जाएंगी। लोग इनमें अपने मामलों का त्वरित निपटारा करवा सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### शहीद भगत सिंह स्मृति संघ नाग चवासी प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेने के लिए रवाना

**अनंत ज्ञान, भौर।** समुद्र तल से लगभग 6500 फुट की ऊंचाई पर स्थित नाग चवासी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले समारोह में भाग लेने के लिए शहीद भगत सिंह स्मृति संघ का प्रतिनिधिमंडल रवाना हो गया है। संघ के सदस्यों को क्षेत्र की सनातनी मंडली ने देवभूमि को नमन करते हुए शुभकामनाओं के साथ उत्साहपूर्वक विदा किया।संघ के प्रधान देवेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि यात्रा दल में संघ के सचिव विरेंद्र ठाकुर सहित कुलदीप चंदेल, कश्मीर भंडारी, प्रताप सिंह परमार और तजेंद्र गौतम शामिल हैं। रवाना होने से पूर्व सभी सदस्यों ने नाग चवासी के जयकारों के साथ अपनी धार्मिक यात्रा का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि यह यात्रा केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि क्षेत्र की समृद्ध देव संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का भी एक महत्वपूर्ण अवसर है।

### सुंदरनगर में ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट 6 को

**अनंत ज्ञान, महादेव।** सुंदरनगर प्रशासन द्वारा गाड़ियों की पासिंग सहित लाइसेंस टेस्ट की तिथियां तय कर दी गई हैं। एसडीएम (सिविल) कुमार अमर नेगी ने बताया कि 6 जून को ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट करनोडी स्थित बएसएल परियोजना (बीबीएमबी) स्थली के माडल स्कूल के निकट मैदान में लिए जाएंगे। वहीं, 15 जून को व्यवसायिक वाहनों की पासिंग की जाएगी तथा 16 जून को नीजि वाहनों की पासिंग की जाएगी।

### भद्रवाड़ में 6 जून को लगेगा पावर कट

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** विद्युत उपमंडल भद्रवाड़ के अंतर्गत 33/11 के.वी. विद्युत उपकेंद्र रखोटा में सामान्य रखरखाव एवं पेंटिंग कार्य के चलते 6 जून को भद्रवाड़ क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी देते हुए विद्युत उपमंडल भद्रवाड़ के सहायक अभियंता ई. हंस राज ने बताया कि प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक पिंगला, मसेरन, भद्रवाड़, जमनी तथा आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। खराब मौसम के चलते उपरोक्त्त कार्य को अगले दिन किया जाएगा।

### विकास और सेवा होगी प्राथमिकता : उषा

**अनंत ज्ञान, भौर।** छातर एवं जुगाहण पंचायत क्षेत्र से बीडीसी सदस्य पद पर निर्वाचित हुईं उषा कुमारी इन दिनों घर-घर जाकर मतदाताओं का आभार व्यक्त कर रही हैं। चुनाव में शानदार जीत दर्ज करने के बाद उन्होंने अपनी सफलता का पूरा श्रेय क्षेत्र की जनता को दिया है। उषा कुमारी ने कहा कि बीडीसी पद के लिए चार उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे, जिसमें उन्हें 1471 मत प्राप्त हुए और दोनों पंचायतों के लोगों ने उन पर विश्वास जताते हुए भारी समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि यह जीत उनकी नहीं बल्कि क्षेत्र की जनता की जीत है। उषा कुमारी ने कहा कि अब उनका एकमात्र लक्ष्य जनसेवा और क्षेत्र का समग्र विकास है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वह अपने समर्थकों और आम लोगों के बीच रहकर छातर एवं जुगाहण पंचायतों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाएंगी तथा उनके समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेंगी। उन्होंने चुनाव के दौरान सहयोग देने वाले सभी मतदाताओं, समर्थकों और शुभचिंतकों का विशेष रूप से धन्यवाद व्यक्त किया।

### जनगणना के लिए जोगिंद्रनगर में प्रशिक्षण शुरू

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जनगणना-2027 के प्रथम चरण के सफल संचालन के लिए जोगिंद्रनगर में मंगलवार से प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया। प्रशिक्षण के पहले दिन 50-50 प्रतिभागियों के दो बैचों को प्रशिक्षण दिया गया। यह कार्यक्रम 3 जून से 12 जून तक तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा। जोगिंद्रनगर क्षेत्र में कुल छह बैचों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें विभिन्न विभागों के 282 सरकारी कर्मचारी भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान फील्ड ट्रेनर अनिल कुमार, रविंद्र ठाकुर, दीपक कुमार और जितेंद्र कुमार गणनाकर्मियों को जनगणना प्रक्रिया, मोबाइल एप्लिकेशन के उपयोग, प्रपत्रों के संधारण तथा आंकड़ों के संकलन संबंधी जानकारी दे रहे हैं। साथ ही फील्ड में आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों और उनके समाधान के बारे में भी प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर तहसीलदार जोगिंद्रनगर रजत सेठी ने कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं और संसाधनों के प्रभावी नियोजन का महत्वपूर्ण आधार है। इसलिए प्रत्येक गणनाकर्मी को अपने दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और सटीकता के साथ करना चाहिए। उन्होंने बताया कि जनगणना-2027 के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं आवास गणना का कार्य 16 जून से 15 जुलाई तक किया जाएगा।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सीखा योग



**अनंत ज्ञान, महादेव।** पब्लिक स्कूल मंगलम के नजदीक आंगनबाड़ी केंद्र में तय मीटिंग (मासिक बैठक) में बेहतर स्वास्थ्य को लेकर योगी शिक्षा दी गई। आयुष विभाग महादेव के योग शिक्षक राजेंद्र कुमार ने महिलाओं को सूक्ष्म व्यायाम प्राणायाम व ध्यान करवाया। योग गाइड ने बताया कि महिलाओं के लिए योग अत्यंत आवश्यक है। 21 जून को योग दिवस के उपलक्ष्य में जगह-जगह योगी कक्षाएं ली जा रही हैं ताकि स्वास्थ्य परमधर्म का मूलमंत्र हम सबमें पूरी तरह से रच बस जाए।

### पूर्व जेसीओ चेत राम पंचतत्व में विलीन

**अनंत ज्ञान, रमेश भारती, जंगमबाग।** लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे आईटीबीपी के सेवानिवृत्त जेसीओ चेत राम का निधन हो गया। 61 वर्षीय चेत राम ने उपचार के दौरान पिछली रात हिमाचल प्रदेश के एम्स बिलासपुर में अंतिम सांस ली। वे अपने सेवाकाल के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वहन कर चुके थे तथा उत्कृष्ट सेवाओं के लिए कई राष्ट्रीय सम्मान भी प्राप्त कर चुके थे। उनके निधन का समाचार जैसे ही उनके पैतृक गांव बरच्छवाड़ पहुंचा, पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। ग्रामीणों, सामाजिक संगठनों तथा उनके परिचितों ने इसे क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति बताया। दिवंगत चेत राम अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार गांव ज्वाला स्थित श्मशान घाट में पूरे सम्मान के साथ किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों, रिश्तेदारों, पूर्व सैनिकों और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने उपस्थित होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उनके निधन से क्षेत्र में शोक का माहौल है।

### सरकाघाट में अस्थायी विक्रेता के लिए मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** तहसील कार्यालय परिसर सरकाघाट में अस्थायी विक्रेता के एक पद को भरने के लिए पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उपमंडलाधिकारी (ना.) सरकाघाट द्वारा जारी कार्यालय नोटिस के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, चरित्र प्रमाण-पत्र तथा हिमाचली प्रमाण-पत्र सहित सभी आवश्यक दस्तावेज 24 जून, 2026 तक कार्यालय उपमंडलाधिकारी (ना.) सरकाघाट में जमा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले किसी भी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थियों से समय रहते अपने आवेदन एवं आवश्यक दस्तावेज कार्यालय में प्रस्तुत करने का आग्रह किया गया है।

### जयराम ठाकुर पर टिप्पणी करने से पहले कांग्रेस अपनी हार पर आत्ममंथन करे : निहाल चंद

**अनंत ज्ञान, मंडी।** भाजपा मंडी जिला अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू एवं एपीएमसी अध्यक्ष संजीव गुलेरिया के बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं को भाजपा और जयराम ठाकुर की चिंता छोड़कर अपनी पार्टी की करारी हार और अंतर्कलह पर आत्ममंथन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हाल ही में संपन्न नगर निकाय एवं पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों में जनता ने भाजपा की नीतियों और नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए कांग्रेस सरकार को स्पष्ट संदेश दिया है। मंडी, सोलन और धर्मशाला सहित प्रदेशभर में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों की जीत कांग्रेस सरकार के प्रति जनता की नाराजगी का प्रमाण है। निहाल चंद शर्मा ने कहा कि एपीएमसी अध्यक्ष संजीव गुलेरिया को अपने राजनीतिक कद का आकलन करने के बाद ही नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर टिप्पणी करनी चाहिए। मंडी की जनता के दिलों में जयराम ठाकुर के प्रति विशेष सम्मान है और चुनावी परिणाम इसका प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि मीडिया की सुर्खियों में बने रहने के लिए दिए जा रहे ऐसे बयान कांग्रेस की हताशा को दर्शाते हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस के अपने नेता ही संगठन और टिकट वितरण को लेकर सवाल उठा रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस नेताओं को भाजपा पर टिप्पणी करने के बजाय अपनी पार्टी की स्थिति सुधारने पर ध्यान देना चाहिए।

# सड़क किनारे और संधोल नाले में मिलीं सरकारी सीमेंट की बोरियां

## जलशक्ति विभाग की लापरवाही और कार्यप्रणाली पर उठे गंभीर सवाल

अनंत ज्ञान

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** संधोल में सरकारी सिस्टम की लापरवाही एक बार फिर सवालों के घेरे में है। यहां जलशक्ति विभाग के उपमंडल क्षेत्र में चल रहे नाले के चैनलाइजेशन कार्य के दौरान सरकारी सीमेंट की बोरियां सड़क किनारे और नाले में लावारिस हालत में फेंकी मिली हैं। मामला सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में भारी रोष है और विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। जानकारी के अनुसार सैनिक कैंटीन के पास कई सीमेंट की बोरियां खुले में पड़ी मिलीं।

लोगों का आरोप है कि यह वही सरकारी सीमेंट है, जिसका उपयोग विकास कार्यों में होना था, लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही और मनमानी के कारण अब यह मिट्टी में मिल रही है। लोगों ने सवाल उठाया कि जब गांवों की टूटी सड़कें, अधूरे नाले और पेयजल योजनाएं फंड के अभाव में वर्षों तक लटकी रहती हैं, तब आखिर सरकारी सीमेंट को इस तरह फेंकने की हिम्मत किसने दी?



संधोल में नाले में पड़ीं सरकारी सीमेंट की बोरियां। अनंत ज्ञान

ग्रामीणों का कहना है कि विभाग ने नाले के चैनेलाइजेशन कार्य को भी बंद कर दिया है और उन्होंनेने यह भी आशंका जताई है कि नाले के चैनलाइजेशन कार्य में भारी अनियमितताएं हो सकती हैं। उनका कहना है कि यदि निर्माण सामग्री का यही हाल है तो कार्य की गुणवत्ता का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। लोगों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या विभागीय अधिकारियों को इस बर्बादी की जानकारी नहीं थी या फिर जानबूझकर आंखें मूंद ली गईं? सरकारी सीमेंट आखिर सड़क किनारे और नाले तक कैसे पहुंचा? यदि यह निर्माण कार्य की बची सामग्री थी तो इसे सुरक्षित तरीके से विभागीय स्टोर में जमा क्यों नहीं करवाया गया? इन सवालों के जवाब अब जनता मांग रही है। विकास के नाम पर बड़े-बड़े दावे करने वाले विभागों के लिए यह घटना किसी तमाचे से कम नहीं है। एक तरफ गांवों में लोग बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं, दूसरी तरफ सरकारी संसाधनों को खुलेआम बर्बाद किया जा रहा है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में कार्रवाई करता है या यह मामला भी अन्य शिकायतों की तरह फाइलों में दबकर रह जाएगा।

उधर, जलशक्ति विभाग उपमंडल संधोल के सहायक अभियंता सूरजमणि ने बताया कि उनके ध्यान में ऐसा कोइ मामला नहीं है।

# अभिनेत्री व मॉडल चांदनी ने हाटेश्वरी मंदिर में नवाया शीश

अनंत ज्ञान



- अनंत ज्ञान के संवाददाता ने भेंट की समाचार पत्र की प्रति
- अभिनेत्री ने जनता से जुड़े मुद्दे उठाने के लिए अनंत ज्ञान को सराहा

**भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** मंडी जिला के गोहर क्षेत्र में जन्मी प्रसिद्ध अभिनेत्री एवं मॉडल चांदनी शर्मा से हाटेश्वरी मंदिर परिसर में माथा टेका। चांदनी शर्मा अपने माता-पिता के साथ माता हाटेश्वरी के दर्शन करने पहुंची थीं, जहां उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान अनंत ज्ञान समाचार पत्र के संवाददाता भीम बसेड़ू राजपूत ने अभिनेत्री को समाचार पत्र की प्रति भेंट की।

समाचार पत्र का अवलोकन करने के बाद उन्होंने अनंत ज्ञान के बढ़ते प्रसार तथा इसके पीछे कार्य कर रही टीम के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धा के दौर में किसी समाचार पत्र का पाठकों के बीच अपनी पहचान बनाना और उसे लगातार मजबूत करना आसान कार्य नहीं है। उन्होंने जनता से जुड़े मुद्दे उठाने के लिए अनंत ज्ञान की खूब सराहना की। उल्लेखनीय है कि चांदनी शर्मा ने स्टार प्लस के लोकप्रिय धारावाहिक 'झनक' में अर्शी मुखर्जी की भूमिका निभाकर घर-घर में पहचान बनाई है। इसके अलावा उन्होंने 'इश्क में मरजावां' सहित कई टेलीविजन धारावाहिकों, फिल्मों और डिजिटल मंचों पर अपने अभिनय का प्रभाव छोड़ा है।

# चुनावों में खुली कांग्रेस पार्टी के दावों की पोल : प्रशांत शर्मा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** पंचायती राज एवं नगर निगम चुनावों में भाजपा की एक तरफा और एतिहासिक जीत ने जता दिया है की जिला मंडी भारतीय जनता पार्टी का मजबूत किला है और कांग्रेस पार्टी यहां पर केवल वोट काटु की भूमिका तक ही सीमित है। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रशांत शर्मा ने भाजपा को मिले बड़े जनसमर्थन के बाद यह बातें मीडिया को जारी बयान में कही। उन्होंने निजी चैनल पर कांग्रेस पार्टी के नेताओं के बयान पर टिप्पणी करते हुए कहा कि कांग्रेसी नेताओं को हार स्वीकार कर लेनी चाहिए और मान लेना चाहिए की मुख्यमंत्री सुक्खू की मंडी की मित्र मंडली इन चुनावों में पूरी तरह धराशाई हो चुकी है। उन्होंने कहा कि इन चुनावों के बाद कांग्रेस पार्टी जिला मंडी में दोफाड़ हो चुकी है और कांग्रेसी कार्यकर्ता नेताओं पर टिकट बेचने और टिकट के बदले पैसे लेने के आरोप लगाते हुए संगठन से जुड़े नेताओं का इस्तीफा मांग रहे हैं जो कांग्रेस पार्टी की आंतरिक बदहाली और निम्नतम स्तर को दर्शाने के लिए पर्याप्त है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने इन चुनावों में जहां एक ओर पार्टी कार्यालय में साफ सफाई करने वाले साधारण कार्यकर्ता को टिकट देकर उसे मान सम्मान दिया और जीत हासिल की तो वहीं एक साधारण गृहिणी ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष को हराकर संगठन की एकजुटता का उदाहरण पेश किया।



- कहा- जिला मंडी में कांग्रेस के पास न नीति, न नेतृत्व

# मानसून से पहले हाइड्रोलॉजी विभाग की तैयारियां तेज

**अनंत ज्ञान, हटगढ़।** आगामी मानसून सीजन को देखते हुए जिला मंडी में हाइड्रोलॉजी विभाग ने बाढ़ निगरानी और जलस्तर मापन संबंधी तैयारियां तेज कर दी हैं। विभाग की टीमें विभिन्न नदियों और खड्डों पर बने पुलों पर विशेष मार्किंग लगाने के साथ-साथ आधुनिक उपकरण स्थापित करने में जुटी हुई हैं। इन उपकरणों के माध्यम से नदी-नालों के जलस्तर में होने वाले उतार-चढ़ाव पर लगातार नजर रखी जा सकेगी। विभागीय अधिकारियों के अनुसार पुलों पर लगाई जा रही विशेष मार्किंग से जलस्तर का सटीक आकलन किया जा सकेगा, जबकि आधुनिक सेंसर और मापन यंत्र वास्तविक समय में आंकड़े उपलब्ध कराएंगे। इससे संभावित बाढ़ की स्थिति का समय रहते पता लगाने और संबंधित विभागों को आवश्यक चेतावनी जारी करने में सहायता मिलेगी। अधिकारियों ने बताया कि मानसून के दौरान अचानक बढ़ने वाले जलस्तर को ध्यान में रखते हुए यह कार्य बरसात शुरू होने से पहले पूरा किया जा रहा है।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति का ध्येय शिक्षा को कौशल आधारित एवं विद्यार्थी केंद्रित बनाना : कुलपति

## सरदार पटेल विश्वविद्यालय में ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन

अनंत ज्ञान

- 95 प्राचार्यों, शिक्षकों और शिक्षाविदों ने लिया भाग

**ब्यूरो, मंडी।** सरदार पटेल विश्वविद्यालय (एसपीयू) मंडी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 के अंतर्गत 'स्नातक कार्यक्रमों हेतु पाठ्यक्रम निर्माण एवं क्रेडिट फ्रेमवर्क' विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला में विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालयों के लगभग 95 प्रतिभागियों, जिनमें प्राचार्य, संकाय सदस्य और शिक्षाविद शामिल थे, ने भाग लिया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. ललित कुमार अवस्थी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का उद्देश्य उच्च शिक्षा को अधिक लचीला, बहुविषयी, कौशल आधारित और विद्यार्थी-केंद्रित बनाना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय की चुनौतियों के समाधान के लिए विद्यार्थियों में आलोचनात्मक चिंतन, नवाचार, रचनात्मकता और समस्या समाधान की क्षमता विकसित करना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि एसपीयू द्वारा तैयार नया स्नातक पाठ्यक्रम एवं क्रेडिट फ्रेमवर्क राष्ट्रीय शिक्षा नीति की मूल भावना के अनुरूप है। इसके तहत मेजर-माइनर प्रणाली लागू की गई है, जिससे विद्यार्थी मुख्य विषय के साथ अन्य विषयों का भी अध्ययन कर सकेंगे। उन्होंने अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी), क्रेडिट ट्रांसफर और मल्टीपल एंट्री-एग्जिट व्यवस्था की उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला। प्रो. अवस्थी ने कहा कि चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम अनुसंधान, नवाचार, फील्ड वर्क और विषयगत विशेषज्ञता को बढ़ावा देगा। वहीं, स्किल एन्हांसमेंट कोर्स, इंटर्नशिप, सामुदायिक सहभागिता और फील्ड प्रोजेक्ट विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुख बनाने में सहायक होंगे। उन्होंने बताया कि नए पाठ्यक्रम ढांचे में डीएससी, डीएसई, माइनर कोर्स, एमडीसी, एसईसी, एईसी और वीएसी को शामिल किया गया है, जिससे विद्यार्थियों में विषयगत ज्ञान के साथ संचार कौशल, नैतिक मूल्य, पर्यावरणीय जागरूकता और भारतीय ज्ञान परंपरा की समझ विकसित होगी। डीन अकादमिक अफेयर्स डॉ. पवन कुमार ने प्रतिभागियों का स्वागत किया। तकनीकी सत्र में डॉ. पवन कुमार, डॉ. जगदीप वर्मा और डॉ. नीलम ठाकुर ने आगामी शैक्षणिक सत्र से लागू होने वाले स्नातक पाठ्यक्रम एवं क्रेडिट फ्रेमवर्क की विस्तृत जानकारी दी।

# भौर में पारंपरिक जातर में उमड़ा जनसैलाब

## देव कमरूनाग मंदिर में अद्भुत लोक संस्कृति और भाईचारे का संगम

अनंत ज्ञान

**महेंद्र सिंह राणा, भौर।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत भौर में सड़क किनारे स्थित देव कमरूनाग मंदिर प्रांगण में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गांव की पारंपरिक जातर श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। दशकों पुरानी इस लोक परंपरा को स्थानीय लोगों ने आज भी जीवित रखा है। मेले के सफल आयोजन का श्रेय मेला कमेटी के प्रधान चेत राम नायक और उनकी टीम को जाता है, जो हर वर्ष अपनी मेहनत और समर्पण से इस आयोजन को सफल बनाते हैं। स्थानीय निवासी दर्शन लाल ने बताया कि जातर से कई दिन पहले ही लोग अपने रिश्तेदारों और परिचितों को मेले में शामिल होने का निमंत्रण दे देते हैं। घरों में स्वादिष्ट पकवान तैयार किए जाते हैं तथा आए हुए मेहमानों का पारंपरिक आतिथ्य के साथ स्वागत किया जाता है। लोग एक-दूसरे को पकवान वितरित कर आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने बताया कि जातर में पहुंचे व्यापारी भाइयों ने भी मेले का भरपूर आनंद लिया। मेले में दुकान लगाने आए व्यापारी मिंटू ने कहा कि ग्रामीण मेलों की अपनी अलग पहचान और रौनक होती है। उन्होंने कहा कि आधुनिक टीवी और मोबाइल संस्कृति के इस दौर में लोगों को घरों से निकलकर ऐसे पारंपरिक आयोजनों में भाग लेना चाहिए, ताकि बुजुर्गों के समय से चली आ रही लोक संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित रखा जा सके। जातर में दिनभर श्रद्धालुओं और ग्रामीणों की चहल-पहल बनी रही तथा मेले ने सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का संदेश दिया।




# भाजपा समर्थित प्रत्याशी ने लगाए गंभीर आरोप

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** मंडी जिला के टिहरा जिप वार्ड से भाजपा समर्थित प्रत्याशी वंदना गुलेरिया ने अपनी हार को सरकारी षड़यंत्र करार दिया है। 45 वोट से पराजित घोषित वंदना ने प्रशासन पर गंभीर आरोप जड़े हैं और एसडीएम धर्मपुर की कार्यप्रणाली को राजनीति से प्रेरित बता कर 154 वोट गायब करने का आरोप लगाया है। उन्होंने निर्वाचन आयोग से आग्रह किया है कि इस षड़यंत्र में शामिल सभी अधिकारी कर्मचारियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह किया है। उन्होंने दावा किया है कि मतदान केंद्रों पर पड़े कुल मतों और मतगणना के दौरान गिने गए मतों में 154 वोटों का अंतर सामने आया है, जो पूरे मामले को संदेह के घेरे में लाता है। वंदना गुलेरिया ने स्पष्ट किया कि उन्हें चुनाव परिणाम से कोई आपत्ति नहीं है और वह विजयी प्रत्याशी का सम्मान करती हैं, लेकिन लोकतांत्रिक व्यवस्था की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए 154 मतों के अंतर की जांच आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि मतदान केंद्रों पर पड़े कुल वोट और मतगणना में गिने गए वोटों के आंकड़ों में अंतर है तो यह जानना जनता का अधिकार है कि आखिर ये वोट कहां गए।

# एसएमटी ट्रेनी के 70 पदों के लिए 8 जून को होंगे इंटरव्यू

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने रोजगार के इच्छुक आवेदकों को सूचित किया है कि डॉ. रेड्डीज लेबोरेटरीज प्रा. लिमिटेड, बद्दी (जिला सोलन) ने एसएमटी (सेल्फ मैनेज्ड टीम) ट्रेनी पदों के लिए 70 रिक्तियां अधिसूचित की हैं। कंपनी द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को उत्पादन विभाग में मशीन संचालन से संबंधित कार्य करना होगा। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए अभ्यर्थी का 12वीं (मेडिकल अथवा नॉन-मेडिकल) न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। जिन अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता में कम्पार्टमेंट अथवा शिक्षा में गैप है, वे पात्र नहीं होंगे।

केवल फ्रेशर अभ्यर्थी ही पात्र होंगे। अभ्यर्थियों की न्यूनतम आयु 18 से 20 वर्ष के मध्य होनी चाहिए तथा अविवाहित होना आवश्यक है। महिला अभ्यर्थी भी इन पदों हेतु पात्र हैं। उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को 2.09 लाख रूपये वार्षिक वेतन प्रस्तावित किया गया है। इसके अतिरिक्त कंपनी द्वारा सब्सिडाइज्ड भोजन, आवास एवं परिवहन सुविधा उपलब्ध करवाने की बात कही गई है। कंपनी के अनुसार अभ्यर्थियों की आंखों की दृष्टि पूर्णतः सामान्य होनी चाहिए तथा हाथों का सामान्य रूप से कार्य करना आवश्यक है। कार्यस्थल कंपनी का परिसर बद्दी, जिला सोलन (हिप्र) रहेगा।

उन्होंने इच्छुक आवेदकों से अनुरोध किया है कि वे अपने सभी मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के साथ-साथ इन दस्तावेजों की एक-एक प्रति, 2 पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ, आधार कार्ड, रोजगार कार्यालय पंजीकरण पत्र व अपना नवीनतम बायोडाटा, क्लिपबोर्ड और बॉल पेन साथ लेकर 8 जून सोमवार को जिला रोजगार कार्यालय, मंडी (खलियार) जिला मण्डी, में साक्षात्कार के लिए प्रातः 10.30 बजे उपस्थित हों।

# बालीचौकी में आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत

**अनंत ज्ञान, बालीचौकी।** बालीचौकी क्षेत्र में पंचायत चुनावों के दौरान आदर्श आचार संहिता के कथित उल्लंघन को लेकर एक लिखित शिकायत उपमंडल अधिकारी (नागरिक) बालीचौकी को सौंपी गई है। शिकायतकर्ता संदीप कुमार ने आरोप लगाया है कि 21 मई को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के माध्यम से मतदाताओं को प्रभावित करने का प्रयास किया गया। शिकायत पत्र के अनुसार, सोशल मीडिया पर कथित रूप से यह प्रचार किया गया कि बालीचौकी के जीरो प्वाइंट पर लगी हाई मास्ट लाइट का बिजली बिल जो भी प्रत्याशी भरेगा, मतदाता उसी और उसके समर्थकों को वोट देंगे। शिकायतकर्ता ने दावा किया है कि बाद में एक प्रधान पद के प्रत्याशी द्वारा उक्त बिजली बिल का भुगतान किया गया, जिसकी राशि 8,508 रुपए बताई गई है। शिकायत के साथ ऑनलाइन भुगतान रसीद तथा अन्य दस्तावेजी साक्ष्य भी संलग्न किए जाने की बात कही गई है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि यह कृत्य चुनावी आचार संहिता के उल्लंघन की श्रेणी में आ सकता है।

**अव्यवस्था** लोगों को आने-जाने में हो रही भारी परेशानी, सफाई व्यवस्था पर उठाए सवाल

# बीडीओ ऑफिस सुंदरनगर मार्ग पर कूड़े के ढेर

अनंत ज्ञान

**भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** नगर परिषद सुंदरनगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को लेकर एक बार फिर लोगों में नाराजगी देखने को मिल रही है। बीडीओ कार्यालय सुंदरनगर को जाने वाले सार्वजनिक मार्ग तथा कार्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार से सटे क्षेत्र में कूड़े-कचरे और खाली शराब की बोतलों के ढेर लगे होने से राहगीरों और कार्यालय आने-जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से इस क्षेत्र में सफाई व्यवस्था बदहाल बनी हुई है, जिससे दुर्गंध फैल रही है और प्रदूषण का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। लोगों को यहां से गुजरते समय नाक ढकने के लिए मजबूर होना पड़ता है। उनका कहना है कि सार्वजनिक स्थानों पर नशे से संबंधित सामग्री का बिखरा होना सामाजिक दृष्टि से भी चिंता का विषय है। स्थानीय बुद्धिजीवी अशोक शर्मा, लीलाधर और सुनील सहित अन्य लोगों ने बताया कि नगर परिषद से कई बार सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग उठाई जा चुकी है, लेकिन स्थिति में कोई विशेष सुधार देखने को नहीं मिला है।

उन्होंने कहा कि गंदगी के कारण संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है, जबकि शराब की बोतलों और अन्य नशे से जुड़ी सामग्री के खुले में पड़े रहने से सामाजिक बुराइयों को भी बढ़ावा मिल सकता है। लोगों ने प्रशासन और नगर परिषद से मांग की है कि क्षेत्र में नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं, ताकि सुंदरनगर अपनी पहचान के अनुरूप स्वच्छ और सुंदर बन सके तथा आम लोगों को बेहतर वातावरण उपलब्ध हो सके।




बीडीओ कार्यालय सुंदरनगर को जाने वाले मार्ग पर बिखरा कूड़ा-कचरा और खाली शराब की बोतलें।

**जो** बिना ठोकर खाए मंजिल तक पहुंच जाते हैं, उनके हाथ अनुभव से खाली रह जाते हैं। –शिवकुमार मिश्र 'रज्जन'

## संपादकीय

# पंचायतों में नई पीढ़ी की दस्तक

हिमाचल प्रदेश में नगर निकायों और पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव संपन्न होने के बाद राजनीतिक गतिविधियों की रफ्तार भले ही कुछ धीमी पड़ी हो, लेकिन सत्ता और नेतृत्व के अगले चरण को लेकर राजनीतिक दलों की सक्रियता अभी भी जारी है। जिला परिषदों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पदों के चुनाव को लेकर विभिन्न दल अपने-अपने निर्वाचित प्रतिनिधियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों तक पहुंचाने की रणनीति बनाने में जुटे हैं। यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया का स्वाभाविक हिस्सा है, क्योंकि स्थानीय निकायों में नेतृत्व की भूमिका केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि राजनीतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

जिला परिषदों के निर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण जल्द होने की संभावना है, लेकिन अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव के लिए अभी प्रतीक्षा करनी पड़ सकती है। प्रदेश सरकार की ओर से पहले निर्धारित सात दिन की समय सीमा समाप्त किए जाने के बाद अब इस प्रक्रिया का दारोमदार जिला प्रशासन पर आ गया है। उपायुक्तों की ओर से बैठक बुलाए जाने के बाद ही आगे की कार्रवाई संभव होगी। इससे निर्वाचित प्रतिनिधियों में स्वाभाविक रूप से उत्सुकता और प्रतीक्षा दोनों बनी हुई हैं।

दूसरी ओर पंचायत स्तर पर प्रधानों, उपप्रधानों तथा अन्य निर्वाचित प्रतिनिधियों के शपथ ग्रहण को लेकर भी चर्चाएं जारी हैं। हिमाचल में लंबे समय से यह परंपरा रही है कि मुख्यमंत्री स्वयं पंचायत प्रतिनिधियों को शपथ दिलाते रहे हैं। हालांकि, कोरोना महामारी के दौरान परिस्थितियों के कारण इस व्यवस्था में बदलाव किया गया था, लेकिन इस बार फिर मुख्यमंत्री के स्तर पर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित होने की संभावना है। यह न केवल निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए सम्मान का विषय होगा, बल्कि स्थानीय लोकतंत्र के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का भी प्रतीक माना जाएगा।

इन चुनावों का सबसे महत्वपूर्ण और उत्साहजनक पहलू युवाओं तथा महिलाओं की अभूतपूर्व भागीदारी है। इस बार 10,850 युवा और 16,691 महिलाएं पंचायत व्यवस्था का हिस्सा बनी हैं। यह ग्रामीण समाज में बदलती सोच और लोकतांत्रिक चेतना का परिचायक है। लंबे समय तक स्थानीय शासन में पुरुषों और वरिष्ठ आयु वर्ग का वर्चस्व देखने को मिलता रहा है, लेकिन अब नई पीढ़ी नेतृत्व की जिम्मेदारी संभालने के लिए आगे आ रही है।

युवाओं की बढ़ती भागीदारी के पीछे कई कारण हो सकते हैं। लोकतंत्र और सार्वजनिक जीवन के प्रति बढ़ती जागरूकता इसका एक प्रमुख कारण है। साथ ही रोजगार के सीमित अवसरों के बीच स्थानीय निकायों में सक्रिय भूमिका निभाने की इच्छा भी युवाओं को राजनीति की ओर आकर्षित कर रही है। पंचायत प्रतिनिधि बनने से समाज सेवा का अवसर तो मिलता ही है, साथ ही नेतृत्व क्षमता विकसित करने और सामाजिक पहचान स्थापित करने का मंच भी प्राप्त होता है। स्थानीय स्तर पर प्रभावी भूमिका निभाने वाले कई जनप्रतिनिधि भविष्य में प्रदेश और राष्ट्रीय राजनीति में भी महत्वपूर्ण स्थान हासिल कर सकते हैं।

हालांकि इस बढ़ती भागीदारी के साथ कुछ नई चुनौतियां भी सामने आई हैं। इस बार कई विद्यार्थी पंचायत प्रतिनिधि चुनकर आए हैं। उनके सामने शिक्षा और जनप्रतिनिधित्व के बीच संतुलन बनाए रखने की चुनौती होगी। पढ़ाई और पंचायत कार्य दोनों ही पूर्ण समर्पण की मांग करते हैं। ऐसे में इन युवाओं को समय प्रबंधन और जिम्मेदारियों के निर्वहन का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करना होगा। यदि वे दोनों क्षेत्रों में सफल रहते हैं तो यह अन्य युवाओं के लिए प्रेरणादायक मॉडल बन सकता है। एक अन्य दिलचस्प पहलू यह है कि इस बार अनेक पत्रकार भी पंचायत प्रधान और उपप्रधान चुने गए हैं। पत्रकारिता और जनप्रतिनिधित्व दोनों ही सार्वजनिक जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं। ऐसे में उनके सामने निष्पक्षता और जिम्मेदारी बनाए रखने की चुनौती होगी। यह स्थिति स्थानीय मीडिया और पंचायत प्रशासन दोनों के लिए नए अनुभव लेकर आएगी।

कुल मिलाकर, हालिया पंचायत चुनावों के परिणाम हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण लोकतंत्र में एक सकारात्मक परिवर्तन का संकेत देते हैं। महिलाओं, युवाओं, शिक्षित वर्ग और विभिन्न सामाजिक-आर्थिक समूहों की बढ़ती भागीदारी स्थानीय शासन को अधिक समावेशी और प्रभावशाली बना सकती है। अब वास्तविक परीक्षा चुनाव जीतने के बाद शुरू होती है। जनता ने जिन उम्मीदों के साथ अपने प्रतिनिधियों को चुना है, उन्हें पूरा करने के लिए ईमानदारी, पारदर्शिता और विकासोन्मुख सोच की आवश्यकता होगी। आने वाले वर्षों में यह स्पष्ट होगा कि नई पीढ़ी और नए नेतृत्व ने ग्रामीण विकास की दिशा में कितनी सार्थक भूमिका निभाई। यदि यह उत्साह और प्रतिबद्धता बनी रहती है तो हिमाचल का ग्रामीण लोकतंत्र निश्चित रूप से और अधिक मजबूत, उत्तरदायी तथा जनोन्मुख बनकर उभरेगा।

## आज की प्रमुख हस्ती

### प्रसिद्ध पार्श्वगायकों में से एक

**भारतीय** सिनेमा के महान पार्श्वगायकों में शुमार श्रीपति पण्डितराध्युल बालासुब्रमण्यम (एसपी बालासुब्रमण्यम) का जन्म 4 जून 1946 को आंध्र प्रदेश के नेल्लोर में हुआ था। इंजीनियरिंग की पढ़ाई के दौरान ही उनका रुझान संगीत की ओर बढ़ा। वर्ष 1966 में उन्होंने तेलुगु फिल्म 'श्री श्री मर्यादा रमन्ना' से अपने गायन करियर की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और लगभग पांच दशकों के अपने लंबे करियर में 16 भाषाओं में 40 हजार से अधिक गीत गाए। यह उपलब्धि उन्हें भारतीय संगीत इतिहास के सबसे सफल गायकों में स्थान दिलाती है।



**एसपी बालासुब्रमण्यम**
**जन्म :** 4 जून, 1946
**मृत्यु :** 25 सितंबर, 2020

हिंदी सिनेमा में उन्हें विशेष पहचान तब मिली जब उन्होंने अभिनेता सलमान खान के लिए कई सुपरहिट फिल्मों में अपनी आवाज़ दी। मैंने प्यार किया और हम आपके हैं कौन जैसी फिल्मों के गीत आज भी लोकप्रिय हैं।

गायन के अलावा वे अभिनेता, संगीतकार, निर्माता और कुशल वॉइस ओवर आर्टिस्ट भी थे। उन्होंने अनेक प्रसिद्ध अभिनेताओं के लिए डबिंग की और अपनी बहुआयामी प्रतिभा का परिचय दिया। उनकी उपलब्धियों को देखते हुए भारत सरकार ने उन्हें 2001 में पद्मश्री तथा 2011 में पद्मभूषण से सम्मानित किया। उन्होंने छह राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी प्राप्त किए। 25 सितंबर 2020 को कोरोना संक्रमण के कारण उनका निधन हो गया।



कविता

### दावानल बना है दानव

प्रवीण कुमार, गांव बाडां दा घाट
डाकघर लेहडी सरेल, जिला बिलासपुर

**जेठ** महीने की तपिश से, गर्म हवाओं से सभी जल रहे हैं
सूख रहे हैं पेड़-पौधे, पशु-पक्षी भी हैं भूखे-प्यासे
प्रकृति हो रही व्यथित, दावानल करने लगी बेहाल
दावानल बना है दानव, मानवजनित दावानल से
जलते वनों में जल रहे, असंख्य पेड़ पौधे, जीव-जंतु
पशुओं के आवास, पक्षियों के घोंसले भी जल रहे
जाने कितने जीव हो गए बेघर, दावानल बना है दानव
वायु प्रदूषण में हो रही सतत वृद्धि, विश्व ऊष्णन निरंतर बढ़ रहा
मृदाकटाव बढ़ने से मृदा हो रही बंजर और ऊसर
दूषित हवा से होने लगे, हृदय, त्वचा एवं श्वसन रोग
पारिस्थितिक संतुलन हो रहा नष्ट, पिघलने लगे हैं ग्लेशियर
ओजोन में हो गया है छिद्र, दावानल बना है दानव
वन हैं पृथ्वी के फेफड़े, वन करते ताप नियंत्रित
वन जलवायु को करते प्रभावित, वन हैं धरा पर
जीवन का मूल, आओ वनों को जलने से बचाएं
धरा को हरा-भरा,मनमोहक, स्वस्थ एवं खुशहाल बनाएं।

# ...जब मौत बन जाए सोशल मीडिया का कंटेंट

हाल के दिनों में एक मासूम बच्चे की निर्मम हत्या और हांसी में एक दुकानदार की दर्दनाक हत्या से जुड़े वीडियो सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से पोस्ट और शेयर किए जा रहे हैं। इन वीडियो की एक झलक मात्र ही किसी भी संवेदनशील व्यक्ति की रूह कंपा देने के लिए पर्याप्त है। पूरे वीडियो को देखने की हिम्मत बहुत कम लोग जुटा पा रहे हैं। जो भी इन्हें देख रहा है, वह उनकी भयावहता और अमानवीयता से विचलित हो रहा है। ऐसे वीडियो में न कोई संदेश है, न कोई सकारात्मक उद्देश्य, बल्कि केवल पीड़ा, भय और मानसिक असहजता है। इसलिए यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या सोशल मीडिया पर ऐसी सामग्री का खुलेआम प्रसार उचित है और क्या प्लेटफॉर्म्स को इसे तुरंत हटाने की जिम्मेदारी नहीं निभानी चाहिए? डिजिटल युग में सूचना का आदान-प्रदान पहले की तुलना में कहीं अधिक तेज हो गया है। कोई भी घटना कुछ ही मिनटों में लाखों लोगों तक पहुंच जाती है। यह तकनीक का सकारात्मक पक्ष है, क्योंकि इससे लोगों को त्वरित जानकारी मिलती है, लेकिन जब इसी तकनीक का उपयोग किसी की हत्या, दुर्घटना या व्यक्तिगत त्रासदी के भयावह दृश्यों को फैलाने के लिए होने लगे, तब यह चिंता का विषय बन जाता है। सूचना और सनसनी के बीच एक स्पष्ट अंतर होता है। किसी घटना की जानकारी देना आवश्यक हो सकता है, लेकिन उस घटना के वीभत्स दृश्यों को बार-बार प्रसारित करना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं कहा जा सकता।



डॉ. सत्यवान सौरभ
सामाजिक विचारक
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

जब किसी बच्चे की हत्या होती है या किसी व्यक्ति को बेरहमी से मार दिया जाता है, तब वह केवल एक खबर नहीं होती। उसके पीछे एक परिवार का दर्द, असंख्य टूटे हुए सपने और जीवनभर का दुःख छिपा होता है। ऐसे वीडियो वायरल होने पर पीड़ित परिवारों की पीड़ा और बढ़ जाती है। वे लोग जो पहले से ही अपनों को खोने के सदमे में होते हैं, उन्हें बार-बार वही दृश्य सोशल मीडिया पर देखने पड़ते हैं। यह उनके लिए मानसिक यातना से कम नहीं है। किसी भी सभ्य समाज में मृतक और उसके परिवार की गरिमा का सम्मान किया जाना चाहिए, लेकिन वायरल संस्कृति ने कई बार इस संवेदनशीलता को पीछे छोड़ दिया है।

सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव के साथ 'वायरल' होने की होड़ भी बढ़ी है। अधिक लाइक, व्यूज, शेयर और फॉलोअर्स पाने की चाह में कई लोग बिना किसी नैतिक विचार के ऐसी सामग्री साझा कर देते हैं। कई बार लोग यह कहकर वीडियो पोस्ट करते हैं कि वे सच्चाई दिखा रहे हैं, जबकि वास्तविकता यह होती है कि वे अनजाने या जानबूझकर एक दर्दनाक घटना को डिजिटल तमाशे में बदल रहे होते हैं। किसी की मृत्यु या पीड़ा को लोकप्रियता प्राप्त करने का माध्यम बनाना न केवल असंवेदनशीलता का परिचायक है, बल्कि सामाजिक मूल्यों के क्षरण का भी संकेत है।



मनोवैज्ञानिक दृष्टि से भी ऐसे वीडियो बेहद हानिकारक होते हैं। हिंसक और रक्तरंजित दृश्य देखने से लोगों में तनाव, भय, चिंता और मानसिक बेचैनी बढ़ सकती है। कई संवेदनशील व्यक्तियों को लंबे समय तक ऐसे दृश्य परेशान करते रहते हैं। बच्चों और किशोरों पर इसका प्रभाव और भी गंभीर हो सकता है। वे या तो अत्यधिक भयभीत हो सकते हैं या फिर हिंसा को सामान्य व्यवहार के रूप में स्वीकार करने लगते हैं। इंटरनेट की खुली दुनिया में यह सुनिश्चित करना लगभग असंभव है कि ऐसे वीडियो केवल वयस्कों तक ही सीमित रहें। इसलिए इनका अनियंत्रित प्रसार समाज के मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी खतरा है।

एक और गंभीर समस्या यह है कि लगातार हिंसक सामग्री देखने से लोगों में संवेदनहीनता बढ़ने लगती है। जो दृश्य पहले मन को झकझोर देते थे, वे धीरे-धीरे सामान्य लगने लगते हैं। बार-बार हत्या, दुर्घटना और रक्तपात के दृश्य देखने से मनुष्य के भीतर करुणा और सहानुभूति की भावना कमजोर पड़ सकती है। यह किसी भी समाज के लिए शुभ संकेत नहीं है। एक स्वस्थ समाज की पहचान उसकी संवेदनशीलता होती है। यदि लोग दूसरों के दुःख को महसूस करना छोड़ दें, तो सामाजिक संबंधों और मानवीय मूल्यों की नींव कमजोर होने लगती है। डिजिटल युग ने सूचना के प्रसार को अभूतपूर्व गति दी है, लेकिन इसके साथ जिम्मेदारी का दायरा भी उतना ही बढ़ गया है। हिंसा, हत्या और मानवीय त्रासदियों से जुड़े वीडियो का अनियंत्रित प्रसार न केवल पीड़ितों और उनके परिजनों की गरिमा को ठेस पहुंचाता है, बल्कि समाज की संवेदनशीलता को भी कमजोर करता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स, मीडिया संस्थानों, कानून-व्यवस्था से जुड़े तंत्र और आम नागरिकों—सभी की साझा जिम्मेदारी है कि ऐसी सामग्री के प्रसार पर प्रभावी रोक लगाई जाए। तकनीक का उद्देश्य समाज को जागरूक और सशक्त बनाना है, न कि दर्द और त्रासदी को मनोरंजन का साधन बनाना। किसी भी दुखद घटना पर हमारी प्राथमिकता पीड़ितों के प्रति संवेदना, न्याय की मांग और सामाजिक चेतना का निर्माण होना चाहिए। यदि हम बिना सोचे-समझे हिंसक वीडियो साझा करते हैं, तो अनजाने में अमानवीयता और असंवेदनशीलता को बढ़ावा देते हैं।

एक सभ्य समाज की पहचान उसकी करुणा, संवेदनशीलता और नैतिक मूल्यों से होती है। इसलिए समय की मांग है कि हम डिजिटल नागरिक के रूप में अपनी जिम्मेदारियों को समझें और यह संकल्प लें कि किसी की पीड़ा को वायरल नहीं, बल्कि मानवता, सहानुभूति और सामाजिक उत्तरदायित्व को अधिक व्यापक बनाएंगे। यही डिजिटल युग की सच्ची नैतिकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# भारत सरकार का प्रभावशाली कदम 'खेत बचाओ अभियान'

'खेत बचाओ अभियान' केवल एक जागरूकता कार्यक्रम नहीं, बल्कि खेत, किसान और गांव को जोड़ने वाला व्यापक राष्ट्रीय अभियान बनाने का संदेश है। अभियान का फोकस संतुलित एवं विवेकपूर्ण उर्वरक उपयोग, मौसम की चुनौती के मद्देनजर समय पर किसान सलाह, पंचायत स्तर पर सक्रिय भागीदारी और योजनाओं के लाभ को सीधे गांव तक पहुंचाना है।



दिनेश दमाथीआ
स्वतंत्र लेखक
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

एक जून से शुरू हुए महीनेभर चलने वाले 'खेत बचाओ अभियान' को प्रभावी और परिणामकारी बनाने के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान का फोकस खेत को बचाने, लागत को संतुलित करने और किसान को सही समय पर सही मार्गदर्शन देने पर होना चाहिए। यह अभियान ऊपर से नीचे तक नहीं, बल्कि पंचायत से लेकर राज्य और केंद्र तक साझी भागीदारी के मॉडल पर चलेगा। रासायनिक उर्वरकों, विशेषकर असंतुलित उपयोग को कम करना अभियान का प्रमुख उद्देश्य होगा। किसानों को मृदा परीक्षण आधारित, संतुलित और सही मात्रा में खाद तथा अन्य कृषि इनपुट के उपयोग के बारे में जागरूक करने, हरी खाद, जैविक और जैव-उत्पादों के उपयोग को बढ़ाने तथा एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन के प्रदर्शन आयोजित करने का लक्ष्य रखा गया है।

आने वाले समय को लेकर जो मौसम संबंधी चिंता जताई जा रही है, उसके मद्देनजर किसानों को व्यावहारिक सलाह दी जाएगी कि वे क्या करें, क्या न करें, कौन-सी फसल लें, कहां फसल विविधीकरण अपनाएं और कम पानी या जोखिम की स्थिति में कौन-से विकल्प बेहतर रहेंगे। अभियान का उद्देश्य केवल संदेश देना नहीं, बल्कि खेत-स्तर पर किसान को स्थिति-विशेष के अनुरूप सलाह देना होगा। पंचायत स्तर पर इस अभियान को मजबूत आधार दिया जाएगा। पंचायत स्तर पर मैकेनाइजेशन की मशीनों का वितरण, योजनाओं का लाभ और जहां संभव हो वहां सरकारी कार्यक्रमों का प्रत्यक्ष लाभ भी इसी अभियान के अंतर्गत जोड़ने के लिए शिवराज सिंह ने निर्देशित किया।




अभियान को केवल विभागीय दायरे में सीमित नहीं रखा जाएगा। राज्यों के मुख्यमंत्रियों से आग्रह किया जाएगा और मंत्रियों, सांसदों, विधायकों तथा अन्य जनप्रतिनिधियों से भी भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास होगा, ताकि यह अभियान एक प्रशासनिक कार्यक्रम से आगे बढ़कर जनसहभागिता का मजबूत मॉडल बन सके। यह दृष्टिकोण अभियान को प्रारंभिक दिनों से ही राजनीतिक, सामाजिक और स्थानीय ऊर्जा देगा। अभियान के लिए KVKs को सभी सहभागी संस्थानों के लिए प्रमुख समन्वयक की भूमिका दी गई है, साढ़े 1600 से अधिक टीमें बनाई गई हैं। अधिक उर्वरक उपयोग वाले 100 जिलों के लिए 500 टीमें गठित की गई हैं, जिनमें KVK, ICAR संस्थान, AICRP केंद्रों के वैज्ञानिक और कृषि विभाग के अधिकारी शामिल होंगे, जबकि ICAR संस्थानों और KVKs की 1150 से अधिक बहुविषयक टीमें भी समानांतर रूप से काम करेंगी। अभियान को केवल खाद प्रबंधन तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि योजनाओं का लाभ भी खेत तक पहुंचाया जाएगा। किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम-किसान से छूटे लाभार्थियों को जोड़ना, दलहन-तिलहन मिशन, ऑयल पाम, कॉटन मिशन, संतुलित पोषण, मिट्टी स्वास्थ्य, जल-संरक्षण और क्षेत्र-विशेष कृषि सलाह जैसी गतिविधियों को समन्वित रूप में जोड़ने का दृष्टिकोण अभियान को बहुउद्देशीय और प्रभावी बनाएगा।

अभियान की सफलता तभी मानी जाएगी जब इसका प्रभाव खेतों और किसानों के व्यवहार में दिखाई दे। संतुलित उर्वरक उपयोग, वैज्ञानिक खेती, पंचायतों की सक्रिय भागीदारी और जनजागरूकता के माध्यम से ही कृषि को टिकाऊ, लाभकारी और भविष्य के लिए सुरक्षित बनाया जा सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# चुनाव के बाद मन की एक्सरे मशीन से झांकते लोगों के मुखौटे

लोकतंत्र केवल वोट डालने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि मनुष्य के चरित्र, संबंधों और स्वार्थों की भी परीक्षा है। चुनाव आते ही समाज में अचानक सक्रियता बढ़ जाती है। वर्षों से बंद पड़े दरवाजे खटखटाए जाते हैं, हाथ जोड़कर अभिवादन किया जाता है, रिश्तों की मिठास दिखाई जाती है और समाजसेवा के बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन जैसे ही चुनाव समाप्त होते हैं और परिणाम सामने आते हैं, लोगों के वास्तविक चेहरे उजागर होने लगते हैं। मानो कोई अदृश्य एक्सरे मशीन मन के भीतर झांककर असली चरित्र को सामने ले आती है।



सुभाष चंद काशव
गांव, जौवा, जिला चंबा
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

चुनाव के समय जो लोग हर व्यक्ति को अपना आत्मीय बताते हैं, वही परिणाम आने के बाद दूरी बनाने लगते हैं। जो नेता चुनाव से पहले गरीबों के घर चाय पीते हैं, किसानों के साथ फोटो खिंचवाते हैं और युवाओं को सपने दिखाते हैं, वे जीत के बाद अक्सर जनता से दूर दिखाई देने लगते हैं। यह परिवर्तन केवल नेताओं तक सीमित नहीं रहता, बल्कि मतदाताओं, समर्थकों और विरोधियों में भी दिखाई देता है। चुनाव के बाद सबसे पहले रिश्तों की असलियत सामने आती है। कई लोग केवल लाभ की उम्मीद में किसी उम्मीदवार का समर्थन करते हैं। वे उसकी प्रशंसा करते हैं और स्वयं को उसका सबसे बड़ा शुभचिंतक बताते हैं, लेकिन जब परिणाम उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं आते, तो वही लोग आलोचना करने लगते हैं। चुनाव यह स्पष्ट कर देता है कि कौन व्यक्ति निष्ठा से साथ था और कौन केवल अवसर की तलाश में।

समाज में ऐसे लोगों की भी कमी नहीं होती जो दोहरी भूमिका निभाते हैं। सामने से वे एक उम्मीदवार का समर्थन करते हैं, जबकि भीतर ही भीतर दूसरे पक्ष के लिए काम करते रहते हैं। उनका उद्देश्य केवल अपना लाभ सुरक्षित रखना होता है। चुनाव परिणाम आने के बाद ऐसे लोगों के असली चेहरे समाज के सामने आ जाते हैं। मित्रताओं की परीक्षा भी चुनाव के दौरान होती है। वर्षों पुराने संबंध राजनीतिक मतभेदों की भेंट चढ़ जाते हैं। कई बार लोग अलग-अलग खेमों में बंटकर एक-दूसरे से बातचीत तक बंद कर देते हैं। सोशल मीडिया भी चुनाव के बाद लोगों की मानसिकता उजागर करता है। चुनाव से पहले बड़े-बड़े दावे करने वाले और स्वयं को राजनीतिक विशेषज्ञ बताने वाले अनेक लोग परिणाम आने के बाद चुप्पी साध लेते हैं या अपना पक्ष बदल लेते हैं। इससे स्पष्ट होता है कि उनका कोई स्थायी विचार नहीं था, बल्कि वे केवल भीड़ का हिस्सा बने हुए थे। हारने वाले उम्मीदवारों के आसपास का माहौल भी बहुत कुछ सिखाता है। चुनाव से पहले जो लोग उनके साथ दिखाई देते हैं, वे धीरे-धीरे दूर होने लगते हैं। तब व्यक्ति समझ पाता है कि उसके आसपास कितने लोग सच्चे थे।




दूसरी ओर, विजेता उम्मीदवार के आसपास अचानक नए लोगों की भीड़ जुटने लगती है। हर कोई अपने हित साधने के लिए निकटता बढ़ाने का प्रयास करता है। चुनाव के दौरान अनेक मुखौटे बनते हैं। कोई स्वयं को समाजसेवी बताता है, कोई युवाओं का मसीहा और कोई गरीबों का हितैषी, लेकिन चुनाव समाप्त होने के बाद धीरे-धीरे स्पष्ट हो जाता है कि इन दावों के पीछे वास्तविकता क्या थी। कुछ लोग सचमुच समाज के लिए समर्पित होते हैं, जबकि अनेक लोग केवल सत्ता और प्रतिष्ठा की तलाश में सक्रिय रहते हैं।

लोकतंत्र में चुनाव सामाजिक मनोविज्ञान का दर्पण है। यह मनुष्य के भीतर छिपे अहंकार, लालच, महत्वाकांक्षा और संवेदनशीलता को उजागर करता है। जो लोग जीत में विनम्रता और हार में धैर्य बनाए रखते हैं, वही लोकतंत्र के सच्चे प्रहरी कहलाते हैं।

चुनाव समाप्त हो जाते हैं, पोस्टर उतर जाते हैं और नारों की गूंज शांत हो जाती है, लेकिन लोगों का आचरण समाज की स्मृति में लंबे समय तक दर्ज रहता है। इसलिए हर व्यक्ति को ऐसा व्यवहार करना चाहिए कि जब मन की एक्सरे मशीन उसके भीतर झांके, तो वहाँ स्वार्थ नहीं, बल्कि ईमानदारी, विनम्रता और समाज के प्रति सच्ची प्रतिबद्धता दिखाई दे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# पत्रकारिता की विश्वसनीयता व डिजिटल युग में स्वतंत्र मीडिया के बढ़ते प्रभाव

लोकतंत्र में पत्रकारिता को चौथे स्तंभ का दर्जा दिया जाता है। इसका मूल दायित्व सत्ता से सवाल पूछना, जनता की आवाज बनना और निष्पक्ष तरीके से सूचना उपलब्ध कराना है, किंतु आज भारतीय मीडिया के एक बड़े हिस्से की कार्यशैली को लेकर गंभीर प्रश्न उठ रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रेस स्वतंत्रता को लेकर जारी होने वाली रिपोर्टों में भारत की स्थिति को लेकर व्यक्त की गई चिंताएं भी इसी ओर संकेत करती हैं कि पत्रकारिता की स्वतंत्रता, निष्पक्षता और विश्वसनीयता को लेकर बहस पहले से अधिक प्रासंगिक हो चुकी है।



निर्मल रानी
स्वतंत्र टिप्पणीकार
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

पिछले कुछ वर्षों में पारंपरिक मीडिया और डिजिटल मीडिया के बीच प्रतिस्पर्धा तेज हुई है। जहां एक ओर अनेक टीवी चैनलों पर राजनीतिक ध्रुवीकरण, आक्रामक बहसों और टीआरपी-केंद्रित प्रस्तुति के आरोप लगते रहे हैं, वहीं दूसरी ओर स्वतंत्र पत्रकारों और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स ने वैकल्पिक सूचना माध्यम के रूप में अपनी पहचान बनाई है। यही कारण है कि आज बड़ी संख्या में दर्शक समाचारों और विश्लेषण के लिए यूट्यूब तथा अन्य डिजिटल मंचों की ओर रुख कर रहे हैं। हाल ही में एक प्रमुख टीवी एंकर द्वारा यूट्यूब आधारित शिक्षकों और ऑनलाइन एजुकेटर्स के बारे में की गई टिप्पणी ने व्यापक विवाद को जन्म दिया। इस बयान को लेकर सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आईं और अनेक शिक्षकों, छात्रों तथा कंटेंट क्रिएटर्स ने इसे अपमानजनक और गैर-जिम्मेदाराना बताया।

दरअसल, डिजिटल युग में शिक्षा, सूचना और संवाद के नए माध्यमों को पूरी तरह खारिज कर देना न तो व्यावहारिक है और न ही उचित। यूट्यूब जैसे मंचों ने लाखों विद्यार्थियों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। निश्चित रूप से हर मंच पर गुणवत्ता और विश्वसनीयता का प्रश्न बना रहता है, लेकिन किसी पूरे वर्ग को अपमानजनक शब्दों से संबोधित करना स्वस्थ सार्वजनिक विमर्श का हिस्सा नहीं माना जा सकता। इसी प्रकार समाज से जुड़े संवेदनशील मुद्दों पर मीडिया की भाषा और दृष्टिकोण को लेकर भी समय-समय पर विवाद सामने आते रहे हैं। उत्तराखंड के एक जिम संचालक से जुड़े मामले में भी कुछ पत्रकारों और यूट्यूबर्स ने सहायता की अपील की, जिसके बाद बड़ी संख्या में लोगों ने आर्थिक सहयोग दिया।




इस घटना ने यह दिखाया कि सोशल मीडिया केवल विवाद और नकारात्मकता का मंच नहीं है, बल्कि वह सामाजिक सहयोग और मानवीय एकजुटता का माध्यम भी बन सकता है। दूसरी ओर, जब किसी व्यक्ति की कठिन परिस्थितियों का उपहास किया जाता है, तो उससे पत्रकारिता की गरिमा पर प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है।

पत्रकारिता का उद्देश्य किसी विचारधारा, राजनीतिक दल या समूह का प्रचारक बनना नहीं, बल्कि तथ्यों को सामने लाना और जनता को सूचित करना है। दुर्भाग्य से कई बार कुछ मीडिया मंचों पर तथ्यों के स्थान पर उत्तेजना, आरोप-प्रत्यारोप और सनसनीखेज प्रस्तुति को प्राथमिकता दी जाती है। इससे न केवल मीडिया की साख प्रभावित होती है, बल्कि दर्शकों का भरोसा भी कमजोर पड़ता है। यही कारण है कि आज मीडिया की विश्वसनीयता को लेकर व्यापक बहस हो रही है। हालांकि यह भी सच है कि संपूर्ण पत्रकारिता जगत को एक ही पैमाने से नहीं आंका जा सकता।

आज भी अनेक पत्रकार ऐसे हैं जो सीमित संसाधनों के बावजूद निष्पक्ष, तथ्यपरक और जनहित आधारित पत्रकारिता कर रहे हैं। डिजिटल माध्यमों ने ऐसे पत्रकारों को अपनी स्वतंत्र पहचान बनाने का अवसर प्रदान किया है। यही लोकतंत्र की ताकत भी है कि विविध विचारों और स्वतंत्र आवाज़ों के लिए जगह बनी रहती है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## अंडर-18 हॉकी एशिया कप में भारतीय बेटियों ने रचा इतिहास

# भारत ने सिंगापुर को 25-0 से रौंदा



**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय महिला अंडर-18 हॉकी टीम ने महिला अंडर-18 एशिया कप 2026 में अपने अंतिम पूल-ए मुकाबले में सिंगापुर को 25-0 से हराकर दमदार प्रदर्शन किया। जापान के काकामिगाहारा में खेली गई इस एकतरफा जीत के साथ भारत ने ग्रुप चरण का समापन तीनों मैच जीतकर किया और सेमीफाइनल में जगह पक्की की।

भारतीय टीम के लिए नौशीन नाज सबसे बड़ी स्टार रहीं। उन्होंने शानदार सात गोल दागे। वहीं 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुनी गई गीताश्री नम्मी ने पांच गोल किए। कप्तान स्वीटी कुजूर ने चार गोल कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा प्रियंका मिंज ने हैट्रिक लगाई, दीया, नैन्सी सरोहा, श्रुति कुमारी, पुष्पा मांझी, रश्मीन कौर और संदीपा कुमारी ने भी एक-एक गोल दागकर जीत को ऐतिहासिक बना दिया।

भारत ने मैच की शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया। दूसरे मिनट में कप्तान स्वीटी ने पहला गोल किया। इसके बाद नौशीन और गीताश्री ने लगातार हमले करते हुए सिंगापुर की रक्षा पंक्ति को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। दूसरे क्वार्टर में भी भारतीय टीम का दबदबा जारी रहा और हाफ टाइम तक टीम ने बड़ा अंतर बना लिया। तीसरे और चौथे क्वार्टर में भारतीय खिलाड़ियों ने गोलों की झड़ी लगाते हुए मैच को पूरी तरह एकतरफा बना दिया। भारत ने इससे पहले मलेशिया, कोरिया और सिंगापुर को हराया और नौ अंकों के साथ पूल-ए में शीर्ष स्थान हासिल किया। अब टीम के सेमीफाइनल प्रतिद्वंद्वी का फैसला पूल-बी के मुकाबलों के बाद होगा। (अनंत ज्ञान)

## 6 साल बाद न्यूजीलैंड जाएगी टीम इंडिया पांच टी20, 5 वनडे और 2 टेस्ट खेलेगी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने अपने आगामी घरेलू सीजन 2026/27 के शेड्यूल की घोषणा कर दी है, जिसमें भारतीय टीम का न्यूजीलैंड दौरा मुख्य आकर्षण होगा। अक्तूबर से दिसंबर के बीच होने वाले इस दौरे पर भारत और न्यूजीलैंड के बीच 5 टी20 इंटरनेशनल, 5 वनडे और 2 टेस्ट मैच खेले जाएंगे। कुल 12 मैचों का यह दौरा न्यूजीलैंड क्रिकेट के इतिहास में मैचों की संख्या के लिहाज से अब तक का सबसे बड़ा घरेलू दौरा होने जा रहा है। दौरे की शुरुआत 22 अक्तूबर से सीमित ओवरों के सीरीज से होगी जबकि आखिरी में वेलिंगटन और क्राइस्टचर्च में दो टेस्ट मैच खेले जाएंगे। भारतीय टीम लंबे समय बाद टेस्ट सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की धरती पर कदम रखेगी। इससे पहले भारत ने आखिरी बार साल 2019/20 में न्यूजीलैंड का दौरा किया था। हालांकि, इस बीच कीवी टीम ने दो बार भारत का दौरा किया है, जिसमें हाल ही में संपन्न हुआ 2024/25 का दौरा भी शामिल है जहां न्यूजीलैंड ने भारत को उसके घर में 3-0 से टेस्ट सीरीज हराकर ऐतिहासिक क्लीन स्वीप किया था। ऐसे में भारतीय टीम के पास न्यूजीलैंड की सरजमीं पर उस हार का हिसाब चुकता करने का एक बेहतरीन मौका होगा। यह वनडे सीरीज फैंस के लिए बेहद खास होने वाली है क्योंकि इसमें भारतीय दिग्गज विराट कोहली और रोहित शर्मा को एक बार फिर वनडे जर्सी में खेलते हुए देखा जा सकता है। दरअसल, टी20 फॉर्मेट से संन्यास ले चुके इन दोनों सीनियर खिलाड़ियों के लिए यह सीरीज अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारियों के लिहाज से बेहद अहम होगी। दोनों टीमों के बीच इस साल की शुरुआत में भारत में 8 सीमित ओवरों के मैच खेले गए थे जहां न्यूजीलैंड ने वनडे सीरीज 2-1 से जीती थी लेकिन टी20 सीरीज में भारत ने उन्हें 4-1 से धूल चटाई थी। (अनंत ज्ञान)

# ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को 41 रन से हराकर सीरीज 1-1 से की बराबर



**एजेंसी, लाहौर**

एलेक्स कैरी पहली ही गेंद पर आउट हो गए। इसके बाद मैथ्यू शॉर्ट और मार्नस लाबुशेन भी जल्दी पवेलियन लौट गए, जिससे टीम 51 रन पर तीन विकेट गंवाकर संकट में आ गई। इसके बाद जोश इंग्लिस और कैमरून ग्रीन ने पारी संभाली। दोनों ने अर्द्धशतकीय साझेदारी कर टीम को स्थिरता दी। इंग्लिस ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 51 रन बनाए, जबकि ग्रीन ने संयमित अंदाज में 53 रन जोड़े।

मध्यक्रम में मैट रेनशॉ और ओलिवर पीक ने भी अहम योगदान दिया। अंतिम ओवर में पीक के चौके और छक्के की मदद से ऑस्ट्रेलिया 50 ओवर में 231/9 तक पहुंचने में सफल रहा। 232 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत भी बेहद खराब रही। माज सदाकत पहली ही ओवर में बोल्ड हो गए। इसके बाद साहिबजादा फरहान, बाबर आजम और सलमान आगा भी जल्दी आउट हो गए।

नाथन एलिस, मैथ्यू शॉर्ट और एडम जम्पा की सटीक गेंदबाजी के सामने पाकिस्तान का शीर्ष क्रम पूरी तरह बिखर गया और टीम 78 रन पर छह विकेट गंवा चुकी थी। हालांकि, इसके बाद शादाब खान ने संघर्षपूर्ण बल्लेबाजी की। उन्होंने अराफात मिन्हास के साथ महत्वपूर्ण साझेदारी कर मुकाबले में जान फूंकी। शादाब ने 104 गेंदों में 71 रन बनाए और टीम को मैच में बनाए रखने की कोशिश की। शाहीन अफरीदी ने भी कुछ तेज रन बनाए लेकिन जैसे ही शाहीन आउट हुए, पाकिस्तान की उम्मीदें खत्म हो गईं। नाथन एलिस ने वापसी करते हुए अपना चौथा विकेट हासिल किया और अंत में तनवीर संघा ने शादाब का विकेट लेकर पाकिस्तान की पारी समाप्त कर दी।

## नॉर्वे चेस : प्रज्ञानानंद ने विश्व चैंपियन कार्लसन को दूसरी बार हराया

**एजेंसी, नई दिल्ली।** ओस्लो में जारी नॉर्वे शतरंज 2026 के आठवें दौर में भारत के ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच बार के विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन को हराकर खिताब की दौड़ को और रोमांचक बना दिया। यह इस टूर्नामेंट में दूसरी बार है जब प्रज्ञानानंद ने कार्लसन को मात दी है। इससे पहले भी उन्होंने चौथे दौर में कार्लसन को हराया था। इस जीत के साथ प्रज्ञानानंद के अब 12 अंक हो गए हैं और वह अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। प्रतियोगिता में अब केवल दो दौर शेष हैं और भारतीय खिलाड़ी शीर्ष स्थान से सिर्फ दो अंक पीछे हैं। अमेरिका के वेस्ली सो 14 अंकों के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं, जबकि फ्रांस के अलीरजा फिरोजा 13 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वहीं ओपन वर्ग में भारत के दूसरे खिलाड़ी डी. गुकेश को इस दौर में अलीरजा फिरोजा के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। (अनंत ज्ञान)

# इंग्लैंड ने भारत को 6 विकेट से हराकर जीती सीरीज

**एजेंसी, टॉनटन**

एलिस कैप्सी और हीदर नाइट की शानदार पारियों की बदौलत इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम ने भारत को तीसरे और अंतिम टी20 मुकाबले में 6 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। 181 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने शुरुआती झटकों से उबरकर 18.3 ओवर में जीत हासिल की। लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही। दूसरे ओवर में डैनी वायट-हॉज पवेलियन लौट गईं, जबकि सोफिया डंकली भी ज्यादा देर टिक नहीं सकीं। पावरप्ले के आखिरी ओवर में एमी जोन्स का विकेट गिरने के बाद इंग्लैंड दबाव में नजर आ रहा था।

इसके बाद एलिस कैप्सी ने आक्रामक बल्लेबाजी से मैच का रुख बदल दिया। उन्होंने भारतीय गेंदबाजों पर लगातार दबाव बनाते हुए महज 26 गेंदों में अपना अर्द्धशतक पूरा किया। दूसरी ओर कप्तान हीदर नाइट ने संयमित बल्लेबाजी करते हुए पारी को संभाला और रन गति को बनाए रखा। दोनों बल्लेबाजों के बीच हुई शतकीय साझेदारी ने भारत की वापसी की उम्मीदों को लगभग समाप्त कर दिया। कैप्सी ने 82 रन की शानदार पारी खेली, जबकि नाइट 70 रन बनाकर नाबाद रहीं। नाइट ने विजयी चौका लगाकर टीम को जीत दिलाई।

इससे पहले भारत ने 20 ओवर में 180 रन बनाए। भारतीय टीम की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और दोनों सलामी बल्लेबाज जल्द आउट हो गईं। इसके बाद यास्तिका भाटिया ने तेजतर्रार बल्लेबाजी करते हुए पावरप्ले में रन गति बनाए रखी। उन्होंने कुछ आकर्षक शॉट खेले, लेकिन रन आउट होकर अपनी पारी का अंत किया। मध्यक्रम में कप्तान हरमनप्रीत कौर ने जिम्मेदारी संभालते हुए नाबाद 56 रन बनाए। हालांकि, अंतिम पांच ओवरों में भारतीय टीम केवल 48 रन ही जोड़ सकी, जो अंततः निर्णायक साबित हुआ। इंग्लैंड की ओर से लॉरेन बेल ने दो महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए। (अनंत ज्ञान)

# ममता की टीएमसी टूटी, 58 विधायकों ने बनाया अलग गुट

**एजेंसी, कोलकाता**



◆ ऋतब्रत बनर्जी को चुना विधायक दल का नेता

पश्चिम बंगाल में ममता की टीएमसी में फूट पड़ गई है। सोमवार को पार्टी से निकाले गए विधायक ऋतब्रत बनर्जी को पार्टी के 58 बागी एमएलए ने विधायक दल का नेता घोषित किया। बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष रथींद्र बोस से मिलकर समर्थन पत्र भी सौंपा।

जावेद खान, संदीपन साहा और सिउली साहा को उपनेता बनाया गया है। वहीं अखरुज्जमान को चीफ व्हिप बनाया गया है। हालांकि, बागी गुट ने अपने पत्र में ममता बनर्जी को अब भी पार्टी अध्यक्ष बताया है, लेकिन अभिषेक बनर्जी का नेतृत्व और विधायक दल से जुड़े फैसलों को मानने से इनकार किया है।

सोमवार को अभिषेक बनर्जी के लेटर हेड पर स्पीकर को भेजे गए पत्र में शोभनदेव को नेता विपक्ष बनाने का प्रस्ताव भेजा था। विधायक संदीपन साहा और ऋतब्रत बनर्जी ने शिकायत की थी कि इस प्रस्ताव पर उनके हस्ताक्षर फर्जी हैं। शिकायत के बाद ममता ने दोनों विधायकों को पार्टी से निष्कासित कर दिया था। पार्टी के भीतर बगावत के बीच ममता बनर्जी ने बुधवार को राज्य की सभी कमेटियों और फ्रंटल संगठनों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। पार्टी अब पूरे संगठन का पुनर्गठन करेगी। (अनंत ज्ञान)

# अब 500 रुपए तक के सामान के साथ भारत-नेपाल सीमा पार कर सकेंगे यात्री

**एजेंसी, काठमांडू**

नेपाल सरकार ने स्थल सीमा नाकों से आने-जाने वाले यात्रियों के लिए सामान लाने की सीमा बढ़ा दी है। अब सीमा पार करते समय 100 रुपए के बजाय 500 रुपये तक के निजी उपयोग के सामान को बिना कस्टम शुल्क के लाने-ले जाने की अनुमति दी गई है।

वित्त मंत्रालय ने यात्रियों द्वारा साथ लाए जाने और ले जाए जाने वाले सामान संबंधी नया नियम जारी करते हुए यह व्यवस्था लागू की है। इससे पहले यह सीमा केवल 100 रुपए तक निर्धारित थी। राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार स्थल मार्ग से सीमा पार करने वाले व्यक्तियों को अभी भी हवाई यात्रियों के समान सभी सुविधाएं नहीं दी गई हैं। हालांकि, यदि कोई यात्री 500 रुपए तक के निजी उपयोग के सामान अपने साथ लाता या ले जाता है, तो आवश्यकता और औचित्य के आधार पर उस पर कोई शुल्क लगाए बिना अनुमति दी जा सकती है। वहीं, भारत में अध्ययन कर रहे नेपाली छात्रों के लिए पहले से लागू विशेष सुविधा को यथावत रखा गया है। इसके तहत वे अपने साथ लाए गए टैबलेट या कंप्यूटर में से किसी एक उपकरण को नेपाल लाते समय बिना किसी शुल्क के ला सकेंगे।

गौरतलब है कि मई 2025 को प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार सीमा नाकों पर 100 रुपए से अधिक मूल्य का सामान लाने पर रोक लगाने का नियम लागू किया गया था। इस नियम के कार्यान्वयन के दौरान कुछ सप्ताह पहले नेपाल-भारत सीमा क्षेत्रों में तनाव की स्थिति भी उत्पन्न हुई थी। यह मुद्दा नेपाल की संसद में भी उठा था। नेपाल के वित्त मंत्री स्वर्णिम वागले ने कहा था कि यह नियम पिछली सरकार द्वारा बनाया गया था और वर्तमान सरकार सीमा में छूट बढ़ाने पर विचार करेगी। उन्होंने सीमा क्षेत्र के लोगों को राहत देने का आश्वासन भी दिया था। (अनंत ज्ञान)


अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**

**मैं, कृष्णा देवी** (48) पत्नी करमु निवासी गांव चमुखा डाकघर सिहली तहसील सुंदरनगर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश पिन-175018 आधार नंबर- 5250 7655 5232 घोषणा करती हूं कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम करमु गलत दर्ज हो गया है। मेरा वास्तविक और सही नाम कृष्णा देवी है। सभी संबंधित नोट करें।

**नाम परिवर्तन**

**मैं, चंचल कुमारी** पत्नी रमेश कुमार निवासी गांव चौम्बू डाकघर रझूं तहसील धीरा जिला कांगड़ा (हि.प्र.) यह है कि मेरे आधार कार्ड नं. 441213954836 में मेरा नाम चंचला कुमारी दर्ज है जोकि गलत है तथा जन्म तिथि 1958 दर्ज है जोकि गलत है। अतः मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम चंचला कुमारी पत्नी रमेश कुमार की बजाये चंचल कुमारी पत्नी रमेश कुमार तथा जन्म तिथि 1958 की बजाये 10-05-1957 दर्ज की जाए।


**व अदालत नायव तहसीलदार एवम सहायक समाहर्ता (द्वितीय वर्ग), उप-तहसील वीहडूकलां जिला ऊना, (हि. प्र.)**

*श्रीमति नीलम कुमारी*
*वनाम*
*आम जनता*

**तारीख पेशीः**- 18-06-2026
**मुकदमा नं.** 8095124/NTBC/2026
**किसम दावा :**- नाम दरूस्ती
**विषयः** प्रार्थना पत्र नाम दरुस्ती करवाने बारे।

उपरोक्त मुकदमा अनुवान वाला में प्रार्थीयां श्रीमति नीलम कुमारी विध्वा जगपाल सिंह ने एक प्रार्थना पत्र वराए अपने पति जगपाल सिंह का नाम दरूस्ती इस न्यायालय में दायर किया है जिसमें उनके द्वारा अपने पति का नाम जगपाल सिंह पुत्र हरनामा वासी महाल घुगन ककराना, मौजा टीहरा, जिला ऊना (हि.प्र.) बताया है। जवकि उसका नाम राजस्व अभिलेख महाल घुगन ककराना जमावन्दी वर्ष 2021-2022 के अनुसार जगपाल दर्ज है। प्रार्थीयां अपने पति का नाम जगपाल की वजाएं जगपाल उपनाम जगपाल सिंह वासी महाल घुगन ककराना, मौजा टीहरा, जिला ऊना (हि.प्र.) करवाना चाहती है।

अतः सर्वसाधारण को इस अखवारी इश्तहार द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्व अभिलेख घुगन ककराना, मौजा टीहरा, उप-तहसील वीहडूकलां, जिला ऊना (हि.प्र.) में इस नाम दरूस्ती वारे कोई आपत्ति/एतराज हो तो वह निर्धारित तिथि पेशी दिनांक 18-06-2026 या इससे पूर्व असालतन या वकालतन अदालत हजा में हाजिर आकर अपना एतराज' प्रस्तुत कर सकता है। एतराज न प्राप्त होने की सूरत में हस्व जावता कार्यवाही अमल में लाई जाकर मुकदमा का निर्णय कर दिया जाएगा।

**आज दिनांकः**- 03/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी किया गया।

**नायव तहसीलदार एवम सहायक समाहर्ता (द्वितीय वर्ग), उप-तहसील वीहडूकलां जिला ऊना, (हि. प्र.)**

**व अदालत नायव तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता (द्वितीय वर्ग), उपतहसील वीहडू कलां, जिला ऊना (हि.प्र.)**

**तारीख पेशीः**- 20-06-2026
**मुकदमा नं.** 01/NTBC/M/2026
**किसम दावा :**- 'नाम दरूस्ती

**स्वर्ण सिंह वनाम आम जनता**
**विषयः** प्रार्थना पत्र नाम दरुस्ती करवाने बारे।

उपरोक्त मुकदमा अनुवान वाला में प्रार्थी ने एक प्रार्थना पत्र वराए नाम दरूस्ती इस न्यायालय में दायर किया है जिसमें उसने अपना नाम सरवण सिंह उपनाम स्वर्ण सिंह वासी महाल मझेड़, मौजा टीहरा, जिला ऊना (हि.प्र.) बताया है। जवकि उसका नाम राजस्व अभिलेख महाल मझेड़ जमावन्दी वर्ष 2021-2022 के अनुसार सरवण सिंह पुत्र निक्कु दर्ज है। प्रार्थी का आग्रह किया है कि उनका नाम उनके बेटे के स्कूल प्रमाण पत्र में स्वर्ण सिंह है जबकि उनका अन्य सभी दस्तावेजों में सरवण सिंह है। दोनों नाम उनके ही है तथा उनका नाम सरवण सिंह की वजाए सरवण सिंह उपनाम स्वर्ण सिंह पुत्र निक्कू वासी महाल मझेड़, मौजा टीहरा, जिला ऊना (हि.प्र.) करवाना चाहता है।

अतः सर्वसाधारण को इस इश्तहार अखवारी द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्व अभिलेखं मझेड़, मौजा टीहरा, उप-तहसील वीहडूकलां, जिला ऊना (हि.प्र.) में इस नाम दरूस्ती वारे कोई आपत्ति/एतराज हो तो वह निर्धारित तिथि पेशी दिनांक 20-06-2026 या इससे पूर्व असालतन या वकालतन अदालत हजा में हाजिर आकर अपना एतराज प्रस्तुत कर सकता है। एतराज न प्राप्त होने की सूरत में हस्व जावता कार्यवाही अमल में लाई जाकर मुकदमा का निर्णय कर दिया जाएगा।

**आज दिनांकः**-03/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी किया गया।

**नायव तहसीलदार एवम सहायक समाहर्ता (द्वितीय वर्ग), उप-तहसील वीहडूकलां जिला ऊना, (हि. प्र.)**

## Office of the Sub Divisional officer (c) Sarkaghat District Mandi HP

### Auction Notice

*No. 151-150* *Dated 02/06/2026*

**All** the contractors/interested parties/General public are informed through this auction notice that Sub Divisional Officer (C) Sarkaghat is going to auction the Dismantling of the unsafe building of Tehsildar, Naib Tehsildar, Office Kanungo and Superintendent of the Revenue Department at Tehsil Sarkaghat District Mandi HP open auction on dated 12 June 2026 at 11.00 AM in the office of Sub Divisional Officer (C) Sarkaghat. The interested parties are requested to attend auction proceeding on the scheduled date and time as per term and conditions detailed below. The building can be inspected on any working day during the office hours.

**TERMS AND CONDITIONS ;-**

**1.** The building recommended for dismantling/auction on its basis with minimum bid value for Rs. (553468.00-214888.00).

**2.** All the bidders are requested to deposit a sum of Rs. 30000/- (Thirty Thousand only) in shape of Fixed Deposit receipt of any Nationalized Bank dully pledged in the name of Sub Divisional Officer (C) Sarkaghat as security deposit before the start of auction. The security of the successful higher bidder shell be retained towards the security deposit till handing over of clear safe to the department. the security of the other bidders shall be returned after the auction is over.

**3.** The successful bidder is required to deposit the final accepted bid amount within seven days in Tehsil office after confirming by undersigned. In case the highest bidder fail to deposit the whole amount within the stipulated period the amount of security deposit automatically stands forfeited and bidder have no claim for dismantling of the said building. The undersigned also reserves the right of accept or reject any bid without assigning any reason.

**4.** The auction will be held on (As it is and Where it is basis) and all the dismantled serviceable and unserviceable material shell become the property of the successful bidder after depositing the final bid amount and he is responsible for packing dismantling loading and transportation charging etc. It is the responsibility of successful bidder to hand over clear site to the department by removing all debris etc. to maintain the original ground level of the e&isting building. The dumping site shall be arranged by the successful bidder including obtaining permission of any kind and carriage of debris etc, at the own risk and cost.

**5.** The successful bidder shall be bound to dismantle the building within fifteen days from the handing over of site. The site shall be handed over within three days from the date of issue of writer order for dismantling by the SDO(c) Sarkaghat. In case contractor fails to dismantle the building and hand over the clear site to the department within fifteen days from the stipulated date of completion, he shall by liable to pay penalty for delay @ Rs. 1000/- One Thousand only days to maximum of Rs. 10000/- (Ten Thousand only) which shall be recovered from the security deposit of the successful bidder. In case the successful bidder fail to hand over the clear site within one month time from stipulated date of completion he shall be liable to pay penalty for delay @ Rs. 1500/- (One Thousand Five Hundred Only) per day and his full security will be forfeited and he has to handover site to the department on 'As it is and Where it is basis' without having any claim on material left out site.

**6.** In case of any dispute relating to the action of dismantling the building the decision of the undersigned shall be final.

**7.** All the taxes and any other charge liable by any authority including dumping charges etc shall be payable as per rules by the successful bidder.

**Sub Divisional Officer (C)**
**Sarkaghat District Mandi HP**

## MUNICIPAL CORPORATION HAMIRPUR DISTRICT HAMIRPUR (HP)

*No. MCH/Quotation/Consultancy/2026-27-2962* *DATED: 2/6/26*

### SHORT TERM NOTICE INVITING QUOTATION

Sealed quotation are hereby invited from concerned agencies / registered contractors of the following items so as to reach in the office of Municipal Corporation on dated 10-6-2026 up to 11:00 AM & shall be opened in presence of quotationers / their authorised representatives at 11:30 AM in the same day. Undersigned reserve the right to reject the quotations without any reason.

**NAME OF WORK: -** Hiring of Consultancy Services for Preparation of Drawings, Estimates, PPRs, DPRs, and Allied Technical Documentation for Developmental Works under Municipal Corporation Hamirpur

**DETAILE OF SCHEDULE OF QUANTITY**

| Sr. No. | Description of items | Unit | Rates (In pecent age of total project cost) |
|---|---|---|---|
| 1. | Providing comprehensive consultancy services including site visits, surveys, planning, landscaping, preparation of PPRs/DPRs, drawings, estimates, BOQ, tender documents and all allied technical documentation/services required for execution, approval and implementation of developmental works/projects under Municipal Corporation Hamirpur | Per Project | |

**Commissioner**
**Municipal Corporation Hamirpur District Hamirpur (HP)**

## OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION HAMIRPUR DISTRICT HAMIRPUR (H.P)

*No.MCH/Tender/CW/Vol-2/2026-27, 39 38* *Dated-1/6/26*

### SHORT TERM NOTICE INVITING QUOTATION

Sealed item/ percentage rate tenders for the following works are hereby invited by Commissioner, Municipal Corporation, Hamirpur from the appropriate eligible firms/individuals/contractors the tender can be had from the Office of MC Hamirpur dated 9.6.2026 upto 11:00 AM the tender must be submitted to the undersigned on or before dated 9.6.2026 upto 03:00 PM and the same shall be opened at 03:30 PM in the presence of firms/individuals/contractors or their authorized representative who will be present at the moment after depositing the earnest money and tender fees of Rs. 500/- for each work through cash in the Office of Municipal Corporation Hamirpur.

**General Condition:**

1. If the opening day is holiday, the tenders shall be opened on next working day at the same time. 2. The firms/individuals/contractorshave to carry out all the works under the guidance of ME/JE of the MC Hamirpur. 3. Firms/individuals/contractors must have registration with HPPWD/JSV/HIMUDA, PAN No, GST/TIN No and EPF number. 4. Commissioner, Municipal Corporation, Hamirpur reserves the right to reject/cancel any or all the Tenders or reject/modify any term and condition without assigning any reason. 5. Detailed Terms and Conditions and Estimate of the work and NIT can be seen in the office of Municipal Corporation Hamirpur on any working day within working hours.

| Sr. No. | Name of Work | Amount put to tender | Earnest Money | Time Limit |
|---|---|---|---|---|
| 1. | C/o retaining wall at Downward site of MRF Shed at SWM Site Dugneri MC Hamirpur (RD 0/0-0/6) | 3,60;067/- | 7201/- | 2 Month |
| 2. | C/o retaining wall at Downward site of MRF Shed at SWM Site Dugneri MC Hamirpur (RD 0/6-0/11.50) | 3,61,737/- | 7232/- | 2 Month |
| 3. | C/o Brickwall, edging, Grill etc of parking near Galoda Hospital, Ward No 12 MC Hamirpur | 3,63,043/- | 7261/- | 2 Month |
| 4. | P&L Paver blocks for creation of parking space near Galodha Hospital, MC Hamirpur | 3,61,784/- | 7236/- | 2 Month |
| 5. | C/o restoration of Path near H/o Sh. Raj Kumar Sharma Ward No 8 Old Phase-2, MC Hamirpur | 3,57,768/- | 7155/- | 2 Month |

**Commissioner,**
**Municipal Corporation Hamirpur, Distt. Hamirpur (HP)**


# मनाली में बारिश और चोटियों पर बर्फबारी

## तपती गर्मी से लोगों को मिली राहत, घाटी में चल रही ठंडी हवाएं पर्यटकों को कर रही आकर्षित

अनंत ज्ञान

**एम बोकटापा, मनाली।** मैदानी इलाकों में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच पर्यटन नगरी मनाली का मौसम अचानक खुशनुमा हो गया है। बुधवार को मनाली और इसके आसपास के इलाकों में हुई झमाझम बारिश के बाद तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है, जिससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ यहां पहुंचे हजारों पर्यटकों को चिलचिलाती धूप और गर्मी से बड़ी राहत मिली है। बारिश के साथ ही मनाली की ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी (स्नोफॉल) भी दर्ज की गई है, जिसने पूरी घाटी के नजारे को बेहद खूबसूरत बना दिया है।

बारिश के बाद मनाली की वादियां बादलों से घिर गई हैं और घाटी में चल रही ठंडी हवाएं पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। मौसम में आई इस अचानक तब्दीली के कारण तापमान काफी गिर गया है, जिससे बचने के लिए कई पर्यटक गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए। मनाली के प्रसिद्ध मॉल रोड, सोलांग वैली और अन्य पर्यटन स्थलों पर सैलानी छाता तानकर बारिश के बीच घूमते और इस सुहावने मौसम का लुत्फ उठाते दिखे। चारों ओर छाई हरियाली और पहाड़ों पर मंडराते बादलों ने पूरी फिजा को मनमोहक बना दिया है। कुल मिलाकर, बारिश के बाद निखरे मनाली के इस प्राकृतिक सौंदर्य और ठंडी फिजाओं ने देश-विदेश से आए सैलानियों के सफर को पूरी तरह से पैसा-वसूल और यादगार बना दिया है। आने वाले दिनों में यहां पर्यटकों की आमद और बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।



मनाली की चोटियों पर हो रही बर्फबारी से पर्यटकों में खुशी। अनंत ज्ञान

### मौसम सुहाना, पर्यटकों के खिले चेहरे

**दिल्ली** से मनाली घूमने आए पर्यटक जोड़े सुमित और अंजलि ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि हम दिल्ली की तपती धूप और झुलसाने वाली गर्मी से परेशान होकर यहां आए थे। यहां आकर जो सुकून मिला है, उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। आज हुई बारिश के बाद तो यहां का पूरा माहौल ही बदल गया है। यह हमारे जीवन के सबसे यादगार सफरों में से एक बन गया है।

### सेब के लिए 'अमृत' है यह बारिश

**यह** बदलाव सिर्फ पर्यटकों के लिए ही नहीं, बल्कि स्थानीय निवासियों और बागवानों के लिए भी बड़ी खुशखबरी लेकर आया है। स्थानीय लोगों और कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि जून के महीने में हुई यह बारिश पर्यटन व्यवसाय को चमकाने के साथ-साथ क्षेत्र की मुख्य नकदी फसल यानी सेब के लिए 'अमृत' के समान है। इस समय सेब के बागानों को नमी की सख्त जरूरत थी, जो इस बारिश से पूरी हो गई है।

# रोमांच की नई उड़ान: दिव्यांगजनों के लिए सर पास ट्रेकिंग अभियान शुरू, कुल्लू पहुंचा 43 सदस्यीय दल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** समावेशी साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने और दिव्यांगजनों को रोमांचक गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य से यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (वाईएचएआई) की चंडीगढ़ राज्य शाखा ने सर पास के लिए विशेष हिमालयी ट्रेकिंग अभियान का आयोजन किया है। अभियान में शामिल प्रतिभागी कुल्लू के सिओबाग (लेफ्ट बैंक) स्थित वाईएचएआई बेस कैंप पहुंचे, जहां उन्हें ट्रेक से पहले अनुकूलन (एक्लिमेटाइजेशन) और ओरिएंटेशन प्रशिक्षण दिया गया। इसके बाद वाईएचएआई चंडीगढ़ राज्य शाखा के संस्थापक अध्यक्ष एवं संयोजक राजेश जोगपाल ने ट्रेकिंग दल को रवाना किया। इस अभियान में 18 दिव्यांग प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। इनके साथ स्वयंसेवकों, अनुभवी ट्रेक लीडरों और वाईएचएआई पदाधिकारियों सहित कुल 43 सदस्यीय दल शामिल है। यह दल चार रातें ऊंचाई वाले विभिन्न कैंपों में बिताने के बाद 7 जून को पुन: सिओबाग बेस कैंप लौटेगा। सर पास हिमालय के सबसे लोकप्रिय और खूबसूरत ट्रेकिंग स्थलों में से एक माना जाता है। स्थानीय भाषा में 'सर' का अर्थ झील या जमी हुई जलराशि होता है। इस दर्रे का नाम शिखर के निकट स्थित एक छोटी मौसमी झील के नाम पर पड़ा है, जो वर्ष के अधिकांश समय बर्फ से ढकी रहती है। कसोल से शुरू होकर पार्वती घाटी के बरशैणी में समाप्त होने वाला यह ट्रेक घने देवदार के जंगलों, पारंपरिक हिमाचली गांवों, हरे-भरे बुग्यालों, विशाल बर्फीले मैदानों और प्रसिद्ध स्नो-स्लाइड मार्ग से होकर गुजरता है। यही विशेषताएं इसे साहसिक गतिविधियों के शौकीनों के बीच बेहद लोकप्रिय बनाती हैं। इस अवसर पर राजेश जोगपाल ने कहा कि साहसिक गतिविधियों और ट्रेकिंग के अवसर सभी के लिए समान रूप से उपलब्ध होने चाहिए, चाहे उनकी शारीरिक स्थिति कैसी भी हो। उन्होंने कहा कि ऐसे अभियान दिव्यांगजनों में आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता, दृढ़ता और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देते हैं तथा उन्हें अपनी क्षमताओं को पहचानने और निखारने का अवसर प्रदान करते हैं।




वाईएचएआई चंडीगढ़ की सर पास ट्रेकिंग टीम कुल्लू पहुंची। अनंत ज्ञान

# स्वगणना पोर्टल पर अपनी जानकारी दर्ज करें नागरिक: अनुराग चंद्र शर्मा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** उपायुक्त अनुराग चन्द्र शर्मा ने कहा कि जनगणना लोकतंत्र की आधारशिला है। इसके माध्यम से प्राप्त आंकड़े देश और प्रदेश की नीतियों, विकास कार्यों तथा कल्याणकारी योजनाओं के निर्माण का आधार बनते हैं। उन्होंने कहा कि आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, संसाधनों के वितरण तथा शहरी नियोजन जैसे अनेक क्षेत्रों में जनगणना की महत्वपूर्ण भूमिका है। उपायुक्त ने बताया कि जनगणना-2027 पहली बार डिजिटल माध्यम से आयोजित की जा रही है, जिससे पूरी प्रक्रिया अधिक सरल, त्वरित और पारदर्शी बनेगी। इस बार नागरिकों को स्वगणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) की सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई है। इसके अंतर्गत आमजन पहली जून से 15 जून, 2026 तक घर बैठे अपनी जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। नागरिक स्वगणना के लिए पर लॉग-इन कर अपनी तथा अपने परिवार की जानकारी दर्ज कर सकते हैं। प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत उन्हें एक स्वगणना आईडी प्राप्त होगी, जिसे घर आने वाले प्रगणक के साथ साझा करना होगा।

उन्होंने कुल्लू जिला के सभी नागरिकों से अपील की कि वे जनगणना-2027 के इस महत्वपूर्ण कार्य में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने बताया कि प्रदेश में जनगणना का प्रथम चरण 16 जून से 15 जुलाई, 2026 तक घर-घर जाकर संचालित किया जाएगा। इस दौरान प्रगणक मोबाइल ऐप के माध्यम से परिवार के मुखिया का नाम, मकान की स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं तथा परिसंपत्तियों से संबंधित 33 अधिसूचित प्रश्नों की जानकारी एकत्रित करेंगे।उन्होंने स्पष्ट किया कि नागरिकों द्वारा दी गई सभी जानकारी पूर्णत: गोपनीय रखी जाएगी। इसलिए सभी लोग सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाएं तथा अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी जनगणना प्रक्रिया में सहयोग के लिए प्रेरित करें। उपायुक्त ने कहा कि कुल्लू जिला के सभी नागरिक इस कार्य को सफल बनाने में अपना योगदान दें, ताकि एक सशक्त, समावेशी और विकसित प्रदेश के निर्माण में जनभागीदारी सुनिश्चित हो सके।

## नवनिर्वाचित सदस्यों की शपथ और अध्यक्ष/उपाध्यक्ष का चुनाव 8 को

**अनंत ज्ञान, बंजार।** उप-मंडलीय अधिकारी (नागरिक) बंजार द्वारा जारी आदेश के अनुसार नगर पंचायत बंजार के नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया जा रहा है यह बैठक 08 जून को दोपहर 02:30 बजे नगर पंचायत बंजार के कार्यालय में होगी। बैठक में नवनिर्वाचित सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी तथा शपथ ग्रहण के तुरंत बाद नगर पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव संपन्न कराया जाएगा।

# उपप्रधान पद हारा पर दिल जीत ले गया 'अमन ठाकुर'

## विजेता प्रतिद्वंद्वी के घर जाकर गले लगाकर दी शुभकामनाएं, पंचायत ने देश की राजनीति को दिया बड़ा सबक

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** आज के दौर में जहां अदना सा चुनाव समाज को गुटों में बांट देता है और दशकों पुरानी दोस्ती व सगे रिश्तों में ऐसी रंजिश की दीवार खड़ी कर देता है जिसे ढहाना नामुमकिन हो जाता है, वहीं कुल्लू जिला से आई एक तस्वीर ने लोकतंत्र की सबसे खूबसूरत परिभाषा लिखी है। जिला कुल्लू के 'शुरड़ गांव' ने चुनावी कड़वाहट के इस दौर में आपसी प्रेम, बड़प्पन और भाईचारे की एक ऐसी बेमिसाल नज़ीर पेश की है, जिसकी गूंज पूरे प्रदेश में सुनाई दे रही है। यह कहानी किसी बड़े राजनेता की नहीं, बल्कि गांव की माटी से जुड़े दो युवाओं की है, जिन्होंने राजनीति को दिलों पर हावी नहीं होने दिया।

मामला ग्राम पंचायत के उप प्रधान पद के चुनाव से जुड़ा है। चुनावी समर में दो स्थानीय युवा गोविंद और अमन ठाकुर एक-दूसरे के सामने ताल ठोक कर दोनों ने अपनी-अपनी जीत के लिए पसीना बहाया, रणनीतियां बनीं और वोट मांगे गए। लोकतंत्र की रीत यही है कि जब भी मुकाबला होता है, जीत का सेहरा किसी एक के सिर ही सजता है। नतीजों की घोषणा हुई तो गोविंद को विजेता घोषित किया गया, जबकि अमन ठाकुर के हिस्से हार आई। आमतौर पर ग्रामीण परिवेश में ऐसे नतीजों के बाद पराजित खेमे में कड़वाहट, गुस्सा और जीतने वाले के प्रति द्वेष की भावना घर कर जाती है। कई बार तो यह रंजिश पीढ़ियों तक चलती है। लेकिन, शुरड़ गांव में इसके उलट जो हुआ।

### अमन का 'बड़प्पन' और गोविंद का 'सम्मान'

**हार** की खबर मिलते ही अमन ठाकुर ने न तो शिकवे-शिकायत का रास्ता चुना और न ही घर में बैठने का। उन्होंने अपनी हार को बेहद खुले दिल और मुस्कुराहट के साथ स्वीकार किया। राजनीति की स्थापित रूढ़ियों को तोड़ते हुए अमन सीधे नवनिर्वाचित उप प्रधान गोविंद के घर पहुंच गए। अमन ने न केवल गोविंद को गले लगाकर उनकी जीत का जश्न मनाया, बल्कि अपने हाथों से उन्हें मिठाई खिलाकर उनके भावी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं भी दीं। इस दौरान न तो हारने वाले के चेहरे पर कोई शिकन थी और न ही जीतने वाले के व्यवहार में कोई अहंकार।इस भावुक कर देने वाले मिलन के बीच अमन ठाकुर ने जो बात कही, वह आज के दौर के हर उस राजनीतिक कार्यकर्ता और नेता के लिए एक बहुत बड़ी सीख है जो चुनाव को व्यक्तिगत दुश्मनी का अखाड़ा बना लेते हैं। अमन ठाकुर ने कहा कि जीत और हार तो महज एक सिक्का उछलने जैसा है, यह जीवन का अंतिम सत्य नहीं है। हमारे आपसी रिश्ते और इस गांव का भाईचारा किसी भी पद से बहुत ऊपर है। 5 साल बाद चुनाव फिर आएंगे, चेहरे फिर बदलेंगे, लेकिन अगर आज राजनीति की वजह से हमारे अपनों के बीच खटास आ गई या कोई दरार पड़ गई, तो उसे दुनिया की कोई भी ताकत दोबारा भर नहीं पाएगी।उन्होंने गांव के हर नागरिक और अपने समर्थकों से भी अपील की कि चुनावी दांव-पेंच को मतदान केंद्र के भीतर ही छोड़ आएं और अब सब मिलकर गांव के विकास और आपसी सद्भाव को आगे बढ़ाएं।



### चुनावी मैदान में जीत-हार से परे, इंसानियत की जीत

**हकीकत** यही है कि चुनावी मैदान में उतरने वाले चेहरों में से किसी एक को ही कुर्सी मिलती है, बाकी को मायूसी। लेकिन शुरड़ गांव के इन दो युवाओं ने यह साबित कर दिया कि चुनावी नतीजे चाहे जो हों, समाज का ताना-बाना नहीं टूटना चाहिए। गोविंद और अमन ठाकुर का यह कदम बदलते समाज के लिए एक संजीवनी की तरह है। इस चुनावी जंग में भले ही गोविंद उप प्रधान का पद जीत गए हों, लेकिन अपने व्यवहार और सकारात्मक सोच से अमन ठाकुर ने भी हर ग्रामीण का दिल जीत लिया है। वास्तव में, इस चुनाव में किसी की हार नहीं हुई, बल्कि 'शुरड़ गांव के भाईचारे' की भव्य जीत हुई है, जिसकी सभी जगह सराहना हो रही है।

# पंचायत समितियों में शपथ ग्रहण के लिए पीठासीन अधिकारी नियुक्त

- कुल्लू जिला प्रशासन ने अधिकारियों की तैनाती की
- अध्यक्ष-उपाध्यक्ष चुनाव निष्पक्ष ढंग से कराने के लिए एसडीएम को जिम्मेदारी
- पंचायत समितियों में नई कार्यकारिणी गठन की प्रक्रिया शुरू, आदेश जारी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त कुल्लू, अनुराग चंद्र शर्मा द्वारा जिला की विभिन्न पंचायत समितियों के नव-निर्वाचित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाने तथा अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के पदों का चुनाव संपन्न करवाने के लिए पीठासीन अधिकारियों की नियुक्ति के आदेश जारी किए गए हैं। आदेश के तहत, कुल्लू एवं भुन्तर पंचायत समिति के लिए उप मण्डलाधिकारी (नागरिक) कुल्लू को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार, नगर पंचायत समिति के लिए उप मण्डलाधिकारी (नागरिक) मनाली, बन्जार पंचायत समिति के लिए उप मण्डलाधिकारी (नागरिक) बन्जार, आनी पंचायत समिति के लिए उप मण्डलाधिकारी (नागरिक) आनी तथा निरमण्ड पंचायत समिति के लिए उप मण्डलाधिकारी (नागरिक) निरमण्ड को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उपायुक्त ने बताया कि सभी संबंधित उप मण्डलाधिकारियों को अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाली पंचायत समितियों के लिए इस संपूर्ण प्रक्रिया को निष्पक्ष, समयबद्ध और सुचारू रूप से पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। यह आदेश हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 79 तथा हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (निर्वाचन) नियम, 1994 के नियम 85 के अंतर्गत जारी किए गए हैं।

जारी आदेशों के अनुसार, नियुक्त किए गए अधिकारी संबंधित पंचायत समितियों के नव-निर्वाचित सदस्यों को अधिनियम की धारा 126, 127 तथा नियम 85क के प्रावधानों के तहत शपथ ग्रहण करवाएंगे और इसके उपरांत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का चुनाव संपन्न करवाएंगे।

# 10 ग्राम चिट्टे के साथ चार युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिला में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत भुंतर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस थाना भुंतर की टीम ने हाट बजौरा में मंडी-कुल्लू फोरलेन पर फ्लाईओवर के समीप नाकाबंदी के दौरान एक टैक्सी को जांच के लिए रोका। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें सवार चार व्यक्तियों के कब्जे से कुल 10 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 30 वर्षीय मलकीत सिंह, 25 वर्षीय गुरप्रीत सिंह, 32 वर्षीय अभिषेक तथा 20 वर्षीय वीरेन्द्र सिंह के रूप में हुई है। सभी आरोपी हरियाणा के जिला अम्बाला के निवासी बताए गए हैं।पुलिस के अनुसार बरामद 10 ग्राम हेरोइन की अवैध बाजार में अनुमानित कीमत करीब 2 लाख रुपये आंकी गई है। बरामदगी के बाद पुलिस ने चारों आरोपियों को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ पुलिस थाना भुंतर में मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 21 और 29 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। प्राथमिक जांच के बाद अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि बरामद चिट्टा कहां से लाया गया था और इसे किसे सप्लाई किया जाना था। साथ ही इस मामले से जुड़े संभावित ड्रग नेटवर्क और सप्लाई चेन की भी गहन जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में आगामी अन्वेषण जारी है और कई महत्वपूर्ण खुलासे होने की संभावना है। नशे के खिलाफ जारी अभियान के बीच इस कार्रवाई को कुल्लू पुलिस की एक महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है। पुलिस ने युवाओं से नशे से दूर रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की है।

## लुहरी जलविद्युत परियोजना पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन संबंधी बैठक आयोजित

# प्रभावित परिवारों को जल्द मिलेगी राहत



लुहरी जलविद्युत परियोजना के पुनर्वास कार्यों की समीक्षा करते हुए आरके पुरथी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** लुहरी जलविद्युत परियोजना स्टेज-I के पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन से संबंधित बैठक का आयोजन मंडलायुक्त मंडी आरके पुरथी की अध्यक्षता में किया गया।

बैठक में उपायुक्त कुल्लू अनुराग चन्द्र शर्मा, परियोजना प्रमुख विवेक शर्मा, महाप्रबंधक (आरएंडआर) अलका जायसवाल, सहायक आयुक्त मंडलायुक्त सुनैना शर्मा तथा जिला राजस्व अधिकारी सुरभि नेगी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान परियोजना प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन से जुड़े विभिन्न मामलों की विस्तार से समीक्षा की गई।

मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र परियोजना प्रभावित 14 परिवारों को नियमों एवं प्रावधानों के अनुरूप आवास निर्माण हेतु देय धनराशि का आवंटन सुनिश्चित किया जाए, ताकि प्रभावित परिवारों को समयबद्ध राहत एवं सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुनर्वास प्रक्रिया को पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जाए तथा परियोजना प्रभावित लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए।

बैठक में प्रभावित परिवारों के हितों की सुरक्षा एवं पुनर्वास कार्यों की प्रगति पर भी चर्चा की गई। मंडलायुक्त ने कहा कि पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन से जुड़े सभी कार्य निर्धारित नियमों के अनुरूप तथा समयबद्ध तरीके से पूर्ण किए जाएं, जिससे प्रभावित परिवारों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# मध्यस्थता राष्ट्र के लिए 2.0 अभियान के तहत लंबित केसों को सुलझाने का मौका

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण किन्नौर अजय ठाकुर ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण मध्यस्थता और सुलह परियोजना समिति के मार्गदर्शन में 'मध्यस्थता राष्ट्र के लिए 2.0 अभियान' किन्नौर जिला के तालुका न्यायालयों रामपुर, रिकांगपियो व आनी और जिला न्यायालयों में चलाया जा रहा है।

इसमें विवाह संबंधित पारिवारिक विवाद, मोटर वाहन चालान मामले, घरेलु हिंसा मामले, चैक बाउंस मामले, वाणिज्यिक विवाद, सेवा मामले, समझौता योग्य आपराधिक मामले, उपभोक्ता विवाद, श्रम वसूली के मामले, विभाजन व बेदखली के मुकदमें, भूमि अधिग्रहण मामले और अन्य उपयुक्त नागरिक मामलों का निपटारा किया जायेगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जनता को विवादों के वैकल्पिक समाधान की ओर प्रेरित करना और काफी समय से लंबित मामलों को निपटाना है। उन्होंने यह भी बताया कि मध्यस्थता एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें पक्षकारों के बीच एक प्रशिक्षित मध्यस्थ की सहायता से आपसी सहमति से विवाद को सुलझाया जाता है। यह प्रक्रिया गोपनीय, लचीली और कम खर्चीली होती है। उन्होंने सभी प्रक्रिया को अपनाएं। जिलावासियों से अपील की है कि वे इस अभियान में भाग लें और अपने लंबित विवादों को सुलझाने के लिए मध्यस्थता प्रक्रिया को अपनाएं।

## आस्था | कुल्लू में श्रीराम कथा का चौथा दिन, भगवान शिव के धनुष भंग और श्रीराम-सीता विवाह प्रसंग से झूमा पंडाल

# सतगुरु के बिना भगवान का साक्षात्कार असंभव: गरिमा भारती

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा रथ ग्राउण्ड कुल्लू में आयोजित भव्य श्री राम कथा के चौथे दिन श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। कथा व्यास साध्वी गरिमा भारती ने अपनी अमृतमयी वाणी से 'श्री राम विवाह प्रसंग' का अत्यंत मार्मिक और सुंदर वर्णन किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार प्रभु श्री राम ने भगवान शिव के पिनाक धनुष को भंग कर माता सीता का वरण किया, जिसे देखकर समस्त मानव समाज, देव, दानव और गंधर्व खुशी से झूम उठे।साध्वी ने इस प्रसंग के आध्यात्मिक रहस्यों को उजागर करते हुए कहा कि माता सीता हमारी आत्मा का प्रतीक हैं और प्रभु श्री राम साक्षात परमात्मा हैं। यह पावन विवाह प्रसंग हमें संदेश देता है कि यदि हम अपनी आत्मा रूपी कन्या का मिलन परमात्मा रूपी वर से कराना चाहते हैं, तो हमें अपने जीवन में एक बिचौलिए के रूप में 'सतगुरु' की परम आवश्यकता है। गुरु के बिना मनुष्य कभी ईश्वर के दर्शन प्राप्त नहीं कर सकता।उन्होंने वर्तमान समाज में गुरु चयन की भ्रांतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज लोग संत के चेहरे के तेज, उनके पीछे चलने वाली भीड़ या मधुर वाणी को देखकर गुरु का चुनाव करते हैं, जबकि हमारे धर्म ग्रंथ गवाही देते हैं कि पूर्ण सतगुरु वही है जो हमारे घट (भीतर) में ईश्वर का साक्षात दर्शन करवा दे। पूर्ण संत की एकमात्र कसौटी केवल 'ज्ञान' है। कथा के दौरान साध्वी गरिमा भारती जी ने देश की युवा पीढ़ी को जागृत करते हुए एक ओजस्वी संदेश दिया। उन्होंने कहा कि युवा वही है जिसकी भुजाओं में अदम्य साहस और मन में कुछ कर गुजरने का जुनून हो। लेकिन आज की युवा पीढ़ी निष्क्रियता और नशे के जाल में फंसकर मृतप्राय हो रही है। यदि युवा ही दिशाहीन हो जाएंगे, तो आने वाले समाज का भार कौन संभालेगा। प्रभु श्री राम के जीवन से सीख लेने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि कुरीतियों को देखकर हाथ पर हाथ धरकर बैठने से उनका दमन नहीं हो सकता, बल्कि उनके खिलाफ सक्रिय होना पड़ेगा। उन्होंने स्वामी विवेकानंद, स्वामी रामतीर्थ, शहीद भगत सिंह और चंद्रशेखर आजाद जैसे महापुरुषों का उदाहरण देते हुए कहा कि इन युवाओं ने हमेशा सामाजिक व्याधियों के विरुद्ध डटकर मुकाबला किया। जो युवा स्वयं नशे के दलदल में फंसा हो, वह दूसरों को संकट से नहीं निकाल सकता।वर्तमान में, दिव्य गुरु आशुतोष महाराज जी के मार्गदर्शन में परिवर्तित हुआ युवाओं का एक बहुत बड़ा वर्ग युवा परिवार सेवा समिति के नाम से संस्थान का हिस्सा बनकर समाज और राष्ट्र को संवारने के कार्यों में दिन-रात जुटा हुआ है।कथा का शुभारंभ करने से पहले मुख्य यजमान शुभम रावत और अश्वनी शर्मा ने अपने परिवारों सहित मंच पर विराजमान देव विग्रहों और पवित्र ग्रंथों का विधिवत पूजन व आरती की। कथा के समापन पर आयोजित पावन आरती में भगवान रघुनाथ जी के छड़ीबरदार महेश्वर सिंह ने सपरिवार विशेष रूप से भाग लिया और व्यास पीठ से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस गरिमामयी अवसर पर उनके साथ दीक्षित जरियाल, राजेश वशिष्ठ, सुरेंद्र मेहता और पिनाक शर्मा सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।संस्थान के सेवादारों ने बताया कि कथा के उपलक्ष्य में प्रतिदिन आने वाले सभी श्रद्धालुओं और संगत के लिए विशाल प्रभु जी के भंडारे (प्रसाद) का वितरण निरंतर किया जा रहा है।



भगवान श्रीराम व माता सीता के रूप में नन्हें बच्चे व श्रीराम कथा के दौरान पंडाल में झूमती महिलाएं। अनंत ज्ञान

# पूर्व छात्र संघ च्वाई की पहल लाई रंग, नवोदय में दो बेटियों का चयन

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** शिक्षा के क्षेत्र में लगातार सराहनीय कार्य कर रहे आनी खण्ड के पूर्व छात्र संघ च्वाई की नि:शुल्क नवोदय प्रवेश परीक्षा तैयारी कक्षाओं ने एक बार फिर शानदार परिणाम दिए हैं। इस वर्ष संघ द्वारा शीतकालीन अवकाश के दौरान आयोजित नि:शुल्क कोचिंग कक्षाओं से दो छात्राओं का चयन नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है। चयनित छात्राओं में एलिना, जो राजकीय केंद्र प्राथमिक पाठशाला आनी की छात्रा हैं, तथा युविका, जो राजकीय प्राथमिक पाठशाला निगान की छात्रा हैं, शामिल हैं। दोनों छात्राओं की इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

पूर्व छात्र संघ च्वाई ने छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। संघ के सदस्यों ने बताया कि इन कक्षाओं के सफल संचालन में संघ के अध्यक्ष नीरज गुप्ता का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने आवश्यक संसाधन जुटाने और व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं संघ के सदस्य अक्षय कुमार ने लगातार 15 दिनों तक बिना किसी अवकाश के प्रतिदिन तीन घंटे कक्षाएं संचालित कर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया, जिससे बच्चों को परीक्षा की बेहतर तैयारी करने का अवसर मिला।

उल्लेखनीय है कि पूर्व छात्र संघ च्वाई वर्ष 2014 से नवोदय प्रवेश परीक्षा की नि:शुल्क तैयारी कक्षाएं आयोजित कर रहा है। संघ की इस पहल का लाभ उठाकर अब तक 38 विद्यार्थियों का विभिन्न कक्षाओं एवं विभिन्न नवोदय विद्यालयों में चयन हो चुका है। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन उपलब्ध कराने की यह पहल न केवल विद्यार्थियों के सपनों को नई उड़ान दे रही है, बल्कि समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण भी तैयार कर रही है। पूर्व छात्र संघ च्वाई का यह प्रयास अन्य सामाजिक संगठनों के लिए भी प्रेरणास्रोत बन गया है।

# सपरून की पार्किंग पर बाहरी वाहनों का जमावड़ा,स्थानीय लोग सुविधा से वंचित

## टेंडर नहीं होने से मनमर्जी से पार्क हो रहे वाहन, दिन ढलते ही छलक रहा जाम

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** शहर में पार्किंग की समस्या लगातार विकराल होती जा रही है, लेकिन सपरून में लाखों रुपये खर्च कर बनाई गई पार्किंग भी स्थानीय लोगों के किसी काम नहीं आ रही। करीब 9 लाख रुपये की लागत से निर्मित पार्किंग का संचालन शुरू नहीं हो पाया है, जिसके कारण स्थानीय निवासियों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर निगम अभी तक पार्किंग का टेंडर जारी नहीं कर पाया है। ऐसे में बाहरी वाहन चालक मुफ्त में पार्किंग का उपयोग कर रहे हैं, जबकि क्षेत्र के निवासियों को अपने वाहन खड़े करने के लिए जगह नहीं मिल रही। शाम होते ही पार्किंग क्षेत्र और आसपास अव्यवस्थित तरीके


पार्किंग में खड़े बाहरी वाहन। अनंत ज्ञान

से वाहन खड़े होने के कारण जाम की स्थिति भी बनने लगी है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि रात के समय हाउसिंग कॉलोनी और क्लीन क्षेत्र की ओर जाने वाली महिलाओं और युवतियों को असुरक्षित माहौल से होकर गुजरना पड़ता है। पार्किंग स्थल पर बाहरी वाहनों की आवाजाही और पर्याप्त निगरानी के अभाव में सुरक्षा संबंधी चिंताएं भी बढ़ रही हैं। स्थानीय निवासियों को मिले प्राथमिकता: कमल ऑर्चर्ड आरडब्ल्यूएस, रेजिडेंट वेलफेयर सोसाइटी एचबीसी और अन्य स्थानीय संगठनों ने नगर निगम से पार्किंग का टेंडर जारी कर इसे व्यवस्थित रूप से संचालित करने तथा स्थानीय निवासियों के वाहनों को प्राथमिकता देने की मांग की है।

हालांकि कई महीने बीत जाने के बावजूद इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। कमल ऑर्चर्ड वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष के.एल. शर्मा ने कहा कि कॉलोनी के गेट पर बनी पार्किंग का जल्द संचालन किया जाना चाहिए। उनका कहना है कि वर्तमान में यहां बाहरी वाहन अवैध रूप से पार्क किए जा रहे हैं, जिससे क्षेत्र में असुरक्षा का माहौल बन रहा है। उन्होंने मांग की कि पार्किंग की दरें निर्धारित कर स्थानीय निवासियों को प्राथमिकता के आधार पर सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

आचार संहिता के कारण रुका टेंडर: वहीं पूर्व डिप्टी मेयर राजीव कौड़ा ने बताया कि आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के कारण पार्किंग का टेंडर लंबित रह गया था।

उन्होंने कहा कि जल्द ही नगर निगम आयुक्त के समक्ष पार्किंग का टेंडर जारी करने का मामला उठाया जाएगा और प्रयास रहेगा कि स्थानीय निवासियों को पार्किंग सुविधा में प्राथमिकता दी जाए। लोगों ने कहा कि सोलन जैसे तेजी से बढ़ते शहर में पार्किंग की समस्या पहले से ही गंभीर है, ऐसे में इस तरह की तैयार सुविधाओं का उपयोग न होना चिंता का विषय है। नागरिकों ने प्रशासन से जल्द ठोस कदम उठाने की अपील की है।

# चूड़धार में पांच लाख के गहनों और पैसों से भरा पर्स लौटाकर पुजारी ने जीता भक्तों का दिल

अनंत ज्ञान

**नाहन।** बाहरी हिमालय की सबसे ऊंची चोटी और समुद्र तल से 11,965 फीट की ऊंचाई पर स्थित आस्था के प्रमुख केंद्र चूड़धार धाम से एक ऐसी प्रेरणादायक घटना सामने आई है, जिसने ईमानदारी और मानवता के प्रति लोगों के विश्वास को और मजबूत कर दिया है। चूड़धार मंदिर के सेवादार एवं शिरगुल महाराज के पुजारी पंडित दीप राम शर्मा ने लगभग पांच लाख रुपये मूल्य के सोने के आभूषणों और नकदी से भरा पर्स उसके वास्तविक मालिक तक पहुंचाकर न केवल एक परिवार की अमूल्य धरोहर लौटाई, बल्कि लाखों श्रद्धालुओं के बीच ईमानदारी की एक मिसाल भी कायम कर दी।

आपको बताते चले कि पंडित दीप राम शर्मा को अधिकांश श्रद्धालु प्यार और इज्जत में 'सिरमौरी पुजारी जी' के नाम से भी संबोधित करते है। शनिवार को चूड़धार मंदिर की चोटी के समीप एक पर्स मिला। पर्स में सोने की अंगूठियां, मंगलसूत्र, पेंडेंट-लॉकेट सहित


पुजारी दीपराम शर्मा। अनंत ज्ञान

करीब पांच लाख रुपये मूल्य के आभूषण और 7,910 रुपये नकद रखे हुए थे। पर्स में कोई पहचान पत्र या ऐसा दस्तावेज नहीं था, जिससे उसके मालिक का पता लगाया जा सके। ऐसे में वास्तविक मालिक तक पहुंचना किसी चुनौती से कम नहीं था।

पर्स मिलने की सूचना फैलते ही कुछ लोगों ने उस पर अपना दावा भी किया, लेकिन पंडित दीप राम शर्मा अपने सिद्धांतों पर अडिग रहे। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक कोई व्यक्ति पर्स में रखी गई प्रत्येक वस्तु और नकदी का सही विवरण नहीं देगा, तब तक पर्स किसी को नहीं सौंपा जाएगा।

उनकी इस सतर्कता और दृढ़ता ने सुनिश्चित किया कि अमानत केवल उसके वास्तविक मालिक को ही सौंपेगे। सोशल मीडिया के माध्यम से किए गए इस प्रयास ने भी मालिक तक पहुंचने में अहम भूमिका निभाई।

बाद में पर्स के वास्तविक मालिक की पहचान होने पर पंडित दीप राम शर्मा ने पूरी जांच-पड़ताल के बाद उसे सुरक्षित लौटाया।

## न्यूज ब्रीफ

### सिरमौर में योग का उत्साह, 20 जून तक प्रतिदिन ऑनलाइन सत्रों का आयोजन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर में 01 जून से 20 जून, 2026 तक प्रतिदिन ऑनलाइन योग सत्र आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी जिला आयुष अधिकारी डॉ. जसप्रीत कौर ने देते हुए बताया कि स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा देने के उदेश्य से आयुष विभाग द्वारा प्रतिदिन प्रातः 05:30 बजे से ऑनलाइन योग सत्र आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने जिला के सभी लोगों से आग्रह किया है कि वह लिंक के माध्यम से इस योग सत्र में जुड़ सकते है। उन्होंने योग के लाभ बताते हुए कहा कि योग से शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक तनाव व चिंता को दूर किया जा सकता है तथा इससे हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता व उर्जा में भी बढ़ोतरी होती है।

### विधायक संजय अवस्थी बोले-विकास कार्यों के लिए बजट की कोई कमी नहीं

**कृष्ण रघुवंशी, अर्की।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अर्की की महत्वपूर्ण बैठक ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सतीश कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में स्थानीय विधायक संजय अवस्थी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर नवनिर्वाचित पंचायत प्रधानों, उपप्रधानों, बीडीसी सदस्यों, कांग्रेस पदाधिकारियों तथा सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों से जुड़ी सड़क, पेयजल, सिंचाई, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा अन्य विकासात्मक समस्याओं को विधायक के समक्ष



रखा। विधायक संजय अवस्थी ने कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी किए तथा शेष मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने का आश्वासन दिया। विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि हाल ही में संपन्न पंचायत चुनावों में अर्की विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों को जनता का भरपूर समर्थन मिला है। उन्होंने कहा कि लगभग 70 प्रतिशत पंचायतों में कांग्रेस समर्थित प्रधान और उपप्रधान निर्वाचित हुए हैं, जो कांग्रेस की नीतियों और विकास कार्यों पर जनता के विश्वास को दर्शाता है।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विकास कार्यों को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है और अर्की विधानसभा क्षेत्र में विकास योजनाओं के लिए बजट की कोई कमी नहीं है ।उन्होंने यह भी कहा कि पंचायत चुनावों में मिली सफलता का जल्द ही भव्य सम्मान समारोह मनाया जाएगा, जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री अथवा पंचायती राज मंत्री को आमंत्रित किया जाएगा।विधायक ने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों को लेकर भी कार्यकर्ताओं में उत्साह भरते हुए कहा कि सभी कांग्रेस कार्यकर्ता, पंचायत प्रतिनिधि और संगठन के पदाधिकारी अभी से अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय होकर जनता के बीच जाएं तथा सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा, विकास और संगठन की मजबूती ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है और इसी आधार पर पार्टी वर्ष 2027 में भी मजबूत स्थिति के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी।उन्होंने कहा जमीनी स्तर पर किए गए कार्यों और जनता के विश्वास से ही चुनाव जीते जाते हैं।

### इटरनल विश्वविद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर की गतिविधियां संपन्न

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** इटरनल विश्वविद्यालय, बड़ू साहिब की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा 27 मई से 2 जून 2026 तक सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर का आयोजन बाबा डॉ. दविंदर सिंह कुलाधिपति, इटरनल विश्वविद्यालय के दिव्य आशीर्वाद तथा डॉ. नीलम कौर, कुलपति, इटरनल विश्वविद्यालय के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर के सफल आयोजन में डॉ. टी.एस. बेनिपाल, डीन अकादमिक अफेयर्स, डॉ. सुरजन सिंह, कुलसचिव तथा डॉ. योगीता ठाकुर, डीन स्टूडेंट वेलफेयर का निरंतर सहयोग एवं प्रोत्साहन प्राप्त हुआ। शिविर का शुभारम्भ वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के खिलाड़ियों के पंजीकरण से हुआ, जिसका नेतृत्व एनएसएस कार्यक्रमअधिकारी डॉ. मोहित कुमार एवं इंजी. अनीता चौधरी ने किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में निःस्वार्थ सेवा, सामाजिक उत्तरदायित्व, नेतृत्व क्षमता तथा स्वैच्छिक सहभागिता की भावना का विकास करना था।सप्ताह भर चले इस विशेष शिविर के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों ने सामुदायिक विकास एवं व्यक्तित्व निर्माण से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रमुख गतिविधियों में नशा मुक्ति, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा तंबाकू निषेध विषयों पर जागरूकता रैलियां, मानव मनोविज्ञान एवं स्वास्थ्य जागरूकता विषयक व्याख्यान शामिल रहे।

### अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की नियुक्ति के लिए पीठासीन अधिकारियों की नियुक्ति

**अनंत ज्ञान, सोलन।** उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 (संशोधित) की धारा 79 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी किए हैं। आदेशों के अनुसार ज़िला सोलन के उपमण्डलाधिकारी सोलन को पंचायत समिति सोलन, उपमण्डलाधिकारी कण्डाघाट को पंचायत समिति कण्डाघाट, उपमण्डलाधिकारी कसौली को पंचायत समिति धर्मपुर, उपमण्डलाधिकारी अर्की को पंचायत समिति कुनिहार, उपमण्डलाधिकारी नालागढ़ को पंचायत समिति नालागढ़ तथा उपमण्डलाधिकारी बद्दी को पंचायत समिति पट्टा के लिए पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है। आदेशों के अनुसार नियुक्त पीठासीन अधिकारी सम्बन्धित पंचायत समितियों के नव निर्वाचित सदस्यों को हिमाचल प्रदेश पचांयती राज अधिनियम, 1994 की धारा 127 के अंतर्गत अनुसूचि-ट के अनुसार शपथ दिलाएंगे और सम्बन्धित पंचायत समितियों के अध्यक्ष तथा उपाध्यक्षों के चुनाव उनके निर्वाचित सदस्यों में से निर्धारित रूप से करवाएंगे। आदेशों में स्पष्ट किया गया है कि पीठासीन अधिकारी यह भी सुनिश्चित करेंगे कि सम्बन्धित पंचायत समितियों के सभी नवनिर्वाचित सदस्यों की शपथ प्रक्रिया 07 जून, 2026 को या उससे पहले सम्पन्न हो जाए। इसके उपरांत वह हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 और हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (निर्वाचन) नियम, 1994 के प्रावधानों के अनुरूप सम्बन्धित पंचायत समितियों के अध्यक्ष और उपाध्यक्षों का चुनाव उनके सम्बन्धित निर्वाचित सदस्यों से करवाएंगे।

# ओपन शूटिंग चैंपियनशिप में मनस्वी नेगी का शानदार प्रदर्शन, जीता गोल्ड मेडल

अनंत ज्ञान

**नाहन।** अरिहंत इंटरनेशनल स्कूल नाहन की होनहार छात्रा मनस्वी नेगी ने 18वीं शिमला जिला ओपन शूटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 मीटर एयर राइफल जूनियर महिला (एन.आर.) वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय, अभिभावकों और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मनस्वी ने प्रतियोगिता में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन, एकाग्रता और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए यह उपलब्धि हासिल की। उनकी इस सफलता से विद्यालय परिवार में हर्ष और गर्व का वातावरण है।

विद्यालय की प्रधानाचार्या देवेंद्र कौर साहनी ने मनस्वी को बधाई देते हुए कहा, 'मनस्वी की यह उपलब्धि विद्यालय के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। उनकी मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण ने उन्हें यह सफलता दिलाई है। यह उपलब्धि अन्य



विद्यार्थियों को भी अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करेगी। इसके अलावा, मनस्वी नेगी की इस उपलब्धि पर विद्यालय के शिक्षकों, सहपाठियों और क्षेत्र के लोगों ने भी उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि मनस्वी ने कठिन परिश्रम और लगन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। अभिभावकों ने भी उनकी सफलता पर खुशी जताते हुए भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद व्यक्त की।

# प्रदेश सरकार सड़कों का नेटवर्क बेहतर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत


कठनी मार्ग के कार्य का निरीक्षण करते मंत्री विक्रमादित्य सिंह। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सोलन।** लोक निर्माण तथा शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि सड़कें विकास की जीवन रेखाएं हैं और प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों तक विकास के लाभ पहुंचाने के लिए सड़कों का नेटवर्क बेहतर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। विक्रमादित्य सिंह सोलन के कसौली उपमण्डल में काणों के समीप धर्मपुर-सुबाथू-कठनी मार्ग के कार्य का निरीक्षण कर रहे थे। उन्होंने प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्माणाधीन 13 किलोमीटर लम्बे धर्मपुर-कठनी सड़क मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इस सड़क निर्माण कार्य के लिए लगभग 19 करोड़ रुपये स्वीकृत किये गये हैं।

लोक निर्माण मन्त्री ने कहा कि इस सड़क का 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा शेष कार्य 30 सितंबर 2026 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि धर्मपुर-कठनी सड़क जहां आंतरिक सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण है वहीं इस क्षेत्र के किसानों की फसल को मण्डियों तक पंहुचाने में भी महत्वपूर्ण है।

उन्होंने गढ़खल-कसौली को जोड़ने वाले फ्लाई ओवर ब्रिज का निरीक्षण भी किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। इस पुल के निर्माण पर 25.60 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस पुल के निर्माण से कसौली की तरफ जाने वाले वाहन निर्बाध आ-जा सकेंगे। यह पुल कसौली जैसे महत्वपूर्ण पर्यटन क्षेत्र में विशेष रूप से सहायक बनेगा।

## प्रताड़ना से तंग आकर युवती के आत्महत्या मामले में एसपी से जांच की मांग

**नाहन।** कालाअम्ब औद्योगिक में हिमाचल-हरियाणा सीमा के नजदीक बसे बिक्रम बाग़ में हाल ही में हरियाणा के दो युवको द्वारा यहां की दो युवतियों को शादी का झांसा देकर उठा ले जाने के मामले जिसमें एक युवती ने प्रताड़ना से तंग आकर आत्म हत्या कर कली थी। इससे खफा ग्रामीणों ने एसपी को ज्ञापन सौंपा।

एसपी सिरमौर को सौंपें ज्ञापन में कहा गया है क्षेत्र की दो युवतियों को हरियाणा के दो युवक उठा ले, उनके साथ हुए यौन शोषण के आरोप भी लगाये गए हैं। मामले में उचित कार्रवाई करने की गुहार लगाई गई। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र की दो लड़कियों को हरियाणा के दो युवक शादी का झांसा देकर साथ ले गए और उनके साथ कई दिनों यौन शोषण किया गया।

# भाजपा ने निगम चुनाव में जीत के बाद कांग्रेस नेताओं पर साधा निशाना

अनंत ज्ञान

**सोलन।** भाजपा शहरी मंडल के अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता ने कहा कि नगर निगम चुनाव परिणामों ने स्पष्ट कर दिया है कि सोलन की जनता कांग्रेस सरकार की नाकामियों और स्थानीय नेतृत्व की विफलताओं से पूरी तरह निराश हो चुकी है। यह जनादेश केवल चुनावी हार-जीत का विषय नहीं, बल्कि कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों और विकास कार्यों में विफलता के खिलाफ जनता के आक्रोश का स्पष्ट संदेश है।

गुप्ता ने कहा कि नगर निगम चुनाव परिणामों ने साबित कर दिया है कि जनता अब झूठे आश्वासनों और खोखली घोषणाओं से तंग आ चुकी है। इसलिए नैतिकता के आधार पर स्थानीय मंत्री कर्नल शांडिल को इस जनादेश की जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए अपने पद से त्यागपत्र देना चाहिए। स्थानीय मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल के नेतृत्व में सोलन


भाजपा शहरी मंडल सोलन के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता। अनंत ज्ञान

की मूलभूत सुविधाओं की स्थिति लगातार बदतर होती गई है।

सोलन-सुबाथू मार्ग पिछले लगभग दो वर्षों से बदहाली का शिकार है। सड़क पर इतने बड़े-बड़े गड्ढे हैं कि लोगों का सफर करना मुश्किल हो गया है। बरसात के दौरान स्थिति और भी भयावह हो जाती है। स्थानीय मंत्री द्वारा कई बार सड़क निर्माण के आश्वासन दिए गए, लेकिन धरातल पर आज तक कोई ठोस परिणाम दिखाई नहीं दिया। सबसे हैरानी की बात यह है कि सरकार और कांग्रेस नेता तारकोल की कमी का बहाना बनाकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि सपाटू-धर्मपुर मार्ग पर तारकोल बिछाने का कार्य लगातार जारी है।

यदि तारकोल उपलब्ध है तो सोलन-सुबाथू मार्ग की अनदेखी क्यों की जा रही है आखिर इस क्षेत्र की जनता के साथ सौतेला व्यवहार क्यों किया जा रहा है।

# 18 जून को आयोजित होने वाले पारंपरिक दंगल की तैयारियों पर चर्चा

अनंत ज्ञान

**दाड़लाघाट।** दंगल एवं मेला समिति भराड़ीघाट (दसेरन) की बैठक समिति के प्रधान रामकृष्ण शर्मा की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान समिति के सचिव जगदीश शर्मा और कोषाध्यक्ष बालक राम ठाकुर ने समिति का आय-व्यय एवं अन्य गतिविधियों का लेखा-जोखा सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया।

बैठक में आगामी 18 जून को आयोजित होने वाले पारंपरिक दंगल की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। मेला समिति के प्रेस सचिव किशोरी लाल शास्त्री ने बताया कि भराड़ीघाट का यह दंगल पिछले लगभग 12 वर्षों से क्षेत्र की सांस्कृतिक परंपरा का हिस्सा रहा है। क्यारड़ और दसेरन पंचायतों के लोगों के सहयोग से हर वर्ष बाड़ी मेले के उपरांत इसका आयोजन किया जाता है।

इस वर्ष भी दंगल का आयोजन 18 जून को दोपहर 1 बजे से किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के पहलवानों


बैठक में शामिल सदस्य। अनंत ज्ञान

और कुश्ती प्रेमियों से दंगल में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा आयोजन को सफल बनाने का आह्वान किया।

बैठक में ग्राम पंचायत क्यारड़ के पूर्व प्रधान रामस्वरूप, नवनिर्वाचित दसेरन पंचायत उपप्रधान कुलदीप शर्मा, पंचायत क्यारड़ के उपप्रधान हरीश भारद्वाज, पंचायत सदस्य रामस्वरूप ठाकुर, समिति के उपप्रधान प्रकाश चंद्र बोटी, सुमन गुप्ता, चुन्नीलाल, सलाहकार वासुदेव शर्मा, प्रेम भगत, संतराम ठाकुर, अखाड़ा समिति के प्रधान पूर्ण भगत, जगत राम शर्मा, नरेश भारद्वाज, प्रीतम सिंह, प्यारेलाल, अनुशासन समिति के पदम देव व पदम सिंह तथा व्यवस्था समिति के सदस्य वीरेंद्र शर्मा, भूपेंद्र शर्मा, दिनेश भारद्वाज, कमलेश भाटिया, बिट्ठू, राजू, और रतन ठाकुर सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजन को भव्य बनाने हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

# कांग्रेस सत्ता में रहने का नैतिक अधिकार खो चुकी : डॉ बिंदल

अनंत ज्ञान

**नाहन।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि हाल ही में संपन्न हुए स्थानीय निकाय एवं पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों ने प्रदेश की राजनीति से जुड़े अनेक अनुत्तरित प्रश्नों का स्पष्ट उत्तर दे दिया है। चुनाव परिणामों ने साबित कर दिया है कि हिमाचल प्रदेश की जनता वर्तमान कांग्रेस सरकार से पूरी तरह निराश और असंतुष्ट है तथा प्रदेश में सत्ता परिवर्तन का मन बना चुकी है।

डॉ. बिंदल ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उनका मंत्रिमंडल और कांग्रेस सरकार इन चुनावों को टालने के लिए हर संभव प्रयास करती रही। कभी पुनर्गठन, कभी रोस्टर, कभी डिलिमिटेशन और कभी अन्य तकनीकी बहानों के माध्यम से चुनावों को लटकाने की कोशिश की गई। अंततः माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के बाद चुनाव करवाने पड़े



और जनता ने कांग्रेस सरकार को करारा जवाब दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनावों के दौरान कांग्रेस सरकार ने सत्ता, सरकारी मशीनरी, धनबल और प्रशासनिक प्रभाव का खुलकर दुरुपयोग किया। इसके बावजूद प्रदेश की जागरूक जनता ने लोकतांत्रिक तरीके से वोट की चोट मारकर सरकार की जनविरोधी नीतियों और अहंकार को नकार दिया।

डॉ. बिंदल ने कहा कि कांग्रेस लगातार इन चुनावों को गैर-राजनीतिक बताने का प्रयास करती रही, लेकिन परिणाम आने के बाद जीत का श्रेय लेने लगी।

# जिप चुनाव में कांग्रेस का सूपड़ा साफ 2027 में सत्ता से विदाई तय : रीना कश्यप

अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** जिला परिषद चुनाव में पुरे प्रदेश के साथ जिला सिरमौर में भी कांग्रेस का पूरी तरह सूपड़ा साफ हो गया है। वहीं प्रदेश के चार नगर निगमों में से तीन में भाजपा की जीत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि प्रदेश की जनता ने कांग्रेस की नीतियों को नकार दिया है। यह बात पच्छाद विधानसभा क्षेत्र से विधायक रीना कश्यप ने जारी बयान में कही। रीना कश्यप ने कहा कि पंचायती राज और नगर निकाय चुनावों में जनता का जनादेश पूरी तरह भाजपा के पक्ष में गया है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में अधिकतर भारतीय जनता पार्टी समर्पित लोग विजयी हुए हैं, जबकि कांग्रेस को लगभग हर स्तर पर करारी हार का सामना करना पड़ा है।

उन्होंने कहा कि जिला सिरमौर में जिला परिषद की कुल 17 सीटों में से भाजपा ने 13 सीटों पर जीत दर्ज की है, जिससे यह तय हो गया है कि जिला परिषद में भाजपा का



नेतृत्व स्थापित होगा। यह परिणाम कांग्रेस सरकार के प्रति जनता के गहरे असंतोष को दर्शाता है। रीना कश्यप ने आगे कहा कि पच्छाद विधानसभा क्षेत्र में भी भाजपा का प्रदर्शन शानदार रहा है, जहां चार में से तीन जिला परिषद सीटें भाजपा के खाते में गई हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के साढ़े तीन वर्षों के कार्यकाल में जनविरोधी फैसले, विकास कार्यों में ठहराव, बेरोजगारी, महंगाई और कानून-व्यवस्था जैसे मुद्दों पर सरकार पूरी तरह विफल रही है।

# टिक्कर रोड पर खुले में कूड़ा फेंकने से बिगड़े हालात

अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** उपमंडल के अंतर्गत टिक्कर रोड पर खुले में लगातार कूड़ा फेंके जाने से जाजर गांव के ग्रामीणों की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। क्षेत्र में फैली गंदगी और दूषित हो रहे पेयजल स्रोतों को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष है। समस्या से तंग आकर सोमवार को गांव की महिलाओं ने एसडीएम राजगढ़ राजकुमार ठाकुर से मुलाकात कर उन्हें पूरी स्थिति से अवगत कराया तथा मौके का निरीक्षण भी करवाया।

ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि टिक्कर रोड के किनारे लंबे समय से खुले में कूड़ा फेंका जा रहा है, जिससे आसपास का वातावरण प्रदूषित हो रहा है। सबसे गंभीर बात यह है कि इसी क्षेत्र के पास गांव का पेयजल स्रोत स्थित है, जो अब कूड़े और गंदगी के कारण दूषित होने लगा है। महिलाओं का कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो गांव में बीमारियां फैलने का खतरा



बढ़ सकता है।महिलाओं ने बताया कि इससे पहले भी इस स्थान पर कूड़े के बड़े-बड़े ढेर जमा हो चुके हैं। उस दौरान गांव की महिलाओं ने स्वयं आगे आकर सफाई अभियान चलाया था और पूरे क्षेत्र को साफ किया था।

इतना ही नहीं, ग्रामीणों ने घर-घर जाकर लोगों को खुले में कूड़ा न फेंकने के लिए जागरूक भी किया, लेकिन इसके बावजूद कुछ लोग लगातार यहां कूड़ा फेंक रहे हैं, जिससे समस्या फिर गंभीर रूप ले चुकी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि खुले में कूड़ा फेंकने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए तथा क्षेत्र में नियमित सफाई और कूड़ा निस्तारण की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# साधु का वेश धारण कर लेने मात्र से कोई संत नहीं बन जाता : देवकीनंदन

## कहा- केवल बाहरी स्वरूप देखकर किसी के गुणों का निर्णय करना उचित नहीं

अनंत ज्ञान



**घनारी।** श्री पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर घनारी स्थित श्री सिद्ध बाबा मौनी धाम में सिद्ध बाबा मौनी कमेटी द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास देवकीनंदन दास ने श्रद्धालुओं को संत और भक्त की वास्तविक पहचान के विषय में प्रेरणादायक संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि किसी सच्चे संत और भक्त की पहचान उसकी वेशभूषा से नहीं, बल्कि उसके उत्तम चरित्र, सद्गुणों और भगवान के प्रति अनन्य भक्ति से होती है। केवल साधु वेश धारण कर लेने मात्र से कोई व्यक्ति संत नहीं बन जाता। वेशभूषा सम्मान की पात्र अवश्य है, लेकिन किसी के संतत्व का आकलन उसके आचरण, व्यवहार और गुणों के आधार पर ही किया जाना चाहिए। कथा के दौरान भगवान कपिलदेव और माता देवहूति के प्रसंग का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि यदि केवल वेशभूषा के आधार पर संत की पहचान की जाए तो भ्रम उत्पन्न हो सकता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि रावण साधु वेश धारण कर माता सीता का हरण करने आया था, जबकि श्री शुकदेव गोस्वामी ने दिगंबर स्वरूप में रहकर गंगा तट पर राजा परीक्षित को श्रीमद्भागवत कथा सुनाई और उन्हें मोक्ष का मार्ग दिखाया। ऐसे में केवल बाहरी स्वरूप देखकर किसी के गुणों का निर्णय करना उचित नहीं है।

उन्होंने कहा कि समाज में महापुरुषों की पूजा उनके चित्र या स्वरूप के कारण नहीं, बल्कि उनके आदर्श चरित्र और महान जीवन मूल्यों के कारण की जाती है। भगवान श्रीराम के आदर्श चरित्र ने मानवता को धर्म, मर्यादा और कर्तव्य का मार्ग दिखाया है, इसलिए आज भी करोड़ों लोग उन्हें श्रद्धापूर्वक पूजते हैं। देवकीनंदन दास ने श्रद्धालुओं को संदेश देते हुए कहा कि जो व्यक्ति निष्काम भाव से भगवान की भक्ति करता है, सद्गुणों से युक्त है और जिसका चरित्र पवित्र है, वही सच्चा भक्त और साधु कहलाने योग्य है। उन्होंने गुरु का चयन करते समय भी व्यक्ति के चरित्र, व्यवहार और आध्यात्मिक गुणों को परखने की सलाह दी, ताकि जीवन में भ्रम और अनर्थ की स्थिति उत्पन्न न हो। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर भक्ति रस का आनंद लिया तथा श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया।

## टक्का में आयोजित होने वाला धार्मिक कार्यक्रम स्थगित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** डेरा बाबा रूद्रानंद आश्रम की ओर से सभी श्रद्धालुओं और भक्तों को सूचित किया गया है कि गांव टक्का में आयोजित होने वाला विराट धार्मिक समागम फिलहाल रद्द कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, लगभग तीन माह पूर्व गांव टक्का में इस भव्य धार्मिक आयोजन का निर्णय लिया गया था। कार्यक्रम का आयोजन 19, 20 और 21 जून 2026 को प्रस्तावित था। हालांकि, हाल ही में हुई कुछ दुखद घटनाओं के चलते आयोजन समिति को यह कार्यक्रम स्थगित करने का निर्णय लेना पड़ा है। डेरा बाबा रूद्रानंद आश्रम के अधिष्ठाता महाराज श्री हेमानंद जी के आदेशानुसार कार्यक्रम को फिलहाल निरस्त किया गया है। आश्रम प्रबंधन ने बताया कि आयोजन की नई तिथि बाद में निर्धारित की जाएगी और इसकी सूचना सभी भक्तों एवं श्रद्धालुओं को समय रहते दे दी जाएगी। आश्रम की ओर से सभी श्रद्धालुओं से सहयोग एवं समझदारी बनाए रखने का आग्रह किया गया है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर कल ग्राम पंचायतों में होंगी विशेष ग्राम सभा बैठकें

## पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक भागीदारी बढ़ाना है उद्देश्य

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, ऊना।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला ऊना की सभी ग्राम पंचायतों में 5 जून को विशेष ग्राम सभा बैठकों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में उपायुक्त जतिन लाल ने आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। उपायुक्त ने बताया कि इन बैठकों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करना तथा जनसहभागिता को बढ़ावा देना है। ग्राम सभाओं में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन और जिम्मेदार सामाजिक व्यवहार से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। बैठकों के दौरान ठोस एवं प्लास्टिक कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन में परिवारों, स्थानीय संस्थाओं तथा समुदाय की भूमिका पर विशेष रूप से विचार-विमर्श होगा। इसके अलावा कचरे के पृथक्करण (वेस्ट सेग्रीगेशन), एकल-उपयोग प्लास्टिक के उपयोग में कमी, जैविक कचरे से कम्पोस्ट तैयार करने तथा स्थानीय स्तर पर स्वच्छता गतिविधियों को प्रभावी बनाने के उपायों पर भी चर्चा की जाएगी।

ग्राम सभाओं में गांवों, सार्वजनिक स्थलों और जल स्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने के लिए आमजन की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया जाएगा। साथ ही ग्राम पंचायतों, स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी), स्वच्छाग्रहियों, अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं, युवा एवं महिला मंडलों तथा अन्य स्थानीय हितधारकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण अभियानों को गति देने की रणनीति पर भी विचार किया जाएगा।

उपायुक्त जतिन लाल ने जिले के सभी ग्रामीण नागरिकों से इन विशेष ग्राम सभा बैठकों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ, स्वस्थ, हरित और पर्यावरण-अनुकूल ग्रामों का निर्माण तभी संभव है, जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए इस जन अभियान का सक्रिय हिस्सा बने।

# डेरा अमलैहड़ में 9 जून को शुरू होगी श्रीमद्भागवत कथा

अनंत ज्ञान

**घनारी।** डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम में डेरा महाराज 1008 श्रीश्री हेमानंद महाराज के तत्वावधान में 9 से 15 जून तक श्रीमद्भागवत कथा का भव्य धार्मिक आयोजन किया जाएगा। कथा के दौरान श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक प्रवचनों एवं भक्ति रस का लाभ प्राप्त होगा। डेरा बाबा रुद्रानंद के सेवक सतपाल शास्त्री ने बताया कि कथा का वाचन गौरदास जी महाराज द्वारा किया जाएगा, जो वृंदावन धाम से पधार रहे हैं। वे श्रीमद्भागवत कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को भगवान की महिमा और भक्ति का संदेश देंगे। उन्होंने बताया कि आयोजन से पूर्व 7 जून को एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा डेरा अमलैहड़ से आरंभ होकर मुबारिकपुर, गगरेट, दियोली, घनारी, दौलतपुर, सहजलबई स्नान और भद्रकाली सहित विभिन्न गांवों से होते हुए पुनः डेरा परिसर पहुंचेगी।

◆ 7 को निकलेगी भव्य शोभायात्रा

सतपाल शास्त्री ने बताया कि डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम अमलैहड़ में प्रतिवर्ष श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाता है, जिसमें क्षेत्र सहित दूर-दराज के इलाकों से हजारों श्रद्धालु भाग लेते हैं। इस अवसर पर समाजसेवी महेंद्र जसवाल तथा क्षेत्र के अन्य श्रद्धालुओं ने राकेश कालिया से आग्रह किया है कि कथा अवधि के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए डेरा अमलैहड़ तक विशेष बस सेवा संचालित की जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग धार्मिक आयोजन में सहभागिता कर सकें।

# जनगणना में निभाएं सक्रिय भागीदारी : डीसी

## जिलावासियों से की स्वगणना सुविधा का लाभ उठाने की अपील

अनंत ज्ञान

**राजेश शर्मा, ऊना।** उपायुक्त जतिन लाल ने जिले के नागरिकों से जनगणना-2026 के प्रथम चरण में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि जनगणना किसी भी राज्य और देश के समग्र एवं संतुलित विकास की आधारशिला होती है तथा इसके आंकड़े भविष्य की विकास योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उपायुक्त ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में जनगणना-2026 का प्रथम चरण 16 जून से 15 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त नागरिकों की सुविधा के लिए स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) की व्यवस्था भी की गई है, जिसके तहत 1 से 15 जून तक लोग ऑनलाइन माध्यम से अपने परिवार की जानकारी स्वयं दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्व-गणना जनभागीदारी को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। ऑनलाइन जानकारी दर्ज करने के बाद नागरिकों को एक विशिष्ट स्व-गणना आईडी प्राप्त होगी, जिसे घर-घर सर्वेक्षण के दौरान आने वाले प्रगणक को उपलब्ध करवाना होगा। जतिन लाल ने बताया कि निर्धारित अवधि के दौरान प्रगणक प्रत्येक घर तक पहुंचकर मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से परिवार, आवास, उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं तथा अन्य अधिसूचित जानकारियां एकत्रित करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनगणना के दौरान प्राप्त सभी सूचनाएं पूर्णतः गोपनीय रखी जाएंगी और उनका उपयोग केवल आधिकारिक जनगणना उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में घरों, परिवारों और उपलब्ध सुविधाओं से संबंधित आंकड़े एकत्रित किए जाएंगे, जो शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, आवास तथा अन्य विकास योजनाओं को अधिक प्रभावी और जनोन्मुख बनाने में सहायक सिद्ध होंगे। उपायुक्त ने बताया कि जनगणना कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए नगर निगम ऊना में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ कर दिया गया है। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनगणना प्रक्रिया, डिजिटल उपकरणों के उपयोग तथा आंकड़ों के सटीक संकलन संबंधी आवश्यक जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि जनगणना केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश और प्रदेश के विकास की दिशा तय करने वाला महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान है।

## एनएसयूआई ने शुरू किया पौधरोपण अभियान

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एनएसयूआई द्वारा मंगलवार को तीन दिवसीय पौधरोपण अभियान का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 2 जून से 5 जून को मनाए जाने वाले विश्व पर्यावरण दिवस तक जारी रहेगा। इस अवसर पर एनएसयूआई के राज्य समन्वयक आशीष शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकताओं में से एक है। उन्होंने युवाओं और आम नागरिकों से अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने का आह्वान किया, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध हो सके। अभियान के तहत मंगलवार को चिंतपूर्णी क्षेत्र के दलवाड़ी और ज्वाल गांवों में पौधरोपण किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रजातियों के छह प्रकार के पौधे लगाए गए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में सोहराब, सिद्धार्थ, चिराग, सुमित, परवेश, कार्तिक सहित अन्य युवा कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# 28 वर्ष उत्कृष्ट सेवाएं देने के बाद अध्यापिका सुदर्शना सेवानिवृत्त



अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के हटली-पटियाला परिवार से संबंध रखने वाली वरिष्ठ शिक्षिका सुदर्शना कुमारी 28 वर्षों की सराहनीय एवं समर्पित सेवाओं के उपरांत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हटली से सेवानिवृत्त हो गई हैं। उनके सेवानिवृत्त होने पर शिक्षा विभाग, सहकर्मियों, विद्यार्थियों और क्षेत्रवासियों ने उन्हें भावभीनी विदाई देते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की। सुदर्शना कुमारी ने वर्ष 1998 में बतौर जेबीटी अध्यापिका अपने शिक्षण जीवन की शुरुआत राजकीय प्राथमिक पाठशाला हटली से की थी। इसके बाद उन्होंने जिला सोलन, ऊना और कांगड़ा के विभिन्न विद्यालयों में सेवाएं देते हुए शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। अपने सेवाकाल के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ-साथ उनमें अनुशासन, नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# 35 साल भाजपा की सेवा के बाद छलका रोशन ठाकुर का दर्द

## कहा- एक नेता ने टिकट वितरण में किया गुमराह, जनता ने दिया जवाब

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रोशन ठाकुर ने जिला परिषद चुनाव के परिणामों के बाद पार्टी संगठन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि नम्होल वार्ड में भाजपा प्रत्याशी का तीसरे स्थान पर रहना आत्ममंथन का विषय है। उन्होंने कहा कि उन्होंने 35 वर्षों तक भाजपा की सेवा की है और जिला स्तर से लेकर राज्य व केंद्र स्तर तक विभिन्न जिम्मेदारियां निभाई हैं, लेकिन इस बार टिकट वितरण के दौरान पार्टी नेतृत्व को गुमराह किया गया।

पत्रकारों से बातचीत में रोशन ठाकुर ने कहा कि पार्टी द्वारा कराए गए सर्वे और स्थानीय कार्यकर्ताओं की राय में अधिकांश लोग सुरभि ठाकुर को भाजपा का टिकट देने के पक्ष में थे, लेकिन एक नेता ने प्रदेश स्तर पर प्रत्याशी चयन कर रही समिति को गलत जानकारी देकर टिकट किसी और को दिलवा दिया। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद क्षेत्र की जनता ने अपना फैसला सुनाते हुए सुरभि ठाकुर को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में विजयी बनाया और उनके साथ हुए अन्याय का जवाब लोकतांत्रिक तरीके से दिया। रोशन ठाकुर ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, ऐसे में नम्होल वार्ड में पार्टी का तीसरे स्थान पर पहुंच जाना संगठन के लिए गंभीर चेतावनी है।

उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि इस हार के कारणों पर समय रहते मंथन नहीं किया गया तो इसका प्रभाव वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों में भी देखने को मिल सकता है। हालांकि, उन्होंने अपनी पार्टी के प्रति निष्ठा दोहराते हुए कहा कि वह भाजपा के सच्चे सिपाही हैं और भविष्य में विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी जिस भी प्रत्याशी को मैदान में उतारेगी, उसके साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि सुरभि ठाकुर उनकी बेटी हैं, लेकिन पार्टी और संगठन उनके लिए सर्वोपरि हैं। रोशन ने कहा कि भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा जो भी निर्देश देंगे, उनका पालन करने का पूरा प्रयास किया जाएगा।

## घुमारवीं में जनगणना के प्रथम चरण को लेकर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान घुमारवीं।** उपमंडल अधिकारी (ना.) घुमारवीं गौरव चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (छात्रा) घुमारवीं के बैठक कक्ष में आगामी जनगणना-2027 के प्रथम चरण के सफल संचालन हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य जनगणना कार्य में नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनगणना प्रक्रिया, डेटा संग्रहण तथा तकनीकी पहलुओं से अवगत करवाना था।

इस अवसर पर उपमंडल अधिकारी गौरव चौधरी ने बताया कि जनगणना देश की विकास योजनाओं एवं नीतियों के निर्माण का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने कहा कि जनगणना के प्रथम चरण के अंतर्गत स्व-जनगणना की प्रक्रिया एक जून से 15 जून तक संचालित की जाएगी। इसके पश्चात जनगणना कार्य में नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारी 15 जून से 15 जुलाई तक घर-घर जाकर आवास एवं परिवारों से संबंधित विभिन्न जानकारियां एकत्रित करेंगे। उन्होंने बताया कि इस चरण में मकानों की स्थिति, आवासीय सुविधाओं तथा परिवारों से संबंधित आवश्यक आंकड़े संकलित किए जाएंगे। इसके उपरांत जनगणना का दूसरा चरण वर्ष 2027 में प्रारंभ किया जाएगा, जिसमें जनसंख्या संबंधी विस्तृत जानकारी एकत्रित की जाएगी।

# जनगणना-2027 में स्वगणना अपनाएं, 15 जून तक पोर्टल पर स्वयं दर्ज करें जानकारी : राहुल कुमार

अनंत ज्ञान



जनगणना अभियान की शुरुआत करते उपायुक्त राहुल कुमार।

**ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर में जनगणना-2027 अभियान का औपचारिक शुभारंभ बचत भवन में किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त ओम कांत ठाकुर, सहायक आयुक्त राजकुमार सहित जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे। उपायुक्त राहुल कुमार ने नागरिकों से अपील की कि वे एक जून से 15 जून, तक उपलब्ध स्वगणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) सुविधा का लाभ उठाकर अपनी और अपने परिवार की जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज करें। उन्होंने स्वयं भी पोर्टल पर जानकारी दर्ज कर अभियान की शुरुआत की।

उन्होंने बताया कि नागरिक https://se.census.gov.in/ पोर्टल के माध्यम से बिना किसी मध्यस्थ के अपना विवरण दर्ज कर सकते हैं। यह सुविधा सीमित अवधि के लिए उपलब्ध है और इससे जनगणना प्रक्रिया अधिक सरल, पारदर्शी और सटीक बनेगी। राहुल कुमार ने कहा कि जनगणना-2027 देश की पहली पूर्णतः डिजिटल जनगणना है, जो भविष्य की विकास योजनाओं और संसाधन नियोजन का आधार बनेगी। सही और पूर्ण जानकारी ही सरकार को वास्तविक आवश्यकताओं का आकलन करने में मदद करेगी। उन्होंने बताया कि जनगणना दो चरणों में होगी। पहला चरण 16 जून से 15 जुलाई, 2026 तक मकान सूचीकरण और आवासीय गणना का होगा, जबकि दूसरे चरण में जनसंख्या गणना की जाएगी। जिले में लगभग 1130 प्रगणकों की तैनाती की गई है, जो निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार घर-घर जाकर आंकड़े एकत्र करेंगे। इसके बाद स्वगणना के बाद सत्यापन का कार्य भी किया जाएगा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक संदीप धवल ने नागरिकों से अपील की कि वे समय पर स्वगणना पूरी करें और किसी भी व्यक्ति को पहचान सत्यापित किए बिना व्यक्तिगत जानकारी न दें।

## दो बार विजयी रहे प्रत्याशी को तीसरी बार हारा घोषित करना षड्यंत्र : लोकेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** ग्राम पंचायत मैहरी काथला के उपप्रधान पद के प्रत्याशी लोकेश ठाकुर ने चुनाव परिणाम पर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष जांच और पुनः मतगणना की मांग की है।

◆ पुनः मतगणना की मांग

उन्होंने आरोप लगाया कि पहली मतगणना में उन्हें 31 मतों तथा पुनर्गणना में 11 मतों की बढ़त मिली थी, लेकिन बाद में उनके कुछ वैध मतों को अवैध घोषित कर प्रतिद्वंद्वी सुशील गौतम को विजेता घोषित कर दिया गया। लोकेश ठाकुर ने कहा कि मतगणना प्रक्रिया के दौरान कई अनियमितताएं हुईं और इस संबंध में उन्होंने एसडीएम घुमारवीं तथा जिला पंचायत अधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा है। उन्होंने पूरे मामले की जांच कर सभी मतों की पुनर्गणना करवाने की मांग की है।

## तथाकथित कांग्रेसियों ने हराई बरमाणा वार्ड से जिला परिषद सीट : राजेश कुमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बरमाणा वार्ड से कांग्रेस समर्थित जिला परिषद प्रत्याशी रहे राजेश कुमार ने अपनी हार के लिए पार्टी के कुछ नेताओं और पदाधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के अंतिम चरण में पार्टी के भीतर ही कुछ लोगों ने उनके खिलाफ काम किया, जिससे उन्हें नुकसान उठाना पड़ा। राजेश कुमार ने कहा कि चुनाव से पहले उनकी स्थिति मजबूत थी, लेकिन कुछ नेताओं ने मतदाताओं को प्रभावित कर उनके वोट कटवाने का प्रयास किया। उन्होंने पूर्व विधायक बंबर ठाकुर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष अंजना धीमान और ब्लॉक अध्यक्ष मस्तराम का समर्थन के लिए आभार जताया। राजेश कुमार ने कांग्रेस हाईकमान से मामले की जांच कर पार्टी में मौजूद 'काली भेड़ों' की पहचान करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि चुनाव हारने के बावजूद क्षेत्र की जनता की सेवा के लिए उनका संकल्प पहले की तरह जारी रहेगा।

# पंचायतीराज संस्थाओं के नवनिर्वाचित नुमाइंदों से ईमानदारी से सेवा करने का आह्वान



पंचायतीराज प्रतिनिधियों के साथ विधायक त्रिलोक जम्वाल। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने पंचायती राज संस्थाओं के नवनिर्वाचित नुमाइंदों से गरीबों और जरूरतमंदों की ईमानदारी से सेवा व मदद करने का आह्वान किया है। सदर विधानसभा क्षेत्र से पंचायतीराज संस्थाओं के दर्जनों नवनिर्वाचित नुमाइंदे त्रिलोक जम्वाल से मुलाकात करने के लिए बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचे। विधायक ने उन्हें जीत की बधाई देने के साथ ही जनता के प्रति अपना दायित्व कर्तव्यपरायणता की भावना से निभाने के लिए प्रेरित किया।

बिलासपुर नगर परिषद की 11 सीटों में से 9 पर भाजपा समर्थित प्रत्याशी जीते हैं। सदर की 41 पंचायतों में से नवनिर्वाचित 36 उपप्रधान व 35 प्रधान भाजपा की विचारधारा से जुड़े हैं। 23 में से 18 बीडीसी सदस्य जीते हैं। जिला परिषद की चारों सीटों पर भगवा परचम लहराया है। इन चार सीटों पर भाजपा समर्थित उम्मीदवारों को जहां लगभग 40 हजार वोट मिले, वहीं कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशियों के खाते में केवल 6700 वोट आए हैं।

यह इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश में भी आने वाला समय भाजपा का है। कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों से परेशान लोगों ने इन चुनावों में उसे ट्रेलर दिखाया है। उन्होंने नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों का आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में सही मायनों में जरूरतमंद लोगों की पहचान करें। उसके बाद वे केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत उनके फॉर्म जरूर भरवाएं, ताकि वे लाभांवित हो सकें।

## झंडूता में सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम लगाएगी निशुल्क चिकित्सा शिविर

**अनंत ज्ञान, बरठीं।** झंडूता विधानसभा क्षेत्र में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम द्वारा विभिन्न पंचायतों में निशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच के साथ-साथ आवश्यक टेस्ट भी मुफ्त किए जाएंगे।

जानकारी देते हुए राम कृष्ण ने बताया कि यह शिविर अलग-अलग पंचायतों में निर्धारित तिथियों पर आयोजित होंगे। 8 जून, सोमवार को नगर पंचायत तलाई के तलाई में, 9 जून, मंगलवार को ग्राम पंचायत सनीहरा के गांव मझेड में, 10 जून, बुधवार को ग्राम पंचायत घराण के गांव घराण में,11 जून, वीरवार को ग्राम पंचायत झबोला के झबोला में तथा 12 जून, शुक्रवार को ग्राम पंचायत झबोला के गांव तांबड़ी में शिविर लगाए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि इन शिविरों में प्रयास संस्था की मेडिकल टीम द्वारा सभी प्रकार के रोगों की जांच की जाएगी तथा जरूरतमंद लोगों के लिए निःशुल्क टेस्ट और परामर्श की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

# सुरभि ठाकुर को भाजपा ने नहीं दिया टिकट, जनता ने निर्दलीय बनाया विजेता

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, बिलासपुर।** नम्होल वार्ड (जिला परिषद) से निर्दलीय प्रत्याशी सुरभि ठाकुर ने शानदार जीत दर्ज कर राजनीतिक हलकों में चर्चा छेड़ दी है। भाजपा से टिकट नहीं मिलने के बाद चुनाव मैदान में उतरीं सुरभि ने न केवल जीत हासिल की, बल्कि भाजपा उम्मीदवार को तीसरे स्थान पर धकेल दिया।

बिलासपुर में पत्रकारों से बातचीत में सुरभि ठाकुर ने कहा कि उनकी वैचारिक प्रेरणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से जुड़ी है। उन्होंने बताया कि इन्हीं नेताओं से प्रेरित होकर उन्होंने राजनीति में कदम रखा। उन्होंने अपनी जीत का श्रेय क्षेत्र की जनता को देते हुए कहा कि यह व्यक्तिगत नहीं बल्कि जनता की जीत है। सुरभि ने तरेड़ पंचायत सहित पूरे वार्ड के मतदाताओं का आभार व्यक्त किया और भरोसा दिलाया कि वे क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देंगी। उन्होंने अपने परिवार के सहयोग का भी उल्लेख किया और कहा कि चुनाव के दौरान उन्हें हर स्तर पर मार्गदर्शन मिला। सुरभि ने युवाओं के समर्थन को अपनी जीत का प्रमुख कारण बताया। नम्होल वार्ड का परिणाम राजनीतिक रूप से अहम माना जा रहा है, क्योंकि इसे टिकट वितरण और स्थानीय जनभावनाओं के बीच अंतर के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

## सदर खंड व शहरी इकाई के पेंशनर्स की बैठक 8 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन सदर खंड एवं शहरी इकाई बिलासपुर की संयुक्त बैठक 8 जून को सुबह 11 बजे डियारा सेक्टर स्थित बाबा विश्वकर्मा मंदिर परिसर में आयोजित होगी। संघ के सचिव राम प्रकाश वर्मा ने बताया कि बैठक में जून माह में मनाए जाने वाले अखिल पेंशन दिवस की रूपरेखा तैयार की जाएगी। सभी इकाइयों के पदाधिकारियों और सदस्यों से बैठक में भाग लेने का आग्रह किया गया है। साथ ही 75 वर्ष या उससे अधिक आयु के ऐसे पेंशनर्स की सूची लाने को कहा गया है जिन्हें अभी तक सम्मानित नहीं किया गया है।

## टी-20 बिलासपुर क्रिकेट टीम का चयन 7 जून को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में होने वाली टी-20 पुरुष वर्ग क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए बिलासपुर टीम का चयन 7 जून को लुहणू क्रिकेट मैदान में किया जाएगा। सचिव विशाल जगोता ने बताया कि चयन प्रक्रिया सुबह 9 बजे शुरू होगी। चयन के बाद टीम का प्रशिक्षण शिविर भी आरंभ होगा। बिलासपुर टीम अपना पहला मुकाबला 16 जून को ऊना में लाहौल-स्पीति के विरुद्ध खेलेगी। सभी इच्छुक खिलाड़ियों से समय पर मैदान में पहुंचने का आग्रह किया गया है।

## एनसीसी शिविर में कैडेट्स को दिए स्वच्छता के टिप्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** एचपी नेवल यूनिट एनसीसी बिलासपुर द्वारा शिवा इंटरनेशनल स्कूल घुमारवीं में आयोजित 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के पांचवें दिन कैडेट्स को व्यक्तिगत स्वच्छता, प्राथमिक उपचार और सीपीआर के बारे में जानकारी दी गई।

एडोलेसेंट हेल्थ काउंसलर सुभाष कुमार ने स्वास्थ्य, साफ-सफाई और आपातकालीन परिस्थितियों में प्राथमिक उपचार के महत्व पर व्याख्यान दिया। दिन की शुरुआत जुम्बा और परेड प्रशिक्षण से हुई, जबकि शाम को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कैंप कमांडिंग ऑफिसर कमांडर सज्जन कुमार ने स्वास्थ्य और स्वच्छता संबंधी ज्ञान को प्रत्येक कैडेट के लिए आवश्यक बताया।

# नीनस-पालन जंगल में तेंदुए का हमला, 8 भेड़ों की मौत, 5 लापता

## पशुपालकों में रोष, पीड़ित परिवार ने वन विभाग से की मुआवजे की मांग

अनंत ज्ञान

**ओपी शर्मा, भरमौर।** उपमंडल भरमौर के अंतर्गत ग्राम पंचायत पूलन के नीनस-पालन जंगल क्षेत्र में जंगली जानवर के हमले से पशुपालक को भारी नुकसान पहुंचा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव पालन निवासी जोगिंदर पुत्र कौर की भेड़-बकरियों के झुंड पर देर रात करीब तीन बजे तेंदुए ने हमला कर दिया।

पशुपालन विभाग और स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घटना में आठ भेड़ें मृत पाई गई हैं, जबकि पांच भेड़ें अभी भी लापता बताई जा रही हैं। हमले के बाद क्षेत्र में पशुपालकों में दहशत का माहौल है। बताया जा रहा है कि भेड़-बकरियों का झुंड नीनस-पालन जंगल के समीप चरागाह क्षेत्र में ठहराया गया था। रात के समय हुए हमले में कई पशु तेंदुए का शिकार बन गए। घटना की सूचना मिलते ही संबंधित विभाग के अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया और नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है।


मृत पड़ी भेड़ों के साथ बैठा पीड़ित परिवार। अनंत ज्ञान

स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में जंगली जानवरों की गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं, जिससे पशुपालकों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने वन विभाग से प्रभावित पशुपालक को उचित मुआवजा प्रदान करने तथा जंगली जानवरों के बढ़ते खतरे को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। वहीं, संबंधित विभाग ने प्रभावित पशुपालक को नियमानुसार सहायता उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया है। घटना के बाद आसपास के गांवों के पशुपालकों को भी सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

# खनी वार्ड की जीत पर चंबा में कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन

## सुभाष चंद बोले-जनता के भरोसे को विकास में बदलूंगा, विश्वास नहीं टूटने दूंगा

अनंत ज्ञान

**चंबा।** भरमौर विधानसभा क्षेत्र के खनी वार्ड नंबर-04 से नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्य सुभाष चंद का जिला मुख्यालय चंबा पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। कांग्रेस कमेटी चंबा के जिला अध्यक्ष सुरजीत शर्मा भरमौरी के नेतृत्व में आयोजित स्वागत समारोह में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भारी उपस्थिति रही। इस दौरान सुभाष चंद को फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया और उनकी जीत पर शुभकामनाएं दी गईं। समारोह में उत्साहपूर्ण माहौल के बीच समर्थकों ने नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्य के समर्थन में नारेबाजी भी की। अपने संबोधन में सुभाष चंद ने जीत का श्रेय खनी वार्ड की जनता, कांग्रेस संगठन और कार्यकर्ताओं को देते हुए कहा कि लोगों ने उन पर जो भरोसा जताया है, उसे विकास कार्यों के माध्यम से और मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास उनकी सबसे बड़ी पूंजी है और वह इसे कभी टूटने नहीं देंगे।


कांग्रेस कमेटी चंबा के जिलाध्यक्ष सुरजीत शर्मा भरमौरी सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

सुभाष चंद ने कहा कि खनी वार्ड के समग्र विकास को नई गति देना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आम लोगों की आवाज को जिला परिषद और प्रशासनिक स्तर पर मजबूती से उठाया जाएगा। इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुरजीत शर्मा भरमौरी ने कहा कि पंचायत राज चुनावों में जनता ने कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों पर विश्वास जताकर पार्टी की नीतियों और जनसेवा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह जीत कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए नई ऊर्जा और उत्साह लेकर आई है। उन्होंने विश्वास जताया कि सुभाष चंद जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# भरमौर सदर पंचायत में कायम रही कपूर परिवार की राजनीतिक विरासत, छठी पीढ़ी ने संभाली कमान

अनंत ज्ञान

**भरमौर।** जनजातीय क्षेत्र भरमौर की राजनीति में कपूर परिवार की पकड़ एक बार फिर कायम रही है। ग्राम पंचायत भरमौर सदर में पूर्व विधायक जियालाल कपूर के परिवार की छठी पीढ़ी ने पंचायत नेतृत्व की जिम्मेदारी संभालते हुए नया राजनीतिक अध्याय जोड़ा है। हाल ही में संपन्न पंचायती राज चुनावों में जियालाल कपूर की पुत्रवधू उषा देवी भरमौर सदर पंचायत की प्रधान निर्वाचित हुई हैं।



स्थानीय राजनीतिक जानकारों के अनुसार, भरमौर सदर पंचायत में कपूर परिवार का प्रभाव कई दशकों से बना हुआ है। परिवार के वरिष्ठ सदस्य स्वर्गीय लाट ने लंबे समय तक पंचायत का नेतृत्व किया। इसके बाद पूर्व विधायक जियालाल कपूर स्वयं पंचायत प्रधान रहे और स्थानीय राजनीति में अपनी मजबूत पहचान बनाई। समय के साथ इस राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए उनकी पत्नी आशा कपूर ने भी पंचायत का प्रतिनिधित्व किया। विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक उतार-चढ़ावों के बावजूद परिवार का जनाधार बरकरार रहा और अब उनकी पुत्रवधू उषा देवी के प्रधान चुने जाने के साथ ही पंचायत नेतृत्व में परिवार की छठी पीढ़ी की भागीदारी सुनिश्चित हो गई है।

उषा देवी की जीत को क्षेत्र में कपूर परिवार के प्रति जनता के निरंतर विश्वास और समर्थन के रूप में देखा जा रहा है। चुनाव परिणामों के बाद पूर्व विधायक जियालाल कपूर ने क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भरमौर सदर पंचायत में उनकी छठी पीढ़ी को नेतृत्व का अवसर मिलना लोगों के प्यार, विश्वास और आशीर्वाद का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि पंचायत के विकास, जनसुविधाओं के विस्तार और ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही उन्होंने भरोसा जताया कि नई पंचायत टीम जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए विकास कार्यों को गति प्रदान करेगी। भरमौर की राजनीति में यह परिणाम इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि यह क्षेत्रीय नेतृत्व, पारिवारिक राजनीतिक विरासत और जनाधार की निरंतरता का एक प्रमुख उदाहरण बनकर उभरा है।

# कोरम पूरा न होने से नगर परिषद चंबा में अध्यक्ष-उपाध्यक्ष पद का चुनाव आज

अनंत ज्ञान

**चंबा।** उपमंडल अधिकारी (नागरिक) प्रियांशु खाती ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर परिषद चम्बा के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के निर्वाचन की कार्यवाही, जो 3 जून को निर्धारित की गई थी, हिमाचल प्रदेश नगर परिषद निर्वाचन नियमावली, 2015 के नियम 89 के अंतर्गत आवश्यक गणपूर्ति (कोरम) पूर्ण न होने तथा अध्यक्ष पद के लिए केवल एक नामांकन पत्र प्राप्त होने के कारण संपन्न नहीं हो सकी।

उन्होंने कहा कि इस कारण निर्वाचन की कार्यवाही को स्थगित करते हुए अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के निर्वाचन हेतु संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि संशोधित कार्यक्रम के अनुसार अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद हेतु नामांकन पत्र 4 जून को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक उपमंडल अधिकारी (नागरिक), चम्बा के कार्यालय में दाखिल किए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की संवीक्षा तथा नाम वापसी की प्रक्रिया दोपहर 12:00 बजे से 12:30 बजे तक संपन्न की जाएगी।


चंबा नगर परिषद चुनाव के लिए संशोधित शेड्यूल जारी। अनंत ज्ञान

उन्होंने कहा कि इसके उपरांत 4 जून को 1:00 बजे नगर परिषद चम्बा के निर्वाचित सदस्यों की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें मतपत्र जारी किए जाएंगे तथा मतदान प्रक्रिया प्रारम्भ की जाएगी। उन्होंने कहा कि मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद मतगणना कर अध्यक्ष पद के निर्वाचन परिणाम की घोषणा की जाएगी। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष पद के परिणाम घोषित होने के पश्चात उपाध्यक्ष पद के निर्वाचन की कार्यवाही भी नियमानुसार तत्काल संपन्न करवाई जाएगी।

# मां शिव शक्ति 'मंदिर' परिसर में रात को छलक रहे जाम, आमजन परेशान

अनंत ज्ञान

**देशराज कश्यप, धरवाला।** नवगठित ग्राम पंचायत भटवाड़ा के अंतर्गत पड़ता ऐतिहासिक मां शिव शक्ति मंदिर परिसर में अंधेरा होते ही मनचलों की टोलियां इकट्ठी हो जाती हैं वह रात भर जाम छलकाते हैं ऐसे मनचलों को मंदिर परिसर के साथ-साथ सरकारी स्कूलों व भवनों के भीतर भी कई बार देखा गया है।

कई बार चेतावनी देने के बावजूद भी इन मनचलों की हरकतें बाज नहीं आ रही हैं जिससे मां शिव शक्ति मंदिर की कमेटी के साथ-साथ स्थानीय लोगों में भी खासी नाराजगी है स्थानीय लोगों का कहना है की मां शिव शक्ति मंदिर परिसर में रात भर नशेड़ियों का जमावड़ा रहता है जो अंधेरा होते ही इधर-उधर से इकट्ठा होने लगते हैं यह खेल पिछले कई महीनों से ऐसे ही चल रहा है जिसे लेकर स्थानीय लोगों का गुस्सा अब सातवें आसमान पर है।

स्थानीय निवासी रमेश भारद्वाज का कहना है की आस्था का प्रतीक मां शिव शक्ति मंदिर स्कूल व सरकारी भवनों में इस तरह की घटनाओं को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा फिलहाल हुड़दंगियों को सूचना दे दी गई है अन्यथा पुलिस अधीक्षक चंबा के संज्ञान में भी यह बात लाई जाएगी ताकि मां शिव शक्ति मंदिर के आसपास रात को गस्त बढ़ाई जाए, वहीं मंदिर कमेटी के अध्यक्ष लक्की शर्मा का कहना है कि मंदिर परिसर में इस तरह की गतिविधियों को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

स्थानीय निवासी अमरजीत का कहना है कि मंदिर से महज 50 मीटर की दूरी पर मेरा घर स्थित है रात भर मंदिर में खूब जाम छलकते हैं तथा जोर-जोर से चिल्लाना व शोर शराबा करना जिससे मेरा परिवार ठीक से सो भी नहीं पाता है वह आधी रात को मेरे घर के आगे से गाली गलौज करते हुए यह मनचले गुजरते हैं। स्थानीय निवासी व विद्यालय समिति के अध्यक्ष पूर्ण सिंह का कहना है की ऐतिहासिक मां शिव शक्ति मंदिर वह सरकारी भवनों में इस तरह की हरकतों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# जिगली पैट केयर ने जीरकपुर में खोला नया सेंटर

अनंत ज्ञान



**जीरकपुर।** भारत की पहली ओमनीचैनल पैट केयर कंपनी जिगली पैट केयर ने पंजाब के जीरकपुर में अपना नया पैट केयर सेंटर शुरू किया है। इसके साथ ही पंजाब में कंपनी के पैट केयर सेंटरों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। कंपनी का कहना है कि यह विस्तार राज्य में गुणवत्तापूर्ण पैट केयर सेवाओं को अधिक सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

चंडीगढ़-अंबाला हाईवे स्थित ऑक्सफोर्ड स्ट्रीट के ग्राउंड फ्लोर पर खुले इस सेंटर को क्षेत्र में बढ़ती पैट केयर जरूरतों को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है। यहां वैटेरीनेरी क्लिनिक, ग्रूमिंग सेवाएं और पैट्स के लिए आवश्यक उत्पादों की व्यापक श्रृंखला उपलब्ध कराई जाएगी।

कंपनी के सीईओ सौरभ जैन ने कहा कि पंजाब में उच्च गुणवत्ता वाले पैट केयर उत्पादों और सेवाओं की मांग लगातार बढ़ रही है। इसी बढ़ती मांग को देखते हुए जीरकपुर में चौथा सेंटर खोला गया है, जिससे पैट पैरेंट्स को बेहतर और सुलभ सेवाएं मिल सकेंगी। उन्होंने कहा कि जीरकपुर में पैट अडॉप्शन और पैट पैरेंट्स की संख्या तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में यह नया सेंटर उनकी जरूरतों को पूरा करने और पैट पैरेंटिंग के अनुभव को बेहतर बनाने में मदद करेगा।

इस सेंटर को वन-स्टॉप पैट केयर डेस्टिनेशन के रूप में तैयार किया गया है। यहां कंसल्टेशन, वैक्सीनेशन, सर्जरी, डायग्नॉस्टिक्स और आधुनिक एक्स-रे जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उल्लेखनीय है कि कंपनी के जलंधर, लुधियाना और अमृतसर स्थित सेंटर पहले से ही पैट्स और उनके मालिकों के बीच लोकप्रिय हैं। नए सेंटर के शुरू होने से पंजाब में कंपनी की पहुंच और मजबूत होगी।

# जींद : आसन गांव में काटे पानी के 60 अवैध कनेक्शन

**अनंत ज्ञान, जींद।** जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण अभियान तेज कर दिया गया है। अभियान के तहत अब तक 1870 घरों का सर्वे किया गया है, 210 लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं और 94 अवैध व अस्वच्छ कनेक्शन काटे गए हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में हलचल मच गई है।

**◆ जल संरक्षण अभियान के तहत 1870 घरों का किया सर्वे, 210 को नोटिस जारी**

गांव आसन में खंड समन्वयक दिनेश कुमार की अगुवाई में चलाए गए अभियान के दौरान 350 घरों का सर्वे कर 55 लोगों को नोटिस दिए गए तथा 60 अवैध पानी कनेक्शन काटे गए। इसी तरह किनाना, पिल्लूखेड़ा, गांगोली, कालवा और सफीदों क्षेत्रों में भी विभागीय टीमों द्वारा सर्वे कर अवैध व बिना टैप वाले कनेक्शनों पर कार्रवाई की गई। जिला सलाहकार रणधीर मताना ने बताया कि जल आपूर्ति प्रबंधन नीति को लेकर ग्राम जल एवं सीवरेज समिति सदस्यों के साथ बैठक भी की गई, जिसमें लोगों को नई व्यवस्था के प्रति जागरूक किया गया। उपमंडल अभियंता सतीश नैन ने कहा कि सभी गांवों में जल संरक्षण अभियान चलाया जा रहा है और ग्रामीणों को पानी के सही उपयोग के लिए जागरूक किया जा रहा है।

# ट्राइसिटी चर्च एसोसिएशन ने लगाया रक्तदान शिविर, 30 यूनिट रक्त एकत्रित

अनंत ज्ञान



**चंडीगढ़।** ट्राइसिटी चर्च एसोसिएशन की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह रक्तदान शिविर पी जी आई की ब्लड बैंक की टीम के सहयोग से लगाया गया था। इस रक्तदान शिविर में लगभग 30 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। शिविर का उद्घाटन डॉक्टर इमानुएल नाहर पूर्व चेयरमैन माइनॉरिटी कमिशन पंजाब ने किया। इस मानवीय सेवा के अभियान में हर आयु वर्ग के लोग बढ़-चढ़कर शामिल हुए लोगों ने रक्तदान किया। उन्होंने दूसरों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पास्टर जगदीश सिंह, पास्टर एलिशा मसीह, पास्टर जैकब भट्टी, अक्षय कश्यप, सिस्टर सुनीता राज, निशान, साहिल हंस, हनूक, अंजू और पास्टर अंकुर भी मौजूद थे।

इस अवसर पर डॉक्टर इमानुएल नाहर ने ट्राइसिटी चर्च एसोसिएशन द्वारा किए जा रहे नेक कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक नेक कार्य है जो मरीजों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। रक्तदान से शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती और यह अन्य संस्थाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनता है। उन्होंने रक्तदान की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि एक रक्तदाता तीन लोगों की जान बचा सकता है। उन्होंने अंगदान के प्रति भी लोगों को जागरूक किया।

ट्राइसिटी चर्च एसोसिएशन के अध्यक्ष लॉरेन्स मलिक ने कहा कि रक्तदान महादान है। प्रत्येक व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। आपके रक्त से किसी की जीवन का दान मिलता है। इसलिए इसे रक्तदान कहा जाता है। यह एक ऐसा दान है, जिसमें दान करने वाले को भी मालूम नहीं चलता है कि उसके रक्त से किसी को अमूल्य जीवन का दान मिला है।

# तोशिबा ने पावरग्रिड को सौंपा स्वदेशी 132 केवी मोबाइल जीआईएस सिस्टम

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़/शिमला।** भारत के पहले 220 केवी मोबाइल गैस इंसुलेटेड स्विचगियर (एम-जीआईएस) सिस्टम की सफल आपूर्ति के बाद, तोशिबा ट्रांसमिशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड (टीटीडीआई) ने अपने स्वदेशी एम-जीआईएस पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) को 132 केवी एम-जीआईएस सिस्टम की सफल डिलीवरी की घोषणा की है। कंपनी के अनुसार, यह उपलब्धि भारत में स्वदेशी मोबाइल उच्च-वोल्टेज समाधानों के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पावरग्रिड की विशेष जरूरतों को ध्यान में रखकर विकसित यह प्रणाली देश में ग्रिड आधुनिकीकरण, परिचालन सुदृढ़ता और स्वदेशीकरण के प्रयासों को गति प्रदान करेगी। टीटीडीआई के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक हिरोशी फुरुता ने कहा कि 220 केवी एम-जीआईएस सिस्टम की सफल डिलीवरी के कुछ ही महीनों बाद 132 केवी सिस्टम की आपूर्ति कंपनी के लिए एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह कॉम्पैक्ट और अत्यधिक गतिशील समाधान पूरी तरह भारत में विकसित और इंजीनियर किया गया है, जो 'मेक इन इंडिया' मिशन के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि इस प्रणाली में तोशिबा की उन्नत तकनीक और स्थानीय इंजीनियरिंग क्षमताओं का उपयोग किया गया है तथा इसे पावरग्रिड की तकनीकी और परिचालन आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किया गया है। 132 केवी एम-जीआईएस सिस्टम को भारत में उपलब्ध विनिर्माण क्षमताओं और तोशिबा की वैश्विक इंजीनियरिंग विशेषज्ञता के सहयोग से विकसित किया गया है। इसमें तकनीकी, गुणवत्ता, परिचालन और सुरक्षा संबंधी सभी मानकों का पालन किया गया है।

# मुख्यमंत्री के उड़नदस्ते ने महेंद्रगढ़ नगर पालिका में की छापेमारी

अनंत ज्ञान

**◆ सचिव समेत चार अधिकारी कर्मचारी मिले गैरहाजिर**

**नारनौल।** महेंद्रगढ़ में आमजन को नगर पालिका कार्यालय में कार्य करवाने में आ रही परेशानियों और लगातार मिल रही शिकायतों के बाद मुख्यमंत्री उड़नदस्ते एवं गुप्तचर विभाग की टीम ने बुधवार सुबह कार्यालय में अचानक छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान कई अधिकारी और कर्मचारी ड्यूटी से गैरहाजिर पाए गए, जिसके बाद टीम ने उनकी रिपोर्ट तैयार कर शहरी स्थानीय निकाय विभाग पंचकूला को भेज दी है।

छापेमारी के दौरान सिंचाई विभाग नारनौल के एसडीओ राजेश वर्मा को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था। जांच के समय नगर पालिका कार्यालय में केवल लिपिक रवि यादव उपस्थित मिले। रवि यादव ने टीम को बताया कि नगर पालिका महेंद्रगढ़ में कुल 17 स्थायी अधिकारी एवं कर्मचारी तथा तीन कर्मचारी एचकेआरएन के माध्यम से कार्यरत हैं। जांच के दौरान नगर पालिका सचिव प्रशांत परासर, एमई राजेश कुमार, जेई नवदीप तथा लिपिक मनीषा कुमारी कार्यालय से अनुपस्थित पाए गए। टीम द्वारा कार्यालय रिकॉर्ड और उपस्थिति संबंधी दस्तावेजों की जांच की गई, लेकिन संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की कोई स्वीकृत छुट्टी अथवा कार्यालय से मुक्त होने का रिकॉर्ड नहीं मिला।

मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम ने इस मामले को गंभीर मानते हुए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की सिफारिश की है। इसके लिए विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर शहरी स्थानीय निकाय विभाग पंचकूला को भेज दी गई है। टीम ने नगर पालिका कार्यालय में उपलब्ध विभिन्न दस्तावेजों की भी जांच शुरू कर दी है। इसके अलावा नगर पालिका क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति और वित्तीय रिकॉर्ड की भी पड़ताल की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि इससे कार्यालयों में कर्मचारियों की जवाबदेही बढ़ेगी और आमजन के कार्य समय पर हो सकेंगे।

# कैथल में कुत्तों के काटने पर 13 पीड़ितों को मुआवजा देगी सरकार

**अनंत ज्ञान, कैथल।** जिला मुख्यालय पर आयोजित जिला स्तरीय कमेटी की बैठक में दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु-2) के तहत आए मामलों पर सुनवाई करते हुए 13 पीड़ितों को मुआवजा देने की मंजूरी दी गई। इनमें 12 मामले कुत्तों के काटने के हैं, जबकि एक मामला बेसहारा पशु के हमले से घायल व्यक्ति से जुड़ा है।

बैठक की अध्यक्षता एडीसी डॉ. सुशील कुमार ने की। इस दौरान कुल 30 आवेदनों पर विचार किया गया, जिनमें से 13 को मंजूरी दी गई। एक मामले में विभागीय मुख्यालय से मार्गदर्शन लेने का निर्णय लिया गया, जबकि 16 आवेदन निर्धारित मानकों पर खरे न उतरने के कारण खारिज कर दिए गए।

बैठक में एडीसी ने कहा कि दयालु-2 योजना सरकार की एक महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी पहल है, जिसके तहत बेसहारा पशुओं के हमले में घायल या मृत व्यक्ति के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र व्यक्तियों तक योजना का लाभ प्राथमिकता के आधार पर पहुंचाया जाए और सभी मामलों में निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि योजना के तहत सार्वजनिक स्थानों पर गाय, बैल, कुत्ते, नीलगाय, गधे और खच्चर जैसे बेसहारा पशुओं के हमले की स्थिति में सहायता दी जाती है। कुत्ते के काटने के मामलों में प्रति दांत के निशान के आधार पर 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता का प्रावधान है।

# पंजाब में इस बार बनेगी डबल इंजन की भाजपा सरकार : नायब सैनी

अनंत ज्ञान

**◆ नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष के पदभार ग्रहण समारोह में पहुंचे हरियाणा के मुख्यमंत्री**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को पंजाब के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सरदार केवल सिंह ढिल्लों के चंडीगढ़ स्थित पंजाब भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यभार ग्रहण समारोह में पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विश्वास व्यक्त किया कि सरदार ढिल्लों के नेतृत्व में पंजाब में 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत होगी और पंजाब में भी हरियाणा की तरह डबल इंजन की सरकार बनेगी। उन्होंने पंजाब भाजपा कार्यालय में पूजा और अरदास की तथा दीप प्रज्वलित किया।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विचार आधारित संगठन है, जहां व्यक्ति नहीं बल्कि विचार और राष्ट्रहित सर्वोपरि होते हैं। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता जनसेवा और राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ कार्य करता है, जिसके कारण आज भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनकर उभरी है।

उन्होंने कहा कि पंजाब ने देश की सुरक्षा, कृषि, उद्योग और राष्ट्रभक्ति के क्षेत्र में सदैव अग्रणी भूमिका निभाई है। प्रदेश की जनता विकास, रोजगार, समृद्धि और सुशासन की आकांक्षा रखती है तथा भारतीय जनता पार्टी इन अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरदार केवल सिंह ढिल्लों की अगुवाई में भारतीय जनता पार्टी संगठन को पंजाब में नई ऊर्जा, नई दिशा और नई मजबूती मिलेगी तथा जनता के बीच पार्टी की पकड़ और सशक्त होगी।



मुख्यमंत्री सैनी ने भाजपा कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे संगठन विस्तार को अपना प्रमुख लक्ष्य बनाते हुए गांव-गांव, शहर-शहर और बूथ स्तर तक पार्टी की नीतियों एवं विकास कार्यों को पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि आगामी समय पंजाब के लिए नए अवसर लेकर आएगा और जनता विकास, पारदर्शिता तथा सुशासन की राजनीति को और अधिक समर्थन देगी।

# बाजार में उतार और चढ़ाव के बावजूद एसआईपी पर निवेशकों का भरोसा कायम

**◆ विशेषज्ञ बोले-अनुशासित निवेश ही लंबी अवधि की सफलता की कुंजी**

**चंडीगढ़।** सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) छोटे और आम निवेशकों के लिए म्यूचुअल फंड के माध्यम से लंबी अवधि में संपत्ति निर्माण का एक महत्वपूर्ण साधन बना हुआ है। हालिया आंकड़े बताते हैं कि चंडीगढ़ में एसआईपी रजिस्ट्रेशन कराने वाले निवेशकों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है।

आंतरिक आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2026 में एसआईपी रजिस्ट्रेशन का अनुपात 0.73 प्रतिशत था, जो अप्रैल 2026 में बढ़कर 0.74 प्रतिशत हो गया। यह संकेत देता है कि शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद निवेशकों का भरोसा बना हुआ है और वे नियमित निवेश जारी रख रहे हैं।

निवेशकों के बदलते व्यवहार पर टाटा एसेट मैनेजमेंट के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रथित भोबे ने कहा कि निवेश में उतार-चढ़ाव स्वाभाविक है, लेकिन उस पर प्रतिक्रिया कैसे दी जाए, यह निवेशक के हाथ में होता है।

उन्होंने कहा, 'हमारा मानना है कि दीर्घकालिक निवेश का परिणाम बाजार की चाल से अधिक निवेशक के व्यवहार पर निर्भर करता है। नियमित और अनुशासित निवेश ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। हम निवेशकों को एसआईपी के माध्यम से लगातार निवेश करते रहने और दीर्घकालिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहते हैं।'

भोबे के अनुसार, समय के साथ यही अनुशासन कंपाउंडिंग और रुपये लागत औसत (रुपी कॉस्ट एवरेजिंग) के लाभों के साथ मिलकर बड़ा निवेश कोष तैयार करने में मदद करता है।

# प्रदेश के सरकारी स्कूलों में अब प्रयोगों और मॉडलों से सीखेंगे विद्यार्थी

## समग्र शिक्षा और अगस्त्य इंटरनेशनल फाउंडेशन के बीच हुआ करार, मोबाइल साइंस लैब व साइंस सेंटर से गांव-गांव पहुंचेगी वैज्ञानिक शिक्षा

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में विज्ञान शिक्षा को नई दिशा देने की पहल शुरू हुई है। अब स्कूली बच्चे केवल पुस्तकों के माध्यम से नहीं, बल्कि प्रयोगों, विज्ञान मॉडलों और गतिविधि-आधारित शिक्षण के जरिए विज्ञान को समझेंगे और अनुभव करेंगे।

इसी उद्देश्य से समग्र शिक्षा हिमाचल प्रदेश और अगस्त्य इंटरनेशनल फाउंडेशन के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह पहल विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और खोज की भावना को विकसित करने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है। समग्र शिक्षा के निदेशक डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि यह साझेदारी विद्यार्थियों को विज्ञान की व्यवहारिक समझ प्रदान करने के साथ-साथ उनकी जिज्ञासा और रचनात्मकता को भी बढ़ावा देगी। उन्होंने बताया कि अनुभवात्मक और गतिविधि-आधारित शिक्षण बच्चों की सीखने की क्षमता को मजबूत बनाता है। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण और नवाचारी शिक्षा को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### विज्ञान को रोचक बनाएंगे 'इग्नाइटर्स'

**अगस्त्य** इंटरनेशनल फाउंडेशन देश की अग्रणी संस्थाओं में शामिल है, जो विज्ञान शिक्षा को सरल और रोचक बनाने के लिए लंबे समय से कार्य कर रही है। इस साझेदारी के तहत फाउंडेशन द्वारा प्रशिक्षित विज्ञान शिक्षक, जिन्हें 'इग्नाइटर्स' कहा जाता है, प्रदेश के सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के साथ कार्य करेंगे। ये इग्नाइटर्स कक्षा छह से दसवीं तक के विद्यार्थियों को विभिन्न प्रयोगों, गतिविधियों और इंटरैक्टिव मॉडलों के माध्यम से विज्ञान की जटिल अवधारणाओं को सरल तरीके से समझाएंगे। इग्नाइटर्स केवल विद्यार्थियों तक ही सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि शिक्षकों को भी गतिविधि-आधारित शिक्षण पद्धतियों का प्रशिक्षण देंगे।



समग्र शिक्षा और अगस्त्य इंटरनेशनल फाउंडेशन के बीच हुए एमओयू को दिखाते हुए।

### बिना किसी अतिरिक्त खर्च के मिलेगी सुविधा

**इस** महत्वाकांक्षी पहल की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि विद्यालयों और विद्यार्थियों पर किसी भी प्रकार का अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं पड़ेगा। विज्ञान मॉडल, प्रयोगात्मक सामग्री, प्रदर्शन गतिविधियां और शैक्षणिक सहयोग पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। इससे प्रदेश के दूरस्थ और आर्थिक रूप से कमजोर क्षेत्रों के विद्यार्थी भी आधुनिक विज्ञान शिक्षा का लाभ उठा सकेंगे।

### प्रदेश में अधिक से अधिक साइंस सेंटर होंगे स्थापित

**प्रदेश** में अधिक से अधिक विद्यार्थियों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए साइंस सेंटर स्थापित किए जाएंगे तथा मोबाइल साइंस लैब्स का संचालन भी किया जाएगा। इन माध्यमों से दुर्गम क्षेत्रों के बच्चों तक विज्ञान शिक्षा पहुंचाई जाएगी, जहां वे अवलोकन, प्रयोग और खोज के माध्यम से सीखने का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करेंगे।

### रचनात्मकता एवं नवाचार को मिलेगा नया मंच

**फाउंडेशन** द्वारा आयोजित 'जिज्ञासा' कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर भी मिलेगा। यह मंच बच्चों को नवाचार, रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच को सामने लाने के लिए प्रेरित करेगा। साथ ही उन्हें वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान खोजने और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने का अवसर प्रदान करेगा।

# शिमला से लापता हुई किशोरी मंडी के बल्ह से सुरक्षित बरामद

अनंत ज्ञान

**रामपुर बुशहर।** शिमला जिले के ननखड़ी क्षेत्र से लापता हुई एक नाबालिग को पुलिस ने शिकायत दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर सुरक्षित बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार बालिका मंडी जिले के बल्ह क्षेत्र से मिली और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे उसके परिवार के सुपुर्द कर दिया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ननखड़ी थाना में एक शिकायत दर्ज करवाई गई थी कि एक नाबालिग घर से लापता हो गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एक मामला दर्ज किया। शिकायत के आधार पर पुलिस थाना ननखड़ी में 1 जून 2026 को धारा 137(2) बीएनएसएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने बालिका की तलाश के लिए व्यापक खोज अभियान चलाया। जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों और अन्य उपलब्ध जानकारियों का सहारा लिया गया। पुलिस टीमों ने विभिन्न संभावित स्थानों पर तलाश शुरू की और लगातार सूचनाएं एकत्र कीं। जांच के दौरान मिले सुरागों के आधार पर पुलिस ने नाबालिग बालिका को जिला मंडी की बल्ह तहसील के निहारी क्षेत्र से सुरक्षित बरामद कर लिया। पुलिस का कहना है कि बालिका पूरी तरह सुरक्षित है और उसके साथ किसी तरह की अप्रिय घटना होने की सूचना नहीं मिली है।

जांच में यह भी सामने आया कि बालिका अपने माता-पिता को बिना बताए घर से चली गई थी। पुलिस ने बरामदगी के बाद उससे पूछताछ की और मामले से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की। इसके बाद आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी की गईं। पुलिस के अनुसार सभी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद नाबालिग को उसके पिता के सुपुर्द कर दिया गया है। परिवार ने भी बालिका के सुरक्षित मिलने पर राहत जताई है। वहीं, एसएसपी शिमला गौरव सिंह ने बुधवार को बताया कि ऐसे मामलों में समय पर कार्रवाई करना प्राथमिकता होती है, जिससे लापता बच्चों और उनके परिवारों को जल्द से जल्द सहायता मिल सके। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी बच्चों और महिलाओं से संबंधित मामलों में संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्रवाई जारी रखी जाएगी।

# खाड़ी युद्ध के चलते ई-बसों की सप्लाई में हुई देरी: डिप्टी सीएम

## मुकेश अग्निहोत्री ने सोलन पहुंचीं 80 इलेक्ट्रिक बसों का किया निरीक्षण

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन को बेहतर परिवहन सुविधाएं उपलब्ध कराने और हरित परिवहन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) के बेड़े में 297 इलेक्ट्रिक और 250 डीजल बसें शामिल की जा रही हैं। हालांकि खाड़ी क्षेत्र में चल रहे युद्ध के कारण इलेक्ट्रिक बसों के कल्पुर्जे आने में देरी हुई है। इससे हिमाचल को मिलने वाली बसों की सप्लाई प्रभावित हुई है। इससे बसों की डिलीवरी में कुछ देरी हुई है।

मंगलवार देर शाम सोलन पहुंचे उपमुख्यमंत्री ने यहां पहुंचीं 80 नई इलेक्ट्रिक बसों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि कुल 297 इलेक्ट्रिक बसों में से फिलहाल 80 बसें सोलन पहुंच चुकी हैं। इन बसों का रूट ट्रायल सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है और प्री-डिलीवरी इंस्पेक्शन के बाद इन्हें प्रदेश के विभिन्न एचआरटीसी डिपो में भेजा जाएगा।



सोलन में इलेक्ट्रिक बसों का निरीक्षण करते उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री।

मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि नई इलेक्ट्रिक बसों को हिमाचल की भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखकर विशेष रूप से डिजाइन किया गया है। प्रत्येक बस में 32 आरामदायक सीटें, यात्रियों के सामान रखने की समुचित व्यवस्था तथा आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इन बसों का रंग-रूप भी एचआरटीसी की मौजूदा बसों की तर्ज पर रखा गया है, ताकि यात्रियों को एक समान पहचान और अनुभव मिल सके। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रिक बसों के सुचारू संचालन के लिए चिन्हित स्थानों पर चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं। सरकार का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक और आधुनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना है।

इस अवसर पर हिमफेड के अध्यक्ष महेश्वर सिंह चौहान, कांग्रेस के पूर्व सैनिक विभाग के उपाध्यक्ष कर्नल संजय शांडिल, कांग्रेस नेता सुरेंद्र सेठी, रमेश ठाकुर, शोभित बैहल, एचआरटीसी के मंडलीय प्रबंधक डी.एस. नेगी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राज कुमार चंदेल, अधीक्षण अभियंता जल शक्ति विभाग संजीव सोनी, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कविता ठाकुर, क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन सोलन सुरेंद्र राजपूत सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# बंगाणा में भाजपा के बनेंगे बीडीसी अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष: दविंदर भुट्टो

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने दावा किया है कि विकास खंड बंगाणा की पंचायत समिति (बीडीसी) में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर भाजपा समर्थित उम्मीदवार ही निर्वाचित होंगे। उन्होंने कहा कि पंचायत समिति के आगामी चुनावों में भाजपा समर्थित 14 निर्वाचित सदस्यों का समर्थन पार्टी के साथ है। पूर्व विधायक भुट्टो ने पंचायती राज चुनावों के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन के लिए क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मतदाताओं ने लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लेकर लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि चुनावों के दौरान मतदाताओं द्वारा दिखाया गया उत्साह और जागरूकता सराहनीय है।

उन्होंने चुनाव जीतने वाले सभी उम्मीदवारों को बधाई देते हुए कहा कि लोकतंत्र में जीत और हार दोनों सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि निर्वाचित प्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्रों के विकास और जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए कार्य करेंगे। दविंदर भुट्टो ने कहा कि जहां भाजपा समर्थित उम्मीदवारों को सफलता मिली है, वहां कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता का विश्वास दिखाई देता है। वहीं जिन स्थानों पर अपेक्षित परिणाम नहीं मिले, उसकी जिम्मेदारी भी वह स्वयं स्वीकार करते हैं। उन्होंने कहा कि संगठन चुनाव परिणामों की समीक्षा कर आगे की रणनीति तैयार करेगा।

पूर्व विधायक ने दावा किया कि बंगाणा पंचायत समिति में भाजपा समर्थित सदस्यों की स्थिति मजबूत है और अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के चुनाव में पार्टी समर्थित उम्मीदवारों को सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि पंचायत समिति ग्रामीण विकास की दिशा तय करने वाला महत्वपूर्ण मंच है और भाजपा समर्थित प्रतिनिधि जनहित एवं विकास को प्राथमिकता देंगे। भुट्टो ने कहा कि पंचायती राज चुनावों से भाजपा को सकारात्मक संदेश मिला है, जिससे कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है। उन्होंने दावा किया कि यही जनसमर्थन वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों में भी भाजपा के पक्ष में दिखाई देगा। उनके अनुसार भाजपा संगठन बूथ स्तर तक सक्रिय होकर जनता के बीच कार्य कर रहा है और मिशन-2027 के तहत कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में लगभग 15 हजार मतों की बढ़त से जीत दर्ज करने का लक्ष्य रखा गया है।

# चार साल से चल रही थी निगम की बस

## प्रभावशाली व्यक्ति ने अवरोध लगाकर बंद कर दी सड़क

अनंत ज्ञान



**रितेश चौहान, सरकाघाट।** धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कमलाह पंचायत में राख नाला से वाया मंझेर, फनेहल और बलेहड़ होकर मुख्य सड़क से जुड़ने वाले महत्वपूर्ण सड़क मार्ग पर एक व्यक्ति द्वारा अवरोध खड़ा किए जाने से क्षेत्र में भारी रोष है। वर्ष 2021-22 में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित यह सड़क वर्ष 2022 से लोक निर्माण विभाग के अधीन है तथा पिछले चार वर्षों से इस मार्ग पर नियमित रूप से एचआरटीसी बस सेवा संचालित होती रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि एक व्यक्ति ने अपनी भूमि का मालिकाना हक जताते हुए सड़क को बंद कर दिया है, जिससे हजारों लोगों का आवागमन प्रभावित हो गया है। लोगों का तर्क है कि यदि भूमि संबंधी विवाद है भी, तो उसका समाधान कानूनी प्रक्रिया से होना चाहिए, न कि सार्वजनिक सड़क को अवरुद्ध करके।

सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब सड़क का निर्माण हुआ, विभाग ने इसे अपने अधीन लिया और चार वर्षों तक इस पर लोगों के साथ-साथ एचआरटीसी की बसें भी चलती रहीं, तब कोई आपत्ति क्यों नहीं उठाई गई? अब अचानक सड़क को बंद किए जाने से आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क बंद होने से क्षेत्र की छह पंचायतों के हजारों लोग प्रभावित हुए हैं। विद्यार्थियों, कर्मचारियों, किसानों, मरीजों और आम नागरिकों को रोजमर्रा के कार्यों के लिए अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से तत्काल हस्तक्षेप कर सड़क को बहाल करने की मांग की है।

- क्षेत्र के लोगों में विभाग के खिलाफ भारी रोष

उधर, लोक निर्माण विभाग मढ़ी के सहायक अभियंता घनश्याम ने बताया कि मामला विभाग के संज्ञान में है। उन्होंने कहा कि संबंधित भूमि मालिक ने जमीन विभाग के नाम नहीं की है, जिसके चलते विवाद उत्पन्न हुआ है। विभाग द्वारा मामले के समाधान के प्रयास किए जा रहे हैं।

# अंब की कटौहड़ कलां पंचायत में चुनाव परिणाम को लेकर विवाद

अनंत ज्ञान

**विवेक शर्मा, अंब।** विकास खंड अंब की ग्राम पंचायत कटौहड़ कलां में प्रधान पद के चुनाव परिणाम को लेकर विवाद सामने आया है। प्रधान पद के प्रत्याशी प्रवीण कुमार ने मतगणना प्रक्रिया में अनियमितताओं के आरोप लगाते हुए रिटर्निंग ऑफिसर एवं एसडीएम अम्ब को लिखित शिकायत सौंपकर मामले की जांच और पुनर्मतगणना की मांग की है। शिकायतकर्ता के अनुसार प्रधान और उपप्रधान पद के लिए डाले गए कुल मतों की संख्या में अंतर पाया गया है। उनका आरोप है कि उपप्रधान पद के लिए 1065 मत पड़े, जबकि प्रधान पद के लिए 1064 मत ही दर्ज किए गए। उन्होंने कहा कि एक ही मतदाता द्वारा दोनों पदों के लिए मतदान किए जाने के बावजूद कुल मतों में अंतर स्पष्ट नहीं है। प्रवीण कुमार ने यह भी आरोप लगाया है कि मतगणना के दौरान 31 मतों को अवैध घोषित किया गया, जबकि प्रत्याशियों अथवा उनके अधिकृत एजेंटों को इन मतों को दिखाया नहीं गया। उनका कहना है कि इससे मतगणना प्रक्रिया की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लगते हैं। शिकायत पत्र में उन्होंने दावा किया है कि मतगणना के दौरान प्रारंभिक दो चरणों में उन्हें विजयी बताया गया था, लेकिन बाद में तीसरी बार हुई गिनती में परिणाम बदल गया और उन्हें एक मत से पराजित घोषित कर दिया गया। शिकायतकर्ता ने स्थानीय विधायक सुदर्शन सिंह बबलू की मौजूदगी और कथित हस्तक्षेप को लेकर भी आपत्ति दर्ज करवाई है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि मतगणना के दौरान वीडियो रिकॉर्डिंग करने का प्रयास किए जाने पर उनके परिवार के सदस्य का मोबाइल फोन रोक लिया गया।

- प्रधान पद के प्रत्याशी ने एसडीएम को सौंपी शिकायत
- मतगणना प्रक्रिया के दौरान अनियमितताओं के आरोप

# प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों के शिक्षकों की छुट्टियों में बदलाव

## 20 से घटाकर अब 8 दिन कर दी गई मेडिकल लीव

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने सरकारी मेडिकल कॉलेजों में कार्यरत शिक्षकों की अवकाश व्यवस्था में बड़ा बदलाव करते हुए नई नीति लागू कर दी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार मेडिकल शिक्षकों को मिलने वाला शैक्षणिक अवकाश (एकेडमिक लीव) अब 20 दिनों के स्थान पर केवल 8 दिन ही मिलेगा।

यह अवकाश विश्वविद्यालयों, प्रशिक्षण संस्थानों, सम्मेलनों, परीक्षा ड्यूटी तथा निरीक्षण कार्यों में भाग लेने के लिए लिया जा सकेगा। नई व्यवस्था के तहत ऐसे अवकाश के दौरान यात्रा भत्ता, दैनिक भत्ता तथा अन्य खर्चों का वहन भी अब राज्य सरकार नहीं करेगी। जानकारी के अनुसार सरकार ने पहली अप्रैल 2026 अथवा उसके बाद नियुक्त होने वाले सहायक प्राध्यापकों के लिए समर और विंटर वेकेशन का नया प्रारूप भी निर्धारित किया है। नई व्यवस्था के अनुसार इन शिक्षकों को वर्षभर में कुल 35 दिन का अवकाश मिलेगा, जिसमें 7 दिन का ग्रीष्मकालीन तथा 28 दिन का शीतकालीन अवकाश शामिल होगा।

इसके साथ ही अर्जित अवकाश (ईएल) में भी कटौती की गई है। अब नए नियुक्त शिक्षकों को प्रतिवर्ष 30 के बजाय केवल 15 अर्जित अवकाश ही मिलेंगे। हालांकि इससे पहले नियुक्त शिक्षकों पर पुरानी व्यवस्था ही लागू रहेगी।

- अब मेडिकल शिक्षकों को वर्षभर में कुल 35 दिन का ही मिलेगा अवकाश

### मेडिकल शिक्षक संघ ने जताया विरोध

**प्रदेश** सरकार के इस निर्णय के बाद मेडिकल शिक्षक संघ ने विरोध के स्वर तेज कर दिए हैं। संघ का कहना है कि अवकाश में कटौती से शिक्षकों की शैक्षणिक गतिविधियों और पेशेवर विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसी मुद्दे को लेकर आईजीएमसी मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर नई अवकाश नीति पर पुनर्विचार करने की मांग की है।

# पूर्व केंद्रीय अर्धसैनिक कल्याण संगठन के चुनाव 7 जून को

अनंत ज्ञान

**बड़ूही (ऊना)।** पूर्व केंद्रीय अर्धसैनिक कल्याण संगठन, ऊना की नई कार्यकारिणी के गठन के लिए चुनाव प्रक्रिया 7 जून 2026 को आयोजित की जाएगी। संगठन के सचिव सहायक समादेष्टा सरवन सिंह ने बताया कि चुनाव प्रातः 9:30 बजे झलेड़ा स्थित कम्युनिटी हॉल में संपन्न होंगे। यह कम्युनिटी हॉल घालुआल रोड पर प्राथमिक विद्यालय के समीप स्थित है। उन्होंने बताया कि जिले के सभी सेवानिवृत्त अर्धसैनिक बलों के जवानों, पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों से चुनाव प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी की अपील की गई है। संगठन का उद्देश्य ऐसे ईमानदार, कर्मठ और जिम्मेदार व्यक्तियों को कार्यकारिणी में शामिल करना है, जो सदस्यों के हितों और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें। सरवन सिंह ने कहा कि संगठन लगातार पूर्व अर्धसैनिक कर्मियों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए प्रयासरत है। नई कार्यकारिणी का गठन संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा सदस्यों के हितों की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने बताया कि नामांकन प्रक्रिया की निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बावजूद अभी तक किसी भी पद के लिए कोई नामांकन पत्र दाखिल नहीं हुआ है। ऐसे में संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से होने की संभावना प्रबल मानी जा रही है। संगठन ने अपने सभी सदस्यों से आग्रह किया है कि वे अपने आसपास रहने वाले सेवानिवृत्त अर्धसैनिक कर्मियों, वीर नारियों और अन्य पात्र सदस्यों को भी चुनाव में भाग लेने के लिए प्रेरित करें, ताकि संगठन को मजबूत और प्रभावी नेतृत्व मिल सके।

रिव्यू

## सचिवालय में लोक लेखा समिति की दो दिवसीय बैठकों का आयोजन

# वन-लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा की लोक लेखा समिति की दो दिवसीय बैठकों का आयोजन 2 एवं 3 जून को विधानसभा सचिवालय के मुख्य समिति कक्ष में किया गया। बैठकों की अध्यक्षता समिति के सभापति अनिल शर्मा ने की। इस दौरान समिति के सदस्यों रणधीर शर्मा, संजय रत्न, जीत राम कटवाल, मलेंद्र राजन, चंद्रशेखर, कैप्टन रणजीत सिंह तथा कमलेश ठाकुर ने भाग लेकर विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक के दौरान विधानसभा सचिवालय के अनुभाग अधिकारी धर्मपाल ठाकुर भी उपस्थित रहे। समिति ने वन विभाग तथा लोक निर्माण विभाग से संबंधित प्राप्त विभागीय उत्तरों और अभिलेखों का गहन परीक्षण किया तथा विभिन्न मामलों पर विचार-विमर्श करते हुए आवश्यक सुझाव एवं टिप्पणियां दर्ज कीं।


हिमाचल प्रदेश विधानसभा सचिवालय के मुख्य समिति कक्ष में आयोजित हुई लोक लेखा समिति की बैठक। अनंत ज्ञान

लोक लेखा समिति ने विभागों की वित्तीय कार्यप्रणाली, योजनाओं के क्रियान्वयन तथा सार्वजनिक धन के उपयोग से जुड़े मामलों की समीक्षा करते हुए पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। समिति द्वारा की गई यह समीक्षा प्रक्रिया प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी एवं उत्तरदायी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

- प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी एवं उत्तरदायी बनाने पर दिया जोर

# कांग्रेस ने बौखलाहट में मंडी से ईएनसी कार्यालय हटाया: जम्वाल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जमवाल ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू नगर निगम, जिला परिषद और पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों में कांग्रेस की हार से बौखला गए हैं और राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से मंडी जिले के हितों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल शक्ति विभाग के ईएनसी परियोजना कार्यालय को मंडी से फतेहपुर (कांगड़ा) स्थानांतरित करने का निर्णय इसका ताजा उदाहरण है। जमवाल ने कहा कि भाजपा का कांगड़ा से कोई विरोध नहीं है, लेकिन वर्षों से मंडी में संचालित कार्यालय को हटाने के पीछे सरकार कोई ठोस कारण नहीं बता पा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह प्रशासनिक नहीं बल्कि राजनीतिक फैसला है। उन्होंने कहा कि मंडी नगर निगम चुनाव में कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा, जबकि जिला परिषद चुनावों में भी भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने बेहतर प्रदर्शन किया। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने पिछले साढ़े तीन वर्षों में प्रदेश के विकास को प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि अनेक संस्थानों को डिनोटिफाई किया गया, विकास कार्यों की गति धीमी हुई और विभिन्न वर्ग सरकार की नीतियों से असंतुष्ट हैं। राकेश जमवाल ने चेतावनी दी कि यदि मंडी के साथ कथित भेदभाव जारी रहा और इस निर्णय को वापस नहीं लिया गया तो भाजपा सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेगी।

